राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 62
लखनऊ, गुरूवार 12 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



आग से झुलसे मासूम की उपचार के दौरान मौत 10

भारत का लोकतंत्र मजबूत है : पंकज चौधरी 03

संक्षिप्त समाचार

शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथधाम के कपाट

केदारनाथधाम (उत्तराखंड)। हिमालय की गोद में बसे बाबा केदानाथ के पवित्र धाम के कपाट शीतकाल के लिए पारंपरिक अनुष्ठान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आज सुबह 8:30 बजे बंद किए गए। बाबा केदार की उत्सव डोली (चल विग्रह उत्सव डोली) अब ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर जाएगी। ओंकारेश्वर मंदिर सर्दियों के दौरान भगवान का निवास स्थान होता है। कपाट बंद होने का यह अवसर भाई दूज के दिन पड़ा। अब बाबा केदार की उत्सव डोली को ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर ले जाया जाएगा, जहां सर्दियों के महीनों में भगवान की पूजा-अर्चना की जाएगी। अगले साल मंदिर के फिर से खुलने तक जिला पुलिस बल केदारनाथ में तैनात रहेगा।

डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे मजबूती के साथ बंद

नई दिल्ली,एजेंसी। घरेलू विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार (फॉरेक्स मार्केट) में आज भारतीय मुद्रा रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शानदार मजबूती दर्ज की है। घरेलू शेयर बाजार में आई शानदार तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से मिल रहे मजबूत सपोर्ट से भारतीय करेंसी को बड़ा सहारा मिला। दिनभर के कारोबार के बाद भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले बंद भाव 93.94 के मुकाबले 0.25 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत की जोरदार मजबूती के साथ 93.69 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। आज सुबह इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा 21 पैसे की बढ़त के साथ 93.73 प्रति डॉलर के स्तर पर खुली थी।

सीआरपीएफ पेट्रोलिंग पार्टी पर गोलीबारी, दो घायल

कुलगाम, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर एक चेकपॉइंट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने गोलीबारी की, जिसमें दो सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि घटना दोपहर करीब 2:15 बजे घटी, जब हमलावरों ने सीआरपीएफ जवानों पर गोलीबारी की और मौके से फरार हो गए। घायल जवानों को इलाज के लिए अनंतनाग जिले के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में और जानकारी की प्रतीक्षा है।

ईरान ने दुनिया को दिखाई अपनी 'मिसाइल सिटी'

तेहरान, एजेंसी। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने एक नए भूमिगत 'मिसाइल सिटी' का अनावरण किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस भूमिगत ठिकाने में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उनके प्रक्षेपण तंत्र भी रखे गए हैं। समाचार एजेंसी तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार, इस सुविधा के अनावरण के दौरान ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अली अब्दोल्लाही और आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल माजिद मूसवी मौजूद रहे। हालांकि, रिपोर्ट में इस भूमिगत ठिकाने के स्थान और वहां मौजूद मिसाइलों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल होसैन मोहेब्बी ने हाल ही में कहा था कि मिसाइलों और ड्रोन के निर्माण से जुड़ी सभी सुविधाओं को भूमिगत किया जाएगा।

दीपावली पर आतिशबाजी के विरोधियों को सीएम ने दिया जवाब

अरे प्रदूषण हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा: योगी



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अगर पब्लिक एक दिन आतिशबाजी कर ले तो प्रदूषण हो गया? अरे हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा...। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। सीएम योगी ने इस दौरान राजस्व विभाग के लिए चुने गए 1146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि का भी वितरण किया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने दीपावली पर पटाखे जलाने के मुद्दे पर भी अपने अंदाज में जवाब दिया।

सीएम योगी ने कहा, साल 2017 से पहले कोई भी त्योहार आता था, चाहे होली हो, दीपावली हो, विजयादशमी हो, जन्माष्टमी हो, शिवरात्रि हो, क्रिसमस हो, ईद हो, गुरु पर्व हो या मकर संक्रांति, हर त्योहार से पहले दंगे शुरू हो जाते थे। पीएसी बल दंगाइयों का काल था, लेकिन समाजवादी पार्टी की सरकार ने यूपी पीएसी की 34 कंपनियां भी समाप्त कर दी। महीनों-महीनों तक कर्फ्यू लगे रहते थे, लेकिन अब आपने देखा होगा कि धनतेरस के दिन पूरी मार्केट में चहल-पहल थी। अयोध्या का दीपोतस्व शानदार रहा अपने भाषण में सीएम योगी ने आगे कहा, आप सभी ने दीपावली मनाई और कुछ लोग कह रहे हैं कि पटाखे जलाने से प्रदूषण हो गया। अरे प्रदूषण हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा। काहे चिंता कर रहे हो, जिन लोगों ने अपने भ्रष्ट कारनामों से पूरे सिस्टम को प्रदूषित किया, उन्हें कोई नहीं बोलता। अगर लोगों ने एक दिन पटाखे जला लिए तो प्रदूषण हो गया, अरे हुआ है तो खत्म भी हो जाएगा। अच्छा हुआ, लोगों ने खूब आतिशबाजी की और दीपावली धूमधाम से मनाई। हमने भी कोई प्रतिबंध नहीं लगाया, खूब आतिशबाजी करो। मैं भी अयोध्या में आतिशबाजी में था। जब कुछ गलत होता है तो कुछ नहीं, लेकिन अगर कोई त्योहार मनाता है तो प्रदूषण याद आता है। सीएम योगी ने कार्यक्रम में कहा, पहले की सरकारों में कर्फ्यू की वजह से व्यापार प्रभावित होता था, त्योहार प्रभावित होते थे। लेकिन, पिछले साढ़े 9 साल में नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में अब सब चंगा। अकेले राजस्व विभाग में अभी तक 10836 नियुक्तियां हुई हैं। 1146 नियुक्तियां आज हो रही हैं। आने वाली 26 जनवरी तक हर पांचवें दिन नियुक्ति पत्र बांटने का कार्यक्रम इसी तरह चलता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने वितरित किये नियुक्ति पत्र



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीएसएससी से राजस्व विभाग के लिए चयनित एक हजार 146 कनिष्ठ सहायकों को बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके साथ ही कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत चार हजार 300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरित की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब प्रतिभा को उसके अनुरूप कार्य नहीं मिलता था तो वह पलायन करती थी। प्रदेश का युवा देश और दुनिया को अपनी मेहनत का लाभ देता था। यूपी विपन्न रहता था। योगी ने कहा कि 2017 के पहले शासन में मुन्ना भाई बैठे थे। नियुक्ति प्रक्रिया में भी ऐसे ही होता था। परीक्षा कोई देता, नियुक्ति पत्र कोई और ले जाता था। शासन में शिकायत करते थे। ये पाप शासन ही करवाता था। फिर आप न्यायालय जाते थे। न्यायालय स्टे करता था। गलत काम करने वाला पैसा लेकर विदेशी बैंकों में जमा कर देता था। उनकी प्रॉपर्टी दुनिया में बढ़ती थी। यूपी का युवा ठगा जाता था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को चलाने के लिए जितने अधिकारियों- कर्मचारियों की जरूरत होती थी, उतने थे ही नहीं। 2017 में मैं गृह विभाग की बैठक ले रहा था। मुझे बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में ही डेढ़ लाख पद खाली हैं। उस समय की सपा सरकार ने दंगाइयों की काल मानी जाने वाली पीएसी बटालियन की 34 कम्पनियां समाप्त कर दी थीं। चार बार के सपा सरकार के कालखंड में 1500 दंगे हुए थे। योगी ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव आपने देखा होगा। आप लोगों ने दीपावली मनाई और बहुत सारे लोग कह रहे हैं, इससे प्रदूषण हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हुआ तो समाप्त भी हो जाएगा, वो समस्या नहीं है। अच्छा किया लोगों ने, बहुत धूमधाम और धड़ाके के साथ दीपावली मनाई। खूब आतिशबाजी की और हम लोगों ने कहा, कोई प्रतिबंध नहीं लगाएंगे, खूब आतिशबाजी हुई। यह सत्यनिष्ठा का परिणाम है कि नियुक्ति पत्र आज आपको प्राप्त हो रहा है। यह उसी सत्यनिष्ठा का परिणाम है कि हम लोगों ने सिंडिकेट को तोड़ा है। उसके खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उसके हर गुर्गे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। तब यूपी के अंदर हर परीक्षा का परिणाम पारदर्शी तरीके से, समयबद्ध तरीके से घोषित हो जा रहे हैं । इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

होश में आया राष्ट्रपति का बॉडीगार्ड सौरभ, बताई खौफनाक कहानी

एजेंसी,बागवत।

दीपावली की रात हुए विवाद में राष्ट्रपति भवन में तैनात सैनिक सौरभ को गांव के ही रहने वाले धीरज ने गोली मार दी थी। सौरभ को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अब सौरभ खतरे से बाहर है और सौरभ ने एक वीडियो जारी कर पूरी घटना के बारे में बताया। वीडियो में सौरभ ने बताया कि वह राष्ट्रपति भवन की घुड़सवार यूनिट में तैनात हैं। सौरभ ने बताया कि जिसने उसे गोली मारी थी वह गांव का ही रहने वाला धीरज है। सौरभ ने बताया कि वह खतरे से बाहर है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, 8 नवंबर की रात गोपालपुर खड़ाना गांव निवासी विनीत और उसका दोस्त धीरज शराब



पी रहे थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। शराब के नशे में शुरू हुई बहस देखते ही देखते गाली-गलौज में बदल गई और विवाद बढ़ने लगा।

दीपावली की रात दोस्तों के बीच शुरू हुआ विवाद गोलीकांड में बदल गया था। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे सैनिक सौरभ के सिर में गोली लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

छठ घाट का आज उद्घाटन करेंगे नितिन नवीन



एजेंसी,नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन गुरुवार (12 नवंबर) को मुनक नहर के किनारे 11 किलोमीटर लंबे छठ घाट उद्घाटन करेंगे। इस घाट का निर्माण दिल्ली सरकार ने कराया है। यह न केवल राजधानी का सबसे लंबा छठ घाट होगा, बल्कि देश में किसी नहर के किनारे विकसित होने वाला अपनी तरह का पहला और अनूठा आयोजन स्थल भी होगा। सिंगलपुर गांव के निकट लेबर चौक, मुनक नहर, शालीमार बाग में दोपहर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार के मंत्री व अन्य उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि मुनक नहर का यह कायाकल्प केवल निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित पड़े क्षेत्र को आस्था, स्वच्छता, हरियाली और जनसुविधाओं के बड़े केंद्र में बदलने का प्रयास है। कभी गंदगी, मलबे और झाड़ियों से घिरी रहने वाली नहर को नया जीवन देने के लिए सरकार ने व्यापक सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अनुपयोगी पड़े नहर के इस हिस्से से करीब 1,400 ट्रक मलबा, कचरा और अन्य गंदगी निकाली गई।

छठ पर यात्रियों के लिए रेलवे ने बढ़ाई विशेष ट्रेनों की संख्या



नई दिल्ली,एजेंसी।

- दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों से बुधवार को 31 और गुरुवार को चलेंगी 29 विशेष रेलगाड़ियां

छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर व्यापक इंतजाम किए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन बढ़ाया गया है। बुधवार को दिल्ली क्षेत्र से कुल 31 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी, जबकि गुरुवार को 29 विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ और मांग के अनुसार अल्प सूचना पर अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियां भी चलाई जाएंगी। उत्तर रेलवे के अनुसार, बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 10, आनंद विहार टर्मिनल से आठ, शकूरबस्ती से सात, हजरत निजामुद्दीन से चार, दिल्ली जंक्शन से एक और रोहतक से एक विशेष रेलगाड़ी रवाना होगी। इसी तरह, 12 नवंबर को दिल्ली क्षेत्र से चलने वाली 29 विशेष रेलगाड़ियों में नई दिल्ली से सात, आनंद विहार टर्मिनल से सात, शकूरबस्ती से पांच, हजरत निजामुद्दीन से पांच, दिल्ली जंक्शन से तीन, रोहतक से एक और दिल्ली सराय रोहिल्ला से एक रेलगाड़ी शामिल है।

रेलवे ने बताया कि मंगलवार, 10 नवंबर को भी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ की निगरानी के बाद पहले से निर्धारित 27 विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त अल्प सूचना पर तीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं। उत्तर रेलवे के अधिकारी बुधवार को भी दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही और भीड़ की लगातार निगरानी कर रहे हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाने की व्यवस्था की जाएगी।


13-14 नवंबर को प्रधानमंत्री का दो राज्यों का दौरा

कर्नाटक को 15600 करोड़ की देंगे सौगात

- गुजरात में अंबाजी मंदिर का भी दर्शन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 और 14 नवंबर को कर्नाटक और गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह कर्नाटक में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन,



नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी बिजली आपूर्ति परियोजनाएं, एलपीजी भंडारण सुविधा, रेलवे परियोजनाएं और कचरा प्रबंधन से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। वह बेंगलुरु-मैंगलुरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 13 नवंबर को सुबह करीब 10:45 बजे बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वह स्वर्ण जयंती प्रशासनिक भवन की आधारशिला रखेंगे तथा केरल के तिरुवनंतपुरम में एस-व्यासा के नए परिसर का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब 12:45 बजे तवरेकेरे से आईआईएम बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो यात्रा करेंगे और बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन करेंगे। करीब 1:15 बजे वह 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। करीब 3,470 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पिंक लाइन केलेना अग्रहारा से तवरेकेरे तक विस्तारित है। इससे बेंगलुरु में शहरी परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी, यात्रियों का समय बचेगा और रोजाना आवागमन आसान होगा। प्रधानमंत्री करीब 4,450 करोड़ रुपये की लागत से तैयार कोप्पल-द्वितीय और गदग-द्वितीय नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली पहुंचाने की परियोजना तथा करीब 1,370 करोड़ रुपये की लागत से विकसित बीदर सौर ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पहुंचाने की परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं से संबंधित क्षेत्रों में क्रमशः करीब दो गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 2.5 गीगावाट सौर ऊर्जा को बिजली ग्रिड तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। मोदी 3,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दावणगेरे-चित्रदुर्ग और बल्लारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली पहुंचाने की योजना तथा 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दावणगेरे और बल्लारी में अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बिजली ग्रिड से जोड़ने की परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री मैंगलुरु में देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी इस सुविधा की भंडारण क्षमता 80 हजार मीट्रिक टन है।

लिथियम-आयन बैटरी ब्लैक मास के निर्यात पर प्रतिबंध

एजेंसी,नई दिल्ली।

- ब्लैक मास की रीसाइक्लिंग और शोधन देश के भीतर करना प्रतिबंध का उद्देश्य

वाणिज्य विभाग के विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने आईटीसी (एचएस) कोड 85491400 के अंतर्गत आने वाले लिथियम-आयन बैटरी ब्लैक मास के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिसूचना के माध्यम से इस मद की निर्यात नीति में तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक बदलाव करते हुए इसे 'मुक्त' श्रेणी से हटाकर 'प्रतिबंधित' श्रेणी में रखा गया है।

इसके अंतर्गत प्राथमिक सेल, प्राथमिक बैटरियों और विद्युत संचायकों के अपशिष्ट एवं स्क्रैप के साथ-साथ इस्तेमाल की जा चुकी ऐसी सेल, बैटरियां और संचायक शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग श्रेणियों में छांटा नहीं गया है तथा जिनमें सीसा, कैडमियम या पारा विद्यमान नहीं है। निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में उत्पादित ब्लैक मास की रीसाइक्लिंग और शोधन देश के भीतर ही किया जाए।

इस कदम से घरेलू रीसाइक्लिंग एवं शोधन इकाइयों के लिए फीडस्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित होने, उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग होने तथा इस सेक्टर में अतिरिक्त निवेश और रोजगार को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। इससे लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की घरेलू स्तर पर पुनर्प्राप्ति बढ़ेगी, जिससे आयात पर निर्भरता और उससे संबंधित विदेशी मुद्रा व्यय में कमी आएगी।

असम ट्रेन हादसा: रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर



कोलकाता,एजेंसी।

असम में कोलकाता से मिजोरम (आइजोल) जा रही साइरंग एक्सप्रेस (13125) के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यात्रियों के परिजनों की मदद और उन्हें सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए रेलवे ने कई स्टेशनों पर तत्काल प्रभाव से हेल्प डेस्क स्थापित कर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इस ट्रेन में बंगाल के भी कई यात्री सवार थे, जिसके कारण उनके रिश्तेदारों में भारी चिंता का माहौल है। सियालदह स्टेशन के हेल्पलाइन नंबर 033-23833326 और 033-23509643 हैं। इसके अलावा उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार जंक्शन स्टेशन पर भी हेल्प डेस्क शुरू किया गया है।

तालाब में गिरी मकान की दीवार, मलबे में दबकर दो बच्चियों की मौत

वाराणसी। प्रदेश के वाराणसी जिले के रोहनिया थाना क्षेत्र के बच्छांव में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। तालाब किनारे बने एक मकान की दीवार अचानक ढहकर तालाब में गिर गयी। हादसे के दौरान मकान में सो रहा परिवार मलबे में दब गया। इस घटना में दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता घायल हो गए। करीब आठ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बुधवार सुबह एनडीआरएफ की टीम ने दोनों बच्चियों के शव बरामद किए। जानकारी के अनुसार, सिराजुद्दीन का बच्छांव तालाब के किनारे चार कमरों का मकान है। मकान के अगले हिस्से में टिनशेड भी लगा हुआ है। इसी हिस्से में सिराजुद्दीन का बेटा अजरुद्दीन अपनी पत्नी तबस्सुम, दो बेटियों आफिया (6) और फलक (4), एक अन्य बेटी रोशनी तथा एक बेटे के साथ रहता था। मंगलवार देर रात अचानक मकान की दीवार भरभराकर तालाब में गिर गई।

निर्माण कार्य

8.449 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर पर 2,390 करोड़ होंगे खर्च

नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को मंजूरी

नई दिल्ली,एजेंसी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दे दी। इस परियोजना के तहत 8.449 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिस पर 2,390 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मार्ग में पांच नए स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके चालू होने से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 71.878 किलोमीटर हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के



फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इस मेट्रो कॉरिडोर से क्षेत्र में स्थापित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योगों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। इससे आसपास के वाणिज्यिक केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और आवासीय क्षेत्रों तक पहुंच भी आसान होगी। प्रस्तावित कॉरिडोर में पार्थला चौक, गौर चौक, एक मूर्ति चौक सहित पांच प्रमुख स्थानों पर स्टेशन बनाए जाएंगे। इससे इन चौराहों पर लगने वाले यातायात जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में कई बड़ी कंपनियों और कार्यालयों के साथ मीडिया संस्थान भी स्थित हैं। मेट्रो विस्तार से यहां काम करने वाले कर्मचारियों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को लाभ होगा।

परियोजना के तहत नोएडा सेक्टर-61 पर ब्लू लाइन मेट्रो के साथ इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों को दिल्ली और एनसीआर के अन्य हिस्सों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। इस कॉरिडोर से गौर सिटी मॉल, एचएंडएस मॉल, ब्लू सफायर मॉल, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 के व्यावसायिक केंद्रों और नोएडा सेक्टर-51 स्थित आईकेईए सहित प्रमुख वाणिज्यिक स्थलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टीसीएल टेक और ऑयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड जैसे प्रमुख संस्थानों, दिल्ली पब्लिक स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थानों तथा कैलाश अस्पताल, क्लाउडनाइन अस्पताल और रामा अस्पताल जैसे स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। नोएडा सेक्टर-122 की क्लियो काउंटी और ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-1 एवं गौर सिटी-2 जैसी आवासीय सोसायटियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार से सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा और यात्रा समय में कमी आएगी। इससे सड़क सुरक्षा में सुधार के साथ-साथ पारंपरिक ईंधन से चलने वाले वाहनों के मुकाबले कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी मदद मिलेगी। बेहतर परिवहन संपर्क से स्थानीय कारोबार, निवेश और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

संक्षिप्त खबरें

मकान में लगी आग,दमकल टीम ने पाया काबू

बहराइच समृद्धि न्यूज़ दरगाह थाना क्षेत्र के मंसूरगंज इलाके में बुधवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। दमकल टीम ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मंसूरगंज में बड़ी तकिया के पास रहने वाले कलीम अहमद के मकान में दोपहर करीब 2 बजे आग लगी। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। लपटे देख आसपास के लोग मौके पर जुटे और आग बुझाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग को फैलने से रोका। तब तक मकान में रखा गृहस्थी का सामान जल चुका था। कलीम अहमद के मुताबिक आग से 3 लाख रूपए का सामान नष्ट हुआ है। जिला अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल टीम को मौके पर भेजा गया था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

बहराइच समृद्धि न्यूज़ नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर मंगलवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के जालिमनगर गांव निवासी राहुल सैनी (30) पुत्र रामलाल मंगलवार शाम बाइक से नानपारा जा रहे थे। इसी दौरान रस्तोगी ईंट भट्ठे के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, राहुल अयोध्या गांव निवासी एक बीमार व्यक्ति का हालचाल लेने नानपारा जा रहे थे। चिकित्सकों ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है।

जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को दिखा बाघ

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जनपद के कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार में 2 नवंबर से पर्यटन सत्र की शुरुवात हुई है तब से अब तक आधा दर्जन पर्यटकों के दलों को जंगल सफारी के दौरान बाघ, तेंदुआ, हाथी के दीदार हुए हैं। बुधवार को सुबह जंगल सफारी करने अपने परिवार के साथ निकलने लखनऊ के पर्यटक अशोक कुमार, प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा फ़ार्मासिस्ट संघ को टाइगर की साइटिंग हुई जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने कैमरे में कैद कर लिया। उन्होंने बताया कि वे स्थानीय स्टाफ ललित सिंह के साथ अपने परिवार को लेकर जंगल सफारी पर निकले थे इस दौरान उन्होंने चीतल और टाइगर को देखा। यह खूबसूरत दृश्य देखकर वे सभी काफी रोमांचित हुए। उन्होंने बताया कि कतर्नियाघाट पर्यावरण के लिहाज से काफी अच्छी जगह है यहाँ पर दुर्लभ जीवों का भी ठिकाना है जो लोगों के लिए काफी अच्छी जगह है। उन्हें मौका मिला तो वो बहुत जल्द एक बार फिर कतर्नियाघाट घूमने आएंगे।

50 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बहराइच समृद्धि न्यूज़ भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने 50 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने 11 नवंबर को आईसीपी बाईपास मोड़ के पास जांच अभियान चलाया। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने बच्चन खां पुत्र हमीद खां निवासी ग्राम निधि नगर पोखरा, थाना रुपईडीहा, उम्र करीब 50 वर्ष को दोपहर लगभग 2:30 बजे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

कतर्नियाघाट में दिखा दुर्लभ रेड कोरल कुकरी सांप

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जंगल से सटे गांव में स्थित नलकूप कक्ष में लाल रंग का दुर्लभ सांप बुधवार को दिखा। इसे रेड कोरल कुकरी नाम से भी जाना जाता है। यह बहुत कम संख्या में पाया जाता है। कतर्निया में इसके दिखने से वन्यजीव प्रेमी भी गदगद हैं। सुजौली के बर्दिया गांव के नलकूप कक्ष में लाल रंग का दुर्लभ सांप दिखाई दिया। इसे रेड कोरल कुकरी बताया जा रहा है। सांप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। विशेषज्ञ बताते है कि सबसे पहले रेड कोरल कुकरी सांप नार्थ खीरी में वर्ष 1936 में देखा गया था। उसके बाद वर्ष 2024 में नेचर एनवायरमेंट एंड वाइल्ड लाइफ सोसाइटी (न्यूज) की टीम को बिछिया निशानगाड़ा मार्ग पर यह सांप दिखा था और अब बर्दिया में दिखाई दिया है। स्नेक एक्सपर्ट अभिषेक ने बताया कि ये सांप रात में निकलते हैं और यह जहरीले नहीं होते हैं।

युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से धान काटने खेत गई युवती को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रायबरेली के एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के एक गाँव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 नवंबर की दोपहर करीब दो बजे उनकी 18 वर्षीय पुत्री प्रीति धान काटने के लिए खेत की ओर गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने पर पता चला कि रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ (तहसील महाराजगंज) क्षेत्र के ग्राम घरसारा निवासी गौरव शुक्ला पुत्र अरविंद शुक्ला उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

जनपद के 91 किसान परिवारों को 4 करोड़ 55 लाख की सहायता राशि वितरित, 20 नवचयनित कनिष्ठ सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद बाराबंकी में किसानों एवं उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने तथा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जनपद के 91 पात्र लाभार्थियों को कुल 4 करोड़ 55 लाख की आर्थिक सहायता लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदान की गई। इसके साथ ही राजस्व विभाग में नवचयनित 20 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत दुर्घटना के कारण प्रभावित किसान परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य पात्र किसान परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देना तथा संकट की घड़ी में उनकी सहायता करना है।इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद की लाभार्थी श्रीमती रीता सिंह, पत्नी स्वर्गीय अनिल कुमार वर्मा को भी मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रतीकात्मक रूप से पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। तहसीलवार लाभार्थियों एवं वितरित सहायता राशि का विवरण जनपद की तहसील नवाबगंज में 13 लाभार्थियों को 65 लाख, रामसनेहीघाट में 12 लाभार्थियों को 60 लाख तथा फतेहपुर तहसील में 10 लाभार्थियों को 50 लाख की सहायता राशि वितरित की गई।इसी क्रम में हैदरगढ़ तहसील के 27 लाभार्थियों को 1 करोड़ 35 लाख, रामनगर तहसील के 25 लाभार्थियों को 1 करोड़ 25 लाख तथा सिरौलीगौसपुर तहसील के 4 लाभार्थियों को 20 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई।इस प्रकार जनपद की सभी छह तहसीलों में कुल 91 लाभार्थियों को 4 करोड़ 55 लाख की सहायता राशि वितरित की गई। 20 कनिष्ठ सहायकों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्व विभाग में नवचयनित जनपद बाराबंकी के 20 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए यह उनके परिश्रम, लगन एवं मेहनत का परिणाम है। इनके योगदान से जनपद की राजस्व एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।मुख्यमंत्री जी ने नवनियुक्त कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ करें। आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें तथा शासकीय सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

सांसद तनुज पुनिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्रियों की जयंती दी भावभीनी श्रद्धांजलि



समृद्धि न्यूज

बाराबंकी। सांसद कैम्प कर्यालय ओबरी, पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्व. महावीर प्रसाद पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राज्यपाल और मौलाना अबुल कलाम आजाद जो कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री थे उनकी संयुक्त रूप से जयंती मनाई गई। दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि स्व. महावीर प्रसाद जी का संपूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा को समर्पित रहा। गोरखपुर के एक साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने अपनी मेहनत और संघर्ष के बल पर राष्ट्रीय राजनीति में एक विशिष्ट स्थान बनाया। बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से चार बार सांसद, केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल के रूप में उन्होंने सदैव समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। देश के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप मौलान अबुल कलाम आजाद के अथक प्रयासों को याद करते हुये श्री तनुज पुनिया ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद की वजह से ही आज हमारे देश में आईआईएम, आईआईटी (भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान), यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना हो सकी। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने ही इन शिक्षण संस्थानों की नींव रखी थी। इसके अलावा उन्होंने ललित कला अकादमी, साहित्य अकादमी, और संगीत नाट्य अकादमी की भी स्थापना की थी।

शांति भंग में छह गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार, 10 नवंबर को शांति भंग के मामले में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 135 एवं 126 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गैसड़ी पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में छोटा साथी गांव निवासी लालमन पुत्र सीताराम, रामपाल पुत्र धनीराम, मंशाराम पुत्र अनन्तराम, अनन्तराम पुत्र स्वर्गीय किशोरीलाल और अनू प्रसाद पुत्र छोटेलाल शामिल हैं।

भैया दूज पर जेल पहुंचीं बहनें,भाइयों को लगाया तिलक

सुरक्षा जांच के बाद कराई गई मुलाकात

समृद्धि न्यूज



बहराइच। जिले में बुधवार को भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। दोपहर करीब 12 बजे दूर दराज के इलाकों से महिलाएं रायपुर राजा स्थित जिला कारागार पहुंची।वे जेल में बंद अपने भाईयों को तिलक लगाने आई थी। सुबह से ही जेल के बाहर महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी। भाई दूज पर जिला कारागार पहुंची महिलाओं को प्रशासन ने सुरक्षा जांच के बाद तय प्रक्रिया के तहत अंदर प्रवेश दिया। बहनों ने भाइयों से मुलाकात कर उनके माथे पर तिलक लगाया और त्योहार की खुशियां साझा की। इस दौरान बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की। मुलाकात के लिए किए गए विशेष इंतजाम जेल अधीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि भैया दूज पर बंदियों से मिलने के लिए उनके कई परिजन पहुंचे। मुलाकात के दौरान किसी को परेशानी न हो इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मुलाकात कराई गई।

चौकी के सामने से ही ओवरलोड ई-रिक्शा भर रहे फर्राटा, पुलिस बनी मूकदर्शक

इससे पहले बैटरी ई रिक्शा से हादसा भी हो चुका है, जिसमें लोगों की जान भी जा चुकी है

समृद्धि न्यूज



बहराइच। रुपईडीहा थाना के बाबागंज चौकी क्षेत्र में ओवरलोड ई-रिक्शा चालकों की मनमानी राहगीरों और यात्रियों की जान पर भारी पड़ सकती है। यातायात नियमों को ताक पर रखकर चालक निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के साथ वाहनों पर भारी मात्रा में सामान भी लादकर फर्राटा भर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह नजारा बाबागंज पुलिस चौकी के ठीक सामने का है, जहां से प्रतिदिन ऐसे वाहन गुजरते हैं, लेकिन जिम्मेदार पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने नजर आ रहे हैं। ओवरलोड सवारियों और सामान के कारण ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। तेज रफ्तार में दौड़ते ऐसे वाहन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। गौरतलब है कि बाबागंज क्षेत्र में पूर्व में नानपारा नेपालगंज हाईवे पर कुतुबुद्दीनपुर गाँव के पास ई-रिक्शा से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद बाबागंज चौकी प्रभारी के लापरवाही के कारण चालकों की मनमानी पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पुलिस चौकी के सामने ही यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं तो जिम्मेदार कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। क्या बाबागंज चौकी पुलिस किसी और बड़े हादसे का इंतजार कर रही है, आखिर चौकी के सामने से गुजरने वाले ओवरलोड ई-रिक्शा पर कार्रवाई का डंडा कब चलेगा अब देखना यह है

महंत प्रेमदास की कुटी पर 12 से 21 तक चलेगी रामचरित मानस महायज्ञ

समृद्धि न्यूज

हैदरगढ़ बाराबंकी। ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास की कुटी पर महंत 108 श्री लालता दास जी महाराज के संरक्षण में 12 से 21 नवम्बर तक चलने वाले श्री रामचरितमानस महायज्ञ के एक दिन पहले बुधवार को महंत लालतादास जी महाराज द्वारा कुटी पर से कलश यात्रा रवाना की गई ,जो कि सगरा मंदिर एवं रामेश्वरम शिवाला होते हुए मुख्य चौराहे से बाबा अवसानेश्वर आदि गंगा गोमती घाट पर पहुंची ।यहां पर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने अपने कलशो में जल भरा। जिसके बाद आचार्य पं अभय नाथ जी ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तदोपरांत यह यात्रा फिर से कार्यक्रम स्थल पर जाकर संपन्न हुई। पूरी कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम एवं हनुमान जी के जयकारे लगते रहे। गुरुवार से होगी हवन एवं कथा की शुरुआत चातुर्मास व्रत के समापन के अवसर पर 12 नवम्बर से बाबा लालता दास जी महराज के संरक्षण एवं श्री अंजनी नंदन जी की छत्रछाया में प्रतिदिन एक नवान्ह अर्थात पवित्र चौपाइयों द्वारा हवन व पूजन किया जाता है । यहां दूर-दराज से आए हुए तमाम मानस मर्मज्ञ एवं विद्वान तथा संत अपना प्रवचन करेंगे। इस कार्यक्रम की पूर्णाहुति एवं भंडारा 21 नवंबर को होगा। कलश यात्रा में उत्तराधिकारी महंत अखिलेश्वर दास, रामतीरथ दास, पंडित अजय नाथ शास्त्री पंडित अभय नाथ शास्त्री, जितेंद्र मिश्र, सच्चिदानंद मिश्रा, श्याम सुंदर, महेंद्र मिश्रा, कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, अमित शुक्ला, विष्णु सोनी ऋषभ चौरसिया, अंबिकेश सिंह राजेश सिंह शिवभीख सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

जनसंवाद से सुरक्षा और जागरूकता बढ़ा रही बलरामपुर पुलिस

सीपीयू टीम गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से संवाद कर सुरक्षा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति कर रही जागरूक

समृद्धि न्यूज



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बलरामपुर पुलिस कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) के माध्यम से विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों, व्यापारियों और ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान सीपीयू की टीमें लोगों को आत्मरक्षा, यातायात नियमों और पुलिस सहायता से जुड़ी जानकारियां दे रही हैं। साथ ही स्कूली वाहनों की जांच कर शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और सीपीयू प्रभारी का संपर्क नंबर भी लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान के तहत साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति को लेकर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और ओटीपी के जरिए होने वाली धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से बैंक खाते, एटीएम और अन्य गोपनीय जानकारियां किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने तथा सोशल मीडिया का सावधानी और जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की अपील की है। इसके अलावा सीपीयू टीम सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करने, स्वच्छता अभियान और मिशन शक्ति कार्यक्रमों में सहभागिता के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के अलग-अलग वर्गों से संपर्क बनाए हुए है। पुलिस का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने के साथ उनकी समस्याओं और सुझावों को सुनकर उनका समाधान करना है। बलरामपुर पुलिस ने आमजन से कम्यूनिटी पुलिसिंग कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने तथा अपने क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों से पुलिस को अवगत कराने की अपील की है, ताकि पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से सुरक्षित, जागरूक, सौहार्दपूर्ण एवं अपराधमुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

कंधों की पाठशाला, संघर्षशील युवाओं का करेगी मार्ग प्रशस्त-जिलाधिकारी

अभावों, संघर्षों और अदम्य संकल्प की जीवनगाथा 'कंधों की पाठशाला और मैं हारा नहीं'- विवेक नौटियाल

रत्नेश कुमार की आत्मकथा पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन, लोकार्पण

समृद्धि न्यूज





बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए के गांधी सभागार में समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश कुमार की आत्मकथा 'कंधों की पाठशाला और मैं हारा नहीं' का भव्य विमोचन एवं लोकार्पण जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त निदेशक (समग्र शिक्षा) विवेक नौटियाल, रेडक्रॉस सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के प्रदेश महासचिव रामानद कटियार तथा अवधी साहित्यकार डॉ. राम बहादुर मिश्र ने किया। समारोह में सैकड़ों विशिष्ट अतिथि, साहित्यकार, समाजसेवी, पत्रकार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि यह पुस्तक अभाव, संघर्ष और अटूट संकल्प की प्रेरक जीवनगाथा है। विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे युवाओं के लिए यह निश्चित रूप से प्रेरणास्रोत बनेगी। डीएम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अभिभावकों का अपने बच्चों पर नियंत्रण कम होता जा रहा है, उसके पीछे का एक प्रमुख कारण हमारी मातृ भाषा कमजोर होना है। मेरी मातृ भाषा चरित्र सिखाती है, यह कंधों की पाठशाला चरित्र निर्माण के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी। उन्होंने लेखक रत्नेश कुमार को इस आत्मकथा कृति के लिए बधाई दी. संयुक्त निदेशक विवेक नौटियाल ने कहा कि यह आत्मकथा सफलता के शिखरों का बखान मात्र नहीं, बल्कि गरीबी, सामाजिक विषमताओं और जीवन के गहरे संघर्षों के बीच अपनी राह बनाने की संवेदनशील एवं मर्मस्पर्शी कहानी है। उन्होंने कहा कि पुस्तक की आत्मा लेखक के पिता बिरजू हैं, जिन्होंने मां के निधन के बाद हल चलाते और ईंट-भट्ठों पर मजदूरी करते हुए बेटे को अपने कंधों पर पाल-पोसकर बड़ा किया। रेडक्रॉस के प्रदेश महासचिव रामानद कटियार ने कंधों की पाठशाला और मैं हारा नहीं आत्मकथा कृति के लिए रत्नेश कुमार को बधाई दी और कहा कि रत्नेश कुमार के जीवन संघर्षों से आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राम बहादुर मिश्र ने पिता बिरजू की ईमानदारी और स्वाभिमान को पुस्तक की सबसे बड़ी पूंजी बताया। वरिष्ठ साहित्यकार श्याम सुंदर दीक्षित ने कहा कि पुस्तक में लेखक के बचपन की भूख, गरीबी, जातिगत भेदभाव, मजदूरी, स्ट्रीट लाइट में पढ़ाई और संघर्ष करते हुए शिक्षा की ऊंचाइयां हासिल करने का जीवंत चित्रण है। पूर्व विधायक शिवकरन सिंह पुस्तक रचना की सराहना किया और बताया कि यह पुस्तक संघर्षों में साहस का एक उदाहरण प्रस्तुत क़र रही है। वहीँ साहित्यकार डॉ अर्जुन पांडेय, डॉ शिवम तिवारी , अजय सिंह ₹गुरू₹ डॉ. विनय दास, साहित्यकार इक़बाल राही, डॉ सुविद्या वत्स, डॉ विनय जैन सहित कई साहित्यकारों ने उस आत्मकथा पुस्तक रचना के लिए रत्नेश कुमार को बधाई दी और कहा कि यह कंधों की पाठशाला, विपरीत परिस्थितियों के युवाओं के जीवन में प्रकाश लाएगी। समारोह का संचालन व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया। रत्नेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आत्मकथा लेखन का उद्देश्य साझा किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक केवल एक व्यक्ति की संघर्षगाथा नहीं, बल्कि उन तमाम ईमानदार और संघर्षशील पिताओं के प्रति श्रद्धांजलि है, जिनके कंधों पर नई पीढ़ियों का भविष्य निर्मित होता है। इस अवसर पर वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार सिंह, सहयोगी पीजी कालेज के प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा, चीफ प्राक्टर डॉ विनोद गौतम, सिविल डिफेन्स के स्टॉफ ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार वर्मा, घटना नियंत्रण अधिकारी शिवानी वर्मा, जीजीआईसी की प्रवक्ता अंजू चौधरी, ओज कवि अंबरीश ₹अम्बर₹ ओपी वर्मा ओम, गीतकार साहब नरायण शर्मा, सोहन आजाद, डॉ राजीव श्रीवास्तव, डॉ शशि कुमार अवस्थी, सुन्दरलाल भारती, राममनोहर बालेश्वर कुमार सिंह, गोपाल चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के शिक्षक , चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता , सिविल डिफेंस के स्वयं सेवकों सहित सैंकड़ो विशिष्ट व्यक्ति, साहित्यकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में अमेठी के दो युवक गंभीर, रेफर

समृद्धि न्यूज

हैदरगढ़, बाराबंकी । नेशनल हाईवे-731 पर हैदरगढ़ नगर क्षेत्र में नहर कॉलोनी कट के पास बुधवार दोपहर बाद एक तेज रफ्तार अज्ञात ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शुकुल बाजार अंतर्गत मोहना गांव निवासी अरविंद (20 वर्ष) पुत्र प्रदीप और इसी गांव के निवासी राज पुत्र मनोज मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वे हैदरगढ़ नगर क्षेत्र में नहर कॉलोनी कट के पास पहुंचे, एक तेज रफ्तार अज्ञात ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

संक्षिप्त खबरें

सिपाही पर व्यापारी से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप

लखनऊ। राजधानी के रहीमाबाद थाने में तैनात सिपाही पर व्यापारी से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने जांच शुरू कर दी। हालांकि, वीडियो में दिख रहे व्यापारी ने रिश्वत देने से इनकार किया है। उसका कहना है कि सीसीटीवी फुटेज दो से तीन साल पुराना है और रकम सामान के लेनदेन से जुड़ी है। पुलिस की ओर से 11 नवंबर को जारी मीडिया अपडेट के मुताबिक, वायरल वीडियो ग्राम तेरवा निवासी अम्मार गाजी की दुकान का बताया गया है। पुलिस ने व्यापारी से पूछताछ की तो उसने किसी तरह की रिश्वत देने से इनकार किया। व्यापारी ने अपना पक्ष रखते हुए एक वीडियो भी पुलिस को दिया है। अम्मार के मुताबिक, उनकी मोरंग-गिट्टी की दुकान है। सिपाही प्रेम नारायण ने दुकान से सामान खरीदा था। इसके दो हजार रुपये उन्हें लौटाने थे। व्यापारी का दावा है कि वायरल सीसीटीवी फुटेज दो से तीन साल पुराना है। इसमें दिखाई गई रकम रिश्वत की नहीं, बल्कि सामान के लेनदेन से जुड़ी है। पुलिस के मुताबिक, सिपाही प्रेम नारायण रहीमाबाद थाने में सरकारी वाहन चालक के रूप में तैनात थे। थाने में अलग से चालक नियुक्त नहीं होने के कारण वह सरकारी वाहनों के संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनका थाना सैरपुर में तबादला कर तत्काल प्रभाव से रवाना कर दिया गया है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उन पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है। मामले की प्रारंभिक जांच एसीपी मलिहाबाद को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

राजमिस्त्री की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया

लखनऊ। राजमिस्त्री की मौत के बाद बुधवार सुबह परिजनों ने हंगामा किया। उन्होंने हत्या का केस दर्ज करने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। परिवार ने सरकारी जमीन का पट्टा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और बच्चों की मुफ्त पढ़ाई की मांग भी रखी। करीब साढ़े चार घंटे बाद एसीपी के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सुभाष (43) का अंतिम संस्कार किया गया। मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र के संत नगर गांव का है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम सुभाष घर से बीड़ी लेने निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मंगलवार सुबह खेत में उनका शव मिला। उनके गले में आधी पैंट फंसी थी और पैंट का दूसरा हिस्सा पेड़ से लटक रहा था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। परिजनों ने पड़ोस के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। बुधवार सुबह परिजनों ने केस दर्ज करने और सरकारी मदद की मांग को लेकर हंगामा शुरू किया। मौके पर पहुंचे एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह ने उनसे बात की। ज्ञानेंद्र सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई और राजस्व विभाग के जरिए परिवार को मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी और परिवार को हर संभव मदद दिलाने की कोशिश होगी।

भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया

लखनऊ । राजधानी में बुधवार को भाई दूज मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार और दक्षिणा दी। सुबह से शहर के मुख्य बाजारों और मुख्य रास्तों पर त्योहार की रौनक रही। अलमबाग, निशातगंज और रकांबगंज के बाजारों में मिठाई, लाई, चूरा, मिठाई की कुल्हिया और पूजा का सामान खरीदा गया। बहनों ने स्नान के बाद पूजा की और भाइयों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे पति और बच्चों के साथ मायके पहुंचीं। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक-रोचना लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने बहनों को उपहार और दक्षिणा देकर उनका मान रखा। उन्होंने बहनों के साथ जीवनभर सहयोग करने और सुख-दुख में साथ देने का वचन दिया। इस मौके पर जिला कारागार में बंद भाइयों को तिलक लगाने के लिए सुबह से ही बहनों की भीड़ पहुंचने लगी। जेल के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। जेल प्रशासन ने मुलाकात के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रशासन की ओर से ही मुलाकात के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। कड़ी निगरानी के बीच बहनों को भाइयों से मिलवाया जा रहा है। भाई दूज पर घर पहुंचने के लिए सुबह से ही आलमबाग बस स्टैंड और चारबाग रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ रही। लोग अपने भाई-बहनों और परिजनों के साथ त्योहार मनाने के लिए यात्रा करते नजर आए। बसों और ट्रेनों में भी यात्रियों की आवाजाही बढ़ी रही। त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली। मिठाई की दुकानों, गिफ्ट गैलरी और कपड़ों की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ लगी रही। बहनों ने भाइयों के लिए मिठाई और उपहार खरीदे। बाजारों में पूरे दिन त्योहार जैसा माहौल बना रहा।

हजरतगंज पुलिस ने घर में चोरी का किया खुलासा

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट ने अपराध नियंत्रण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हजरतगंज के मध्य क्षेत्र के थाना हजरतगंज पुलिस को वादी मुकदमा संतोष कुमार वर्मा बी ब्लॉक पुराना विधायक निवास द्वितीय तल, थाना हजरतगंज लखनऊ द्वारा तहरीर दी गई कि वह सुबह अपने कार्यालय गए थे, तथा श्याम करीब 6.30 बजे वापस अपने घर लौटे घर पहुंचने पर दरवाजे के दरवाजे का कुंडा टूटा हुआ मिला, अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर टूटा हुआ था, अलमारी में सोने चांदी के आभूषण मौजूद नहीं थे चोरी हो चुके थे, उक्त तहरीर के आधार पर थाना हजरतगंज पर मु0अ0स0,244,2026, धारा 305/ए0331/3/बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया, इस सूचना पर क्राइम के तेज तर्रार थाना पर प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बगैर कुछ सोचे समझे पुलिस टीम गठित कर पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आसपास का निरीक्षण किया, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज बारीकी से अवलोकन किया गया, संदिग्ध प्रतीत हुई, संदिग्ध की फोटो वादी को दिखाए जाने पर उन्होंने उसकी पहचान निहाल के रूप में की, जो उनके घर पर साफ सफाई का कार्य करता था, पुलिस द्वारा रात्रि में अभियुक्त निहाल पुत्र महेश निवासी पानी की टंकी के पीछे रामलीला मैदान निकट दशमेश अपार्टमेंट थाना हुसैनगंज लखनऊ को पुलिस हिरासत में लिया गया, अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिया गया, आभूषण बरामद किए गए कान के टॉप 10 जोड़ी पीली धातु, कान की छोटी बालिया तीन जोड़ी पीली धातु, कान की बाली 1 जोड़ी पीली धातु, कान के झुमके 2 जोड़ी पीली धातु, तथा और माल बरामद किया गया, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय की समीक्षा की प्रस्तुत किया जा रहा है।

पत्रीजी जीवन अमृत महोत्सव में ध्यान मास्टरों का महासंगम

लखनऊ। नैमिषारण्य में पत्री जी जीवन अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में सूरत,मुंबई, बलसाड़ समेत देशभर के करीब तीन सौ ध्यान मास्टर शरीक होने पहुंचे हैं। आज से शुरू हुए इस समारोह में 14 नवम्बर तक ध्यान, साधना,सत्संग और सेवा के कार्यक्रम होने हैं। समारोह में सीनियर पिरामिड मास्टर दीप्ति नडेला यानि दीप्ति अम्मा जीवन मे ध्यान और शांति के बारे में लोगों को मार्गदर्शन देंगी। आज कार्यक्रम में लखनऊ के एक पुलिस हवलदार का अनुभव प्रेरणादायक रहा।यहाँ मेडिटेशन के साथ दूसरों की सहायता भी सिखाई जाती है। आयोजकों ने बताया कि ध्यान केवल अपने लिये नही समाज की शान्ति और सेवा के लिए है।

अरे अगर प्रदूषण हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा-योगी

- योगी बोले, लोगों ने धूम-धड़ाके के साथ दिवाली मनाई
- भैया दूज पर युवाओं को तोहफा, 1,146 कनिष्ठ सहायकों को दिया नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिवाली के दौरान पटाखों पर रोक न लगाने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने बढ़ते प्रदूषण लेवल की चिंताओं के बावजूद लोगों को पटाखों के साथ त्योहार मनाने की इजाजत दी।जश्न के बारे में बात करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ष्आप सभी लोगों ने अयोध्या का दीपोत्सव देखा होगा। आपको कैसा लगा। बढिय़ा था न और दीपावली कैसी लगी। आप लोगों ने दीपावली मनाई और बहुत सारे लोग कह रहे हैं कि प्रदूषण हो गया और अरे हमने कहा कि प्रदूषण हो गया है तो समाप्त भी हो जाएगा। आप क्यों चिंता कर रहे हो।ष्मुख्यमंत्री ने आगे कहा, ष्जिन लोगों ने अपने भ्रष्ट कारनामों से पूरे सिस्टम को प्रदूषित किया है, उनको तो कोई भी बोलता नहीं और पब्लिक एक दिन आतिशबाजी कर ले तो प्रदूषण हो गया। अरे अगर प्रदूषण हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा। अच्छा किया कि लोगों ने खूब धूम-धड़ाके के साथ दीपावली मनाई। हम लोगों ने भी कहा कि कोई प्रतिबंध नहीं लगाएंगे। मैं भी अयोध्या में आतिशबाजी के बीच में था। यानी जब गलत होता है तो उसको नहीं, लेकिन कोई पर्व और त्योहार में कोई खुशी मनाता है तो लोगों को तब प्रदूषण याद आने लगता है।ष्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भैया दूज और चित्रगुप्त पूजन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों को अग्रिम बधाई भी दी। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से राजस्व विभाग के लिए नव-चयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति-पत्र के साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रूपये की सहायता राशि वितरित की। सीएम योगी ने कहा, अगर हम पूरी भर्ती प्रक्रिया को देखें, तो 15 अगस्त 2026 तक हम 950000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके थे। मैंने घोषणा की थी कि अगले छह महीनों में, यानी 26 जनवरी तक हम 1 लाख और युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे।ष हर महीने औसतन हर पांचवें दिन एक बड़ा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम होगा और यह 26 जनवरी तक अनवरत चलता रहेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीयत साफ, नीति स्पष्ट और भर्ती आयोगों एवं बोर्डों की कार्यप्रणाली ईमानदार हो तो युवाओं को अपनी प्रतिभा के अनुरूप अवसर अपने ही राज्य में मिलता है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की अराजकता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और लूटतंत्र ने उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। सीएम ने नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों से अपील की कि वे प्रशिक्षण पूरा कर अपने-अपने पटल पर कार्यभार संभालने के बाद दो बातों का विशेष ध्यान रखे, हर नागरिक के प्रति संवेदना और जीवन में सत्यनिष्ठा का भाव। सरकार ने उन्हें पारदर्शी व्यवस्था में अवसर दिया है, इसलिए उनसे भी अपेक्षा है कि वे आम नागरिक के प्रति ईमानदारी, संवेदनशीलता और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ष्जब प्रतिभा को सही मौके नहीं मिले, तो वह दूसरी जगहों पर चली गई। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने देश और दुनिया के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन यूपी गरीब ही बना रहा, सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्हें अपने ही राज्य में ईमानदारी से नौकरी नहीं मिल सकी। भेदभाव बहुत ज्यादा था, राज्य के भीतर एक सिंडिकेट काम करता था, जिसका पूरी भर्ती प्रक्रिया पर पूरा कंट्रोल था। 2017 से पहले, प्रशासन और भर्ती प्रक्रिया में श्मुन्ना भाईश स्टाइल के लोग जमे हुए थे। परीक्षा कोई और देता था, जबकि नौकरी किसी और को मिल जाती थी। खुद प्रशासन ही इन गलत कामों को अंजाम दे रहा था। अगर आप कोर्ट जाते, तो वहां से स्टे ऑर्डर आ जाता।

दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाई दुबई की उड़ान लखनऊ डायवर्ट हुई

लखनऊ। दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाई दुबई की उड़ान बुधवार शाम लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरी। काठमांडू में खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद उड़ान को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। विमान में 164 यात्री सवार हैं। फिलहाल विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़ा है और यात्री उसी में बैठे हैं। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, उड़ान संख्या एफजेड 539 बुधवार सुबह 8.15 बजे दुबई से रवाना हुई थी। इसे दोपहर 2 बजे काठमांडू पहुंचना था। लेकिन काठमांडू पहुंचने से पहले ही इसे लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। बुधवार दोपहर बाद काठमांडू में तेज हवाएं चलने लगीं। इससे विमान संचालन में दिक्कत आई।

गर्लफ्रेंड से झगड़े के बाद युवक ने लगाई फांसी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी में गर्लफ्रेंड से झगड़े के बाद 22 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले उसने फंदे के साथ अपनी फोटो गर्लफ्रेंड को भेजी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने महिला मित्र सलोनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे बाजारखाला इलाके की है। आकांक्ष (22) की सलोनी के साथ शादी होने वाली थी। इसी बीच सलोनी किसी और से बात करने लगी। इसकी जानकारी होने पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। भरतपुरी बी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा आकांक्ष राजाजीपुरम के डबल पुलिया निवासी सलोनी के संपर्क में था। दोनों के बीच करीब दो साल से दोस्ती थी। पिता का आरोप है कि सलोनी उनके बेटे को प्रताड़ित कर रही थी। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई साहिल के मुताबिक, आकांक्ष शकुंतला नाम के ऑफिस में सफाई का काम करता था। वह सलोनी से शादी करना चाहता था और परिवार भी इसके लिए तैयार था। घर में दादी का निधन होने के कारण दिवाली के बाद शादी से जुड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी थी। इसी बीच आकांक्ष को पता चला कि सलोनी किसी दूसरे युवक के भी संपर्क में है। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। मंगलवार रात खाना खाने के बाद आकांक्ष छत पर गया। कुछ देर बाद उसने बाथरूम के दरवाजे की ग्रिल से प्लास्टिक का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बाजारखाला पुलिस के मुताबिक, पिता की तहरीर पर सलोनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

ससुरालियों से परेशान होकर युवक गोमती में कूदा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। राजधानी में गोमती नदी में बुधवार को 27 साल के युवक का शव मिला। वह सोमवार रात से लापता था। समतामूलक चौराहे से 1090 चौराहे की ओर जाने वाले गोमती पुल पर लावारिश हालत में उसकी बाइक मिली थी। युवक की पहचान मोहम्मद जीशान के रूप में हुई है। सुसाइड से पहले उसने एक वीडियो बनाकर परिवार को भेजा था। वीडियो में युवक ने आत्महत्या करने की बात कहते हुए इसके लिए अपने ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया था। उसने कहा मेरे ससुराल वाले मुझे लगातार टॉर्चर कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कराया था। पुलिस के मुताबिक, 10 नवंबर की देर रात करीब तीन बजे गश्त के दौरान गोमती नदी के पुल पर लावारिस हालत में एक बाइक खड़ी मिली। उसके ऊपर एक मोबाइल फोन भी चालू हालत में रखा था। आसपास पूछताछ में बाइक मालिक के बारे में जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने ई-चालान ऐप की मदद से युवक के बारे में पता लगाया। यह बाइक सआदतगंज के कटरा खुदायार खां निवासी मोहम्मद जीशान की थी। बाइक में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नंबर बंद मिला। इसके बाद थाना सआदतगंज के माध्यम से परिजनों को सूचना दी गई। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे जीशान के परिजन थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि जीशान ने रात करीब एक बजे अपने बहनोई सैफू को एक वीडियो भेजा था। इसमें उसने आत्महत्या करने की बात कही थी और इसके लिए ससुराल पक्ष को जिम्मेदार बताया था। मैं जीशान, बाप का नाम शकील। मैं अपनी सास सीमा, उनके घर वालों और अपनी बीबी महवर से बहुत परेशान हू। ये लोग मुझे बहुत टॉर्चर कर रहे हैं। ये सभी मुझे मारते-पीटते हैं। सब कुछ कर रहे हैं। मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। मेरी मौत का कारण महवर,सीमा, समा, मोहसिन और भी सब लोग हैं। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से गोमती नदी में तलाशी अभियान शुरू कराया। बुधवार सुबह 11 बजे गोमतीनगर क्षेत्र में रिवर फ्रंट के पास नदी से जीशान का शव बरामद हुआ।

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से अभिषेक सिंह चौहान (34) की मौत हो गई। वह 4 नवंबर से लापता थे। मंगलवार रात करीब 9.30 बजे लखनऊ से कानपुर जा रही बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन के ड्राइवर ने स्टेशन मास्टर को हादसे की सूचना दी। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कपड़ों से मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान हुई। अभिषेक हरौनी गांव में रहते थे और जाइडस दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव थे। वह चौक इलाके में काम करते थे। पुलिस के मुताबिक, 4 नवंबर को वह अपने 7 साल के बेटे अथर्व और 4 साल के बेटे प्रिशु को स्कूल छोडऩे के बाद ऑटो से ड्यूटी गए थे। दोपहर में पत्नी मधु सिंह ने किसी काम से फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। कई बार कॉल करने पर भी संपर्क नहीं हुआ। देर शाम तक अभिषेक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की। पता नहीं चलने पर रात में बंथरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। मंगलवार रात करीब 9.30 बजे लखनऊ से कानपुर जा रही 12565 अप बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन के ड्राइवर ने हरौनी स्टेशन मास्टर को सूचना दी। ड्राइवर के मुताबिक, प्लेटफॉर्म शुरू होते ही एक व्यक्ति ट्रेन के सामने आकर खड़ा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची। शव के टुकड़े करीब 100 मीटर तक पटरी पर बिखरे मिले। कपड़ों से मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान हरौनी निवासी अभिषेक कुमार सिंह के रूप में हुई।

भारत का लोकतंत्र मजबूत है-पंकज चौधरी

- देश को अस्थिर करने वाली शक्तियों के मंसूबों को विफल करना सभी का दायित्व
- पूर्व सांसद अरविंद चौधरी और सपा नेता अनिल यादव ने ज्वाइन की बीजेपी

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ,ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के नेता एवं बस्ती से पूर्व सांसद अरविंद चौधरी तथा बांदा के सपा नेता अनिल यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित संगठन है, जिसमें कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है। पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम, समर्पण और योगदान को सम्मान मिलता है। उन्होंने दोनों नेताओं एवं उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुडने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर चरितार्थ किया है। गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने सहित प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के कार्य हुआ है। भाजपा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।प्रदेश अध्यक्ष ने देश में अराजकता फैलाने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ शक्तियां देश के लोकतांत्रिक वातावरण को प्रभावित कर भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भारत को बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसी परिस्थितियों की ओर धकेलने की कोशिश की जा रही है? क्या देश में तख्तापलट जैसी परिस्थितियां उत्पन्न करने की मंशा है? ऐसे प्रयासों के प्रति देशवासियों को सजग रहने की आवश्यकता है।श्री चौधरी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है। देश के नौजवानों और जागरूक जनता ने अराजकता फैलाने तथा माहौल खराब करने के प्रयासों का मुँहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव केवल किसी व्यक्ति की जीत या सरकार बनाने का चुनाव नहीं है बल्कि देश की स्थिरता, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का भी विषय है। देश को अस्थिर करने वाली शक्तियों के मंसूबों को विफल करना हम सभी का दायित्व है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है।

ईको गार्डन में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। राजधानी के ईको गार्डन में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। 72 दिनों से धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने भाई दूज भी धरनास्थल पर मनाया। घर नहीं जा सके तो वीडियो कॉल के जरिए बहनों से बात कर त्योहार मनाया। रोते हुए बहन बोली भैया घर कब आओगे?
प्रदर्शनकारियों ने भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार और अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें घर-परिवार छोडक़र धरना देना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने इसे अंतिम सांस तक जारी रखने का ऐलान किया है। प्रदर्शन कर रहे नवीन चौधरी ने कहा कि मुरादाबाद से आए हैं और 3 महीने से घर छोडक़र इको गार्डन में रह रहे हैं। इन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर भी घर नहीं गया उसके बाद दशहरा आया उसमें भी घर नहीं गया । दिवाली इसी इको गार्डन में मनाया और अब भाई दूज भी मना रहे हैं ल। इन्होंने बताया बूढ़े माता-पिता को अकेला छोडक़र मजबूरी में यहां पड़े हुए हैं। जब बुजुर्ग मां-बाप फोन करके पूछते हैं कि घर कब आओगे नौकरी कब तक लगेगी तो कोई जवाब नहीं रहता है सिर्फ आंसू निकलते हैं। उन्होंने कहा कि हमने ठान लिया है या तो कफन में जाएंगे या नियुक्ति लेकर उठेंगे। नियुक्ति या फिर मुक्ति इससे कम में समझौता नहीं होगा। प्रदर्शन करने आशुतोष ने बताया कि वीडियो कॉल के जरिए दशहरा, दिवाली और आज भाई दूज मनाया। अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ही एक जरिया बचा है कि परिवार से संपर्क कर सकें। इस नौकरी के संघर्ष ने परिवार और त्योहार से दूर कर दिया। 10 सितंबर को हम सभी लोगों की मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के साथ हुई। इस दौरान बेसिक और माध्यमिक विभाग के तमाम आलाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में दोनों मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि घोटाला हुआ है। जब राज्य पिछड़ा आयोग ने मान लिया राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग ने मान लिया और अब सरकार में बैठे अधिकारी मंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं कि घोटाला हुआ है तो रोजगार क्यों नहीं मिलता। मगर अब यह मंत्री भी हमसे मिलने और बात करने कोतैयार थी। प्रदर्शन कर रहे उत्कर्ष ने कहा कि पिछले 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं।

बिजली के तार चुराने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी के बिजनौर थाना पुलिस ने बिजली के तार चोरी के मामले में 22 वर्षीय सुहैल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से करीब 9 किलो केबल और तार बरामद किए। थाना प्रभारी कपिल गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, इलाके में बिजली के तार और केबल चोरी होने की घटनाओं के बाद संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि सुहैल नशे की लत पूरी करने के लिए केबल और तार चुराता था। पुलिस ने उसके कब्जे और निशानदेही पर करीब 9 किलो चोरी का केबल और तार बरामद किया। पुलिस ने सुहैल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और उसे अदालत में पेश किया।

रोजा चीनी मिल में नए पेराई सत्र का शुभारंभ

विधायक अरविंद कुमार सिंह ने केन कैरियर में गन्ना डालकर किया उद्घाटन

- पहली गन्ना ट्रॉली लेकर पहुंचे किसानों को माला पहनाकर किया सम्मानित, कंबल व मिठाई भेंट की

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



अवध शुगर वर्क्स (रोजा चीनी मिल) में बुधवार को नए पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ हो गया। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र का उद्घाटन किया। इसके साथ ही मिल परिसर में नए सत्र की शुरुआत हो गई। पेराई सत्र शुरू होने से पहले मिल परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन किया गया। इसके बाद सबसे पहले गन्ने की ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मिल पहुंचे किसानों का स्वागत किया गया। रामापुर बरकतपुर निवासी किसान सुरेंद्र सिंह तथा आटा बुजुर्ग से पहुंचे विपिन और अनुराग को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। मिल प्रबंधन की ओर से उन्हें कंबल, मिठाई और नकद धनराशि भी भेंट की गई। नए पेराई सत्र के शुभारंभ के मौके पर ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने किसानों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष श्यामबाबू दीक्षित, रोजा सहकारी गन्ना समिति के चेयरमैन त्रिवेंद्र सिंह, चीनी मिल के जीएम पंकज गोयनका सहित सैकड़ों क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और किसान मौजूद रहे।

झोपड़ी के पास पानी में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।



मदनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फतेहपुर गाजीपुर में बुधवार सुबह एक ग्रामीण की झोपड़ी के पास पानी में मगरमच्छ दिखाई देने से गांव में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मगरमच्छ को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कुलबीर पुत्र शिवपाल ने बताया कि गांव के दक्षिण दिशा में उनकी झोपड़ी बनी हुई है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने पशुओं के पास पहुंचे तो झोपड़ी के नजदीक पानी में लकड़ी के गट्ठर जैसी कोई चीज दिखाई दी। पास जाकर देखने पर वह मगरमच्छ निकला। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के मुताबिक, मगरमच्छ रामगंगा नदी के डब्बर में मौजूद था। पहले रामगंगा नदी की धारा इस स्थान के पास से बहती थी, लेकिन कटान के बाद नदी की धारा कुछ दूरी पर चली गई। इसके बावजूद पुराना डब्बर झोपड़ी और गांव के नजदीक बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि भीड़ और शोर होने पर मगरमच्छ पानी में चला गया। मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना पर शिवपाल, कुलबीर, पवन कुमार, नरवीर, धर्मपाल, श्यामपाल और धनवीर समेत कई ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन एवं वन विभाग से उसे पकड़ने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास पशु बंधे रहते हैं और लोगों का भी लगातार आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में मगरमच्छ से किसी बड़ी अनहोनी का खतरा बना हुआ है। वहीं, थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि थाने पर अभी तक इस संबंध में किसी ने सूचना नहीं दी है। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर जानकारी की जाएगी। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द मगरमच्छ को पकड़ने के लिए टीम भेजने की मांग की है, ताकि गांव के लोगों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

खबरें एक नजर में

पंजाबी महासभा की कार्यकर्त्री का निधन

शाहजहांपुर। पंजाबी महासभा की सक्रिय कार्यकत्री विमला जौहर का बीमारी की चलते मंगलवार को निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनके निधन से पंजाबी समाज में शोक की लहर दौड़ गयी। शोक व्यक्त करने वालों में जगदीश गांधी, ममता गांधी, नंनकिशोरी, लक्की गांधी, जगदीश गोगिया आदि ने शोक व्यक्त किया।

अज्ञात वाहन से टकराई बाइक, 50 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर मौत



सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना सिंधौली क्षेत्र में शाहजहांपुर-पुवायां मार्ग पर लधौली गांव के सामने स्कूल के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार तिलहर कस्बे के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी तेजराम शर्मा (50) बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान लधौली गांव के सामने स्कूल के पास उनकी बाइक अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेजराम शर्मा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर थाना सिंधौली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हुई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सबा नकवी सबा की पुस्तक इनसाइड द लेटर्स का हुआ विमोचन

- तौकीर आर्टकेड में सजी काव्य व शायरी की महफिल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



दीपावली के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध कला वीथिका 'तौकीर आर्टकेड' के तत्वावधान में प्रख्यात चित्रकार एवं कवि एसए जाफर (तौकीर सा) के शाहजहांपुर आगमन पर एक भव्य काव्य गोष्ठी एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। बाड़ूजई स्थित तौकीर आर्टकेड में आयोजित इस साहित्यिक संध्या को 'एक शाम एसए जाफर के नाम' शीर्षक दिया गया। कार्यक्रम में करीब बीस सुखनवरों ने अपनी कविताओं और गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर शायरा सबा नकवी सबा की पुस्तक 'इनसाइड द लेटर्स' का भव्य विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष रतीश गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डॉ. ऊषा गर्ग, सुधाकर तिवारी, सैयद नईम, ठाकुर दिनेश सिंह, मैनाज सय्यदा, शाहिद रजा, डॉ. मोहम्मद कमर, अलीगढ़ से आए प्रो. एसए जाफर, डॉ. मो. तय्यब और मोहम्मद हसन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मोहम्मद कमर ने बताया कि कला दीर्घा तौकीर आर्टकेड कला और साहित्य के लिए पूर्णतः समर्पित केंद्र है। यहां अपने प्रयासों से समय-समय पर कला एवं साहित्य से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे आयोजन बौद्धिक समृद्धता और साहित्यिक वातावरण के लिए अमृत के समान हैं। उन्होंने कहा कि साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए शाहजहांपुर का नाम इतिहास में विशेष स्थान रखता है। काव्य गोष्ठी में असगर यासिर, हमीद खजिर, खलीक शौक एडवोकेट गुलिस्ताँ खां, फैसल फैज, फहीम बिस्मिल, शाहिद रजा, शाहीना खातून श्शबनमश्, राशिद हुसैन राही, अर्शियान अर्श, कासिम अखतर, फरमान चिश्ती, डॉ. मालिक असमत अली, रेहान फारूकी, सबा नकवी सबा और तौकीर सा सहित अन्य शायरों एवं कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर महफिल में साहित्यिक रंग भर दिए। प्रसिद्ध शायर असगर यासिर ने अपना यह शानदार शेर पेश किया गनीमत जानिए ऐसी हवा में परिंदा आशियां तक आ गया है। इस शेर के माध्यम से उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी सफलता हासिल करने के जज्बे को बेहद कलात्मक अंदाज में पेश किया। वहीं हमीद खजिर ने कहा समझ में आता नहीं है यकीं करूं किस पर जो खास अपने हैं सब साजिशों में शामिल हैं। स्वछंद शायर खलीक शौक ने जीवन दर्शन को अपने इस शेर में कुछ यूं बयां किया तेरे शहर में कई साल से मैं भटक रहा यहां वहां तुझे ढूंढता हूं मैं जिंदगी मुझे तेरा कोई पता नहीं। शायरा सबा नकवी सबा ने अपने शेर के माध्यम से शेर-ओ-सुखन की अहमियत को बखूबी बयां किया शेश्र-ओ-सुखन ने खूब कमाई है वाह वाह दौलत न कर सकी वो खयालो ने कर दिया। अलीगढ़ से आए कवि तौकीर सा ने दूसरों में कमियां तलाशने के बजाय आत्ममंथन करने का संदेश देते हुए कहा इससे पहले की किसी और को आंका जाए क्यों ना खुद अपने गिरेबान में झांका जाए। वहीं राशिद हुसैन राही ने मोहब्बत और उससे जुड़ी यादों को अपने इस शेर में खूबसूरती से बयां किया आपकी तस्वीर हो रुमाल हों या हों खुतूत आज तक महफूज है हर एक निशानी आपकी। इसके अलावा अन्य शायरों और कवियों ने भी अपनी शानदार रचनाओं के माध्यम से प्रेम, जीवन, समाज और मानवीय संवेदनाओं को शब्दों में पिरोया। हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों और वाहवाही के साथ रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान देने वाले मोहम्मद अय्यूब, परवेज, हफीज, अमन सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। साहित्य और कला के इस खूबसूरत संगम ने दीपावली के अवसर पर शहर की अदबी फिजा को यादगार बना दिया।

रावण दहन व राजगद्दी कार्यक्रम के साथ श्री जनता रामलीला मेला संपन्न

- मेला कमेटी ने सहयोगी जनों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया पुरस्कृत

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।



नगर की श्री जनता रामलीला मेला का रावण वध मंचन के बाद रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर दिया गया। भगवान श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। तदोपरांत भरत मिलाप एवं भगवान के राजतिलक के साथ ही मेला का समापन हो गया। इस मौके पर उत्कृष्ट बैंड, दुकानदारों व कलाकारों को पुरस्कार वितरण किए गए।

नगर की पोटरगंज पुरानी गल्ला मंडी में श्री जनता रामलीला मेला कमेटी के आयोजकत्व में विगत 48 वर्षों से हो रहे रामलीला मेला का इस बार भी भव्य आयोजन हुआ। बुधवार को शाम छह बजे भगवान श्रीराम व दशानन रावण का रोमांचकारी युद्ध मंचन के साथ ही रावण वध कर दिया गया। इस दौरान दर्शक दीर्घा में खड़ी भीड़ के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। देखते ही देखते रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर दिया गया। उसकी अस्थियों लेने को भरी भीड़ उमड़ पड़ी। तदोपरांत भरत मिलाप लीला मंचन किया गया। इसी क्रम में भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी पर उन्हें माता जानकी के साथ राजगद्दी पर विराजित कर कमेटी द्वारा राज तिलक किया गया। इसके बाद कमेटी की ओर से श्री राम बारात में चिह्नित भव्य झांकियां, बैंड, उत्कृष्ट दुकान स्वामियों के अलावा मेला में विशेष सहयोग के लिए सीओ विदुष सक्सेना, कोतवाल प्रभाष चंद्र, बिरियागंज चौकी इंचार्ज रमेश कुमार वर्मा व एसआई देवेश कुमार, संजीव कुमार दुबे व स्टाफ, राजीव लाइट, बहार बग्गी, सुभान बैंड, अशोक बैंड, पप्पू लाइट एंड टैंट, रईस साउंड, फरीद झुला के अलावा नगर पालिका के सहयोगियों को भी पुरस्कृत किया गया। राज तिलक करने वालों में कमेटी संरक्षक रमाशंकर गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, हरीश गुप्ता, मनोज प्रबल गुप्ता, अध्यक्ष नीरज गुप्ता, महामंत्री पंकज गुप्ता, कमलेश गुप्ता पप्पू, मेला प्रभारी सौरभ गुप्ता रवि, सुशील बाबू गुप्ता, आयोजक नीलेश गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, विकास गुप्ता, हरिमोहन गुप्ता, सभासद सतेंद्र सिंह सुशील, हितेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, सुरेश शर्मा पप्पू, सुखवीर सिंह, सोनू गुप्ता समेत तमाम लोग शामिल रहे।

अफसर के सूने मकान से 4.45 लाख की चोरी

- आफिसर्स कालोनी, डीएम कम्पाउंड के मकान नंबर बी-30 में वारदाता

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

शहर की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली डीएम कम्पाउंड स्थित ऑफिसर्स कालोनी में चोरों ने सहायक आयुक्त के घर को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चोर पीछे के दरवाजे की कुण्डी तोड़कर लगभग 65 हजार रुपये नकद और 3.80 लाख रुपये के सोने-हीरे के जेवरात ले उड़े। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस गश्त पर सवालियां निशान लगने शुरू हो गए है।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गणेश गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह जनपद में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता के पद पर कार्यरत हैं। वह माह जून से ऑफिसर्स कॉलोनी, डीएम कम्पाउंड के मकान नंबर बी-30 में निवास कर रहे हैं। दिवाली पर्व पर वह 6 नवम्बर 2026 को सुबह लगभग 8 बजे गृह जनपद महराजगंज चले गये थे। मकान की देखभाल का जिम्मा बगल में रहने वाले दिलीप पर था। दिलीप ने फोन पर सूचना दी कि 9 नवबंर को वह शाम 7.30 बजे खाना खाने घर गया और रात 10 बजे जब वापस लौटा तो घर के पीछे आंगन के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। पीड़ित जब 10 नवबंर की शाम घर लौटे तो देखा दोनों अलमारियों के लॉक टूटे हुए थे। अलमारी से लगभग 65 हजार कैश तथा 3.80 लाख के ज्वेलरी गहने चोरी हो गये हैं। चोरी गये गहनों में सोने की 2 चेन, हार, एक सोने का हार, डायमण्ड रिंग, डायमण्ड ईयररिंग आदि शामिल हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन इस घटना ने पुलिस की गश्त पर सवाल अवश्य खड़े कर दिए है। शाहजहांपुर में चर्चा है कि जब जनपद की सबसे सुरक्षित जगह पर चोरी की वारदतें हो रही हैं, तो गांव, कस्बा में चोरी की घटनाएं होना कोई बड़ी बात नही है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवालियां निशान अवश्य लगा दिए है। सीओ सिटी देवबृत वाजपेयी ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज की गयी है टीमें गठित कर दी गई हैं जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

कर की टक्कर से मां की गोद मैं बैठी बच्ची उछलकर बस की छत पर गिरी

- कर और बाइक के भीषण टक्कर में मासूम सहित दंपती घायल

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।

भाई दूज का त्योहार मनाने नियामतपुर से अपनी ससुराल जमुनिया थाना पूरनपुर पीलीभीत जा रहे शैलेंद्र मौर्य पुत्र राजेश कुमार अपनी पत्नी लक्ष्मी एवं एक अबोध बच्ची उम्र लगभग 2 वर्ष का बाइक और कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिसमें शैलेंद्र और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल होकर बीच सड़क पर गिर गए परंतु इसी दौरान एक हैरान कर देने वाला दृश्य सामने आया। मां की गोद में बैठी बच्ची कार की टक्कर के बाद लगभग 14 फीट हवा में उछलकर पास में खड़ी इलेक्ट्रिक बस की छत पर जा गिरी बच्ची घुटनों के बल बस की छत रो रही थी तभी वहां पर मौजूद पिंटू राज ने बस को रुकवा कर छत पर एक अबोध बच्चे की जानकारी चालक को दी बस चालक ने बस को वहीं पर रोंक दिया तभी यादव मेडिकल स्टोर के पंकज यादव ने आनन फानन में बस के ऊपर चढ़कर बच्चों को गोद में उठा लिया और उसकी जान बचा ली वहां पर खड़े बच्चे को संजय यादव ने गोद में ले लिया इसी दौरान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद अपने काफिले के साथ निकल रहे थे और थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह उनके प्रोटोकॉल में गाड़ी के साथ थे मंत्री को जब पता चला तो थाना प्रभारी को घटनास्थल पर देख रेख के लिए निर्देशित किया इस दौरान उन्होंने घायलों का हाल-चाल भी जाना इस दौरान मुड़िया मोड पर ही सलीम खान पुत्र खुर्शीद निवासी कोरोंकुइयां एवं दूसरा बाइक चालक हुकुम पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम हसनपुर थाना कांट की बाइकें आपस में टकरा गई हादसे में दोनों घायल हो गए एवं भाई के भी क्षतिग्रस्त हो गई पुलिस ने सभी को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली भेजा है इस दौरान दोनों और जाम की स्थिति बनी रही पुलिस ने राहगीरों को सड़क से हटकर जाम खुलवाया वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने एक्सीडेंट में घायल लोगों की बहुत मदद की जिसकी लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

लाठी-डंडों से पीटकर महिपाल की हत्या, पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद शाहजहांपुर।



मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के उईला थाथरमई गाँव में जमीनी/पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल महिपाल सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिपाल की मौत के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाते हुए त्वरित कार्रवाई की और घटना में शामिल चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 9 नवंबर को उईला थाथरमई निवासी कुनेंद्रपाल सिंह कुशवाहा के भाई महिपाल सिंह कुशवाहा पर गाँव के ही दबंगों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था। आरोपियों ने महिपाल के साथ जमकर मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। गंभीर हालत में महिपाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। बुधवार, 11 नवंबर को मिर्ज़ापुर थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सुबह करीब 10:16 बजे पुलिस टीम ने ग्राम उईला थाथरमई से लगभग 500 मीटर पहले घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान राजीव (46 वर्ष), अवनीश (35 वर्ष), दिनेश (38 वर्ष) तीनों पुत्रगण अजयपाल, और रक्षपाल (48 वर्ष) पुत्र मुलायम सिंह निवासी उईला थाथरमई के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई चार लाठियाँ भी बरामद कर ली हैं। मिर्ज़ापुर पुलिस का कहना है कि विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घर से 50 हजार नकदी व जेवर चुराने व पत्नी को भी ले जाने का आरोप

अल्हागंज, शाहजहांपुर। विकासखंड मऊ क्षेत्र के एक युवक ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोग उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। आरोप यह भी है कि जाते वक्त घर में रखे 50,000 रुपये नकद और कीमती जेवर भी चुरा ले गए। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा धमकी दिए जाने की बात भी कही गई है। पीड़ित पति ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।
अल्हागंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि बीते 5 नवंबर को शाम करीब 2.30 बजे जब वह घर पर मौजूद नहीं थे, उसी दौरान उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाया गया। आरोप है कि हरदोई और बरेली जनपद के कुछ लोग उसकी पत्नी कंचन उर्फ शिल्पी को सुनियोजित तरीके से बहला-फुसलाकर अपने साथ बुलाकर ले गए। पीड़ित पति का कहना है कि आरोपी केवल उसकी पत्नी को ही नहीं ले गए, बल्कि जाते समय घर में रखी अलमारी व बक्से को खंगालकर 50,000 रुपये नकद और घर के जरूरी जेवरात भी अपने साथ समेट ले गए। जब पीड़ित को इस घटना की जानकारी हुई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। आरोप है कि जब उसने इस कृत्य का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने अल्हागंज थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है। उसने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस मामले में तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाए, उसकी पत्नी को सकुशल बरामद किया जाए और घर से ले जाए गए नकदी व जेवर को वापस दिलाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय पुलिस का कहना है कि पीड़ित पति की तहरीर मिल गई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए तथ्यों की जांच-पड़ताल कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

डालमिया चीनी मिल के गेट पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- सड़क पर लाइट सीसीटीवी, जाम से निजात एवं किसानों की समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



डालमिया चीनी मिल गिरिगिचा निगोही में किसानों एवं स्थानीय नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान, युवा एवं स्थानीय नागरिक नारेबाजी करते हुए चीनी मिल गेट पर पहुंचे और मिल प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराते हुए जनसमस्याओं से अवगत कराया।प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद थाना प्रभारी निगोही राजीव कुमार ने मामले की गंभीरता को समझते हुए मिल प्रशासन को बुलाया। इस बीच डीजीएम के पहुंचने पर मौजूद कार्यकर्ताओ ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे वार्ता करने का विरोध किया और महाप्रबंधक को मौके पर बुलाने की मांग की। इसके बाद चीनी मिल के महाप्रबंधक मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों एवं किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।वार्ता के दौरान महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि मिल के आसपास की सड़कों पर जल्द ही स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी तथा सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे। गन्ना वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए उचित पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य चीनी मिलों द्वारा किसानों को दिए जा रहे बोनस के संबंध में भी मिल प्रबंधन ने सकारात्मक निर्णय लेने का भरोसा दिलाया। वहीं गन्ने के मूल्य में वृद्धि की मांग को प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट ने कहा कि किसानों की मेहनत से चीनी मिलों का संचालन होता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज किसानों को अपनी ही फसल की पर्ची, उचित मूल्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मिल के आसपास जाम, प्रदूषण, काली राख और सुरक्षा व्यवस्था की कमी से आम जनता एवं स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। युवा कांग्रेस किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। हमारा उद्देश्य किसी उद्योग का विरोध करना नहीं, बल्कि उद्योग के साथ-साथ किसानों और स्थानीय जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित कराना है। यदि दिए गए आश्वासनों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।युवा किसान नेता अनुज मिश्रा ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके साथ पर्ची वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं आर्थिक शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गन्ने की बुवाई, सर्वे एवं वास्तविक उत्पादन के आधार पर पारदर्शी तरीके से पर्चियां जारी की जानी चाहिए, जिससे किसानों को बाजार से महंगे दामों पर गन्ना खरीदने की मजबूरी न हो।जिला सचिव दीपांश वर्मा ने कहा कि चीनी मिल के आसपास रहने वाले लोगों एवं प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों की सुरक्षा भी मिल प्रशासन की जिम्मेदारी है। काली राख, दूषित पानी, अंधेरे में आवागमन और जाम जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान होना चाहिए। किसान हरजीत सिंह ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके गन्ने की फसल तैयार करता है, लेकिन समय से पर्ची न मिलने और अन्य समस्याओं के कारण उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है,उन्होंने किसानों को उचित मूल्य व बोनस की भी मांग की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, रोहित पांडेय, फरमान खान, आदेश वर्मा, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने बेटी से पूछताछ कर जाना वारदात का घटनाक्रम

बड़ी बेटी को साथ लेकर घटनास्थल पहुंचीं पुलिस, छोटी बेटी की हालत अब भी गंभीर





समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी में पत्नी की गला घोंटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बुधवार सुबह थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र मृतका सीमा की बड़ी बेटी कोमल को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घर में घटना से जुड़े हालात का बारीकी से जायजा लिया और कोमल से वारदात के समय हुए घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर सोमवार की रात घर में क्या हुआ था और आरोपी कमलेश ने इस खौफनाक वारदात को किस तरह अंजाम दिया।

गौरतलब है कि सोमवार की देर रात आदर्श नगर कॉलोनी निवासी कमलेश गुप्ता ने बिजली के तार से गला घोंटकर अपनी पत्नी सीमा की हत्या कर दी थी। इस दौरान उसने अपनी छोटी बेटी अंजली का भी गला घोंट दिया था। अंजली बेहोश हो गई थी। गंभीर हालत में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां वह आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।

मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद सीमा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस अभिरक्षा में हत्यारोपी कमलेश को रोजा मोक्ष धाम ले जाया गया था, जहां उसने पत्नी की चिता को मुखाग्नि दी थी। एक ओर पत्नी की हत्या का आरोप और दूसरी ओर उसी की चिता को मुखाग्नि देने का दृश्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। बुधवार सुबह थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र बड़ी बेटी कोमल को लेकर घर पहुंचे और उससे घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी जुटाई। पुलिस घर में मौजूद परिस्थितियों और कोमल के बयानों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है। वहीं, अस्पताल में भर्ती छोटी बेटी अंजली की हालत को लेकर परिवार और परिचितों की चिंता बनी हुई है।



हत्या के मामले में पति गिरफ्तार, बिजली का तार बरामद

रोजा, शाहजहांपुर। रोजा थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी में महिला सीमा की गला घोंटकर हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के भाई ने पति, ससुर, देवर और देवरानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पति कमलेश गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया बिजली का तार भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।

थाना बंडा क्षेत्र के रामकिशन गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बहन सीमा की शादी करीब 17 वर्ष पहले रोजा थाना क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र गुप्ता के पुत्र कमलेश गुप्ता के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में रुपये की मांग को लेकर सीमा को प्रताड़ित करते थे। रामकिशन के मुताबिक, धनतेरस के दिन उनकी बहन सीमा ने फोन पर बताया था कि ससुराल के लोग उससे रुपये मांग रहे हैं। पति, ससुर, देवर और देवरानी उसे तथा उसकी दोनों बेटियों को मारने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद भांजी कोमल ने फोन पर सूचना दी कि उसकी मां और छोटी बहन का गला दबा दिया गया है। इस घटना में सीमा की मौत हो गई, जबकि छोटी बेटी नैन्सी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह आईसीयू में उपचाराधीन है।

मृतका के भाई ने पति, ससुर, देवर और देवरानी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा, छोटी बेटी आईसीयू में भर्ती

थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी पति कमलेश गुप्ता को बुधवार को रेलवे मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से बिजली का तार भी बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

भाईदूज: जेल में बहनों ने भाइयों को तिलक कर लंबी उम्र की कामना की



- सुबह से ही जेल के बाहर भाईदूज मनाने को लगी लंबी लाइनें

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जिला कारागार में भाई बहनों के अटूट प्यार व आस्था, विश्वास का पर्व भाईदूज पर भावुक माहौल देखने को मिला। घरों से बहनें अपने भाइयों से मिलने जेल की सलाखों तक पहुंचीं और भाईयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। सुबह 8 बजे से ही जेल के बाहर बहनों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। जेल में बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी बारी का इंतजार भी कर रही थी। बहनों की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जेल अधीक्षक जेपी तिवारी द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिससे कि भाईदूज त्यौहार पर किसी तरह की असुविधा न हो। जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि इस बार जेल में 518 बंदियों का तिलक करने 835 बहनें पहुंची। वही जेल में बंद 3 बहनों से भी भाईदूज कराने 8 भाई पहुंचे। जेल में भैया दूज के मौके पर ऐसा ही भावुक नजारा देखने को मिला कि अपने भाइयों को तिलक लगाने के लिए बड़ी संख्या में बहनें जेल पहुंची। किसी के हाथ में पूजा की थाली थी तो किसी के चेहरे पर अपने भाई से मिलने की खुशी साफ दिखाई दे रही थी। वहीं कई बहनों की आंखों में अपने भाई से दूर रहने का दर्द भी नजर आया।

भाईदूजः 25 हजार यात्रियों ने किया सफर, सीट पाने की रही जद्दोजहद

रोडवेज बसों में उमड़ी बहनों की भीड़, एआरएम ने खुद संभाली कमान

शाहजहांपुर। भाईदूज के पर्व पर भाई को तिलक लगाने के लिए बहनों ने हजारों किलोमीटर का सफर तय करके अपने घरों में पहुंची। रोडवेज डिपो के आंकडों के मुताबिक भाईदूज पर 25 हजार यात्रियों शाम 6 बजे तक सफर तय किया। वही 6-10 नवम्बर तक 4 लाख 71 हजार 14 किलोमीटर रोडवेज की बसें दौड़ी। जिनसे परिवहन विभाग को 2 करोड 11 लाख 63 हजार रुपये की इनकम आई है रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़भाड़ रही, लेकिन परिवहन निगम की ओर से की गई व्यवस्थाओं के चलते यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। बसों के संचालन से लेकर यात्रियों की सुविधा तक विशेष ध्यान रखा गया। रोडवेज एआरएम अरुण कुमार खुद व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। उन्होंने बसों के संचालन और यात्रियों की सुविधा का जायजा लिया। करीब 350 चालक और परिचालकों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। त्योहार पर बहनों को भाइयों तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की टीम जुटी रही। वही लोकल रुटों पर चलने वाली बसों में सीट पाने के लिए यात्रियों में जद्दोजहद देखी गई। लॉग रुटों पर भाईदूज पर वापसी की सवारियां कम निकली।



गोवंशों की सुरक्षा में लापरवाही पर डीएम सख्त, वीडीओ निलंबित



लखीमपुर खीरी। गोवंशों के संरक्षण और उनके रखरखाव में लापरवाही पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील एवं ब्लॉक मितौली की ग्राम पंचायत तेंदुआ स्थित गो आश्रय स्थल लोहन्ना का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में खामियां मिलने और कर्तव्यों एवं कार्यदायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने पर डीएम के निर्देश पर डीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल के एक हिस्से में जलभराव की समस्या सामने आने पर डीएम ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले हिस्से में मौजूद गोवंशों को तत्काल आश्रय स्थल के ऊंचे एवं सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। जलभराव वाले क्षेत्र में ग्राम निधि से मिट्टी का पटान कराकर आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि वहां गोवंशों के लिए सुरक्षित एवं उपयुक्त आश्रय स्थल विकसित किया जा सके। इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराने और उसकी निगरानी की जिम्मेदारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सौंपी। डीएम ने आश्रय स्थल में गोवंशों के भरण-पोषण की व्यवस्थाओं पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंशों के लिए भूसे का पर्याप्त भंडारण रखा जाए और हरे चारे की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही साफ-सफाई, गोवंशों के रखरखाव और अन्य जरूरी सुविधाओं की पड़ताल करते हुए चिह्नित कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर डीएम ने ग्राम पंचायत के प्रशासक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक कहा कि गोवंशों की सुरक्षा, संरक्षण एवं देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। कार्यदायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने वालों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मितौली संतदास पवार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ग्राम पंचायत के प्रशासक एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- लोहन्ना गो आश्रय स्थल के निरीक्षण में मिलीं खामियां, जलभराव दूर करने व गोवंशों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश
- डीएम के निर्देश पर डीडीओ ने की कार्रवाई ग्राम निधि से होगा मिट्टी पटान

कलान के ऐतिहासिक रामलीला मेले का आज होगा आगाज

कलान-शाहजहॉपुर। नगर में परंपरा और आस्था का प्रतीक ऐतिहासिक रामलीला मेले का शुभारंभ गुरुवार से होगा।मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।आयोजन स्थल पर साफ-सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है।मेले के शुरू होने को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। प्राचीन परंपरा को संजोए इस मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।मेला अध्यक्ष विवेक चमन गुप्ता ने बताया कि मेले को आकर्षक बनाने के लिए तैयारियां की गई हैं। गुरुवार से शुरू होने वाले मेले में रामलीला मंचन और अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

छठ पूजा: ठेकुआ बनाने की तैयारियों में जुटी महिलाएं

- छठ पूजा को लेकर घाटों पर तैयारियां जोरों पर


समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के लिए घरों में प्रसाद के रूप में ठेकुआ बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस दौरान साफ-सफाई और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। हर वर्ष की भांति इस बार भी महानगर में छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसी क्रम में धर्मशीला देवी ने छठ महापर्व की तैयारियों के क्रम में महिलाओं को पूजा की परंपराओं एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान गेहूँ को स्वच्छ स्थान पर सुखाने, साफ-सफाई एवं प्रसाद की शुद्धता का विशेष ध्यान रखने के बारे में बताया। महिलाओं ने छठ पूजा की परंपराओं, सूर्य उपासना और लोक आस्था के महत्व पर चर्चा की। बता दें कि ठेकुआ का पूजा में महत्व होता है, जोकि गेंहू से बनाया जाता है। गेंहू धोकर, सुखाकर फिर घर पर पीसकर महिलाएं देशी घी से घर पर ही ठेकुआ बनाती है। पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि इस बार 13 नवम्बर को नहाए खाए, 14 को खरना होगा। जिसमें महिलाएं दिन भर व्रत रखेगी फिर शाम को खीर बनाएंगी। 15 को डूबते सूर्य को अर्घ्य व 16को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा संपन्न होगी। पूर्वांचल परिवार लगभग छठ पूजा अजीजगंथ, रिलायंस टाउनशिप, कृभको, लोदीपुर, हनुमतधाम, पीपल घाट ओसीएफ आदि स्थानों पर करेगें। जनपद में पूर्वांचल के लोगों कीआबादी लगभग 20 हजार होगी। पूजा शाहजहांपुर मे 45 साल से हो रही हैं।



एसपी के निर्देशन में सीओ सिटी ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था परखी

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में आज क्षेत्राधिकारी नगर ने कोतवाली पुलिस बल के साथ शहर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सीओ ने थाना कोतवाली क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया। गश्त के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण कर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नियमित गश्त की जाये और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पैदल गश्त के दौरान आम लोगों से संवाद कर पुलिस ने सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश भी दिया। गौरतलब है कि जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शाहजहाँपुर पुलिस लगातार सक्रिय है।



घटिया निर्माण ने ली मासूम की दो उंगलियां, निर्माणाधीन पार्क का फौव्वारा गिरने से सात बच्ची घायल

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

आदर्श नगर पंचायत मैलानी में विकास कार्यों की गुणवत्ता और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार की सुबह 10 बजे वार्ड संख्या चार में निर्माणाधीन पार्क में लगाया गया फव्वारा अचानक गिरने से सात वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में बच्ची के हाथ की दो उंगलियां कटकर अलग हो गईं। दर्दनाक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गंभीर हालत में परिजन बच्ची को उपचार के लिए लखीमपुर लेकर रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर चार निवासी मुजीम की सात वर्षीय पुत्री जेबा पार्क में मौजूद थी। इसी दौरान पार्क में लगा फव्वारा अचानक गिर पड़ा और बच्ची उसकी चपेट में आ गई। हादसा इतना गंभीर था कि उसके हाथ की दो उंगलियां कटकर अलग हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल बच्ची को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए।



निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल, निगरानी व्यवस्था भी कठघरे में: इस घटना ने आदर्श नगर पंचायत में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पोल खोलकर रख दी है। सवाल उठ रहा है कि निर्माणाधीन पार्क में लगाए गए फव्वारे की मजबूती और सुरक्षा की जांच आखिर किस स्तर पर की गई थी ? यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया गया था तो फव्वारा इतनी आसानी से कैसे गिर गया ? क्या कार्यदायी संस्था ने निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी की और क्या संबंधित अधिकारियों ने निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण किया था ? नगर पंचायत के जेई अनिल यादव की निगरानी और जिम्मेदारी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

गरीब परिवार पर टूटा मुसीबतों का पहाड़: हादसे का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि घायल बच्ची का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। बच्ची के पिता मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में मासूम के साथ हुए इस हादसे ने परिवार के सामने इलाज और भविष्य की चिंता खड़ी कर दी है। सरकारी धन से बन रहे पार्क में कथित लापरवाही का खामियाजा एक गरीब मजदूर की मासूम बेटी को अपनी दो उंगलियां गंवाकर भुगतना पड़ा।

जेई ने नहीं उठाया फोन, ईओ ने कार्रवाई का दिया भरोसा: निर्माण कार्य की गुणवत्ता और घटना के संबंध में नगर पंचायत के जेई अनिल यादव से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विजय बहादुर यादव ने बताया कि वार्ड संख्या चार के निर्माणाधीन पार्क में हुई घटना की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। वह स्थलीय निरीक्षण कराएंगे और जांच के बाद जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सात वर्षीय मासूम जेबा की दो उंगलियां गंवाने की यह घटना नगर पंचायत की निर्माण व्यवस्था और निगरानी तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।

किसानों के परिवार को मिला आर्थिक सहारा, किसी के सपनों को मिली उड़ान

सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 383 लाभार्थियों को मिली आर्थिक सहायता, पांच को सौंपे डेमो चेक

- कलेक्ट्रेट में विधायक ने डीएम संग किया कार्यक्रम का शुभारंभ सीएम के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

प्रदेश सरकार ने एक ओर दुर्घटना से प्रभावित किसान परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया, तो दूसरी ओर युवाओं को पारदर्शी चयन प्रक्रिया के जरिए सरकारी सेवा से जुड़ने का अवसर दिया। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 383 लाभार्थियों को 15 करोड़ 30 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई। वहीं, जिले को राजस्व विभाग में 18 नव चयनित कनिष्ठ सहायक प्राप्त हुए हैं। इनको नियुक्ति पत्र वितरण के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में इन नवचयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा ने डीएम अंजनी कुमार सिंह एवं एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी, एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुवा राजू आर की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से राजस्व विभाग में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत नवचयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। अटल सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना।



383 लाभार्थियों के खातों तक पहुंची 15.30 करोड़ की सहायता: जनपद में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कुल 325 स्वीकृत दावों के सापेक्ष 383 लाभार्थियों को 15 करोड़ 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता वितरित की गई। इस अवसर पर पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक प्रदान किए गए। योजना के माध्यम से दुर्घटना से प्रभावित किसान परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं संबल प्रदान किया जा रहा है।

18 युवाओं को राजस्व विभाग में मिली सरकारी सेवा की सौगात: जनपद के युवाओं के लिए राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक पदों पर चयन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से जनपद को कुल 18 कनिष्ठ सहायक प्राप्त हुए हैं। इनमें जनपद के 12 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जबकि शेष चयनित अभ्यर्थी अन्य जनपदों के निवासी हैं। सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवा में अवसर मिलने से चयनित युवाओं और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है।

सूचना

मैं RAVINDER SINGH आर्मी नम्बर- 4582996H रैंक- LNK मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरी सुपुत्री का नाम JAANVI SIROHI व जन्मतिथि- 28.10.2017 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही नाम JAANVI व सही जन्मतिथि- 28.10.2017 है।

सूचना

मैं ANURADHA मेरे पति RAVINDER SINGH आर्मी नम्बर- 4582996H रैंक- LNK के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम ANURADHA DEVI व जन्मतिथि- 01.06.1989 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही नाम ANURADHA व सही जन्मतिथि- 20.06.1989 है।

सूचना

मैं PARSHURAM MAJHI, मेरे पुत्र SANJAYA KUMAR MAJHI, आर्मी नम्बर-4289061M, रैंक-HAV, के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम PARASURAM MAJHI व जन्मतिथि 18.10.1960 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही नाम PARSHURAM MAJHI व सही जन्मतिथि 01.01.1959 है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

मैं PARBATI MAJHI मेरे पुत्र SANJAYA KUMAR MAJHI आर्मी नम्बर- 4289061M रैंक- HAV के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम PRAVATI MAJHI व जन्मतिथि- 22.04.1963 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही नाम PARBATI MAJHI व सही जन्मतिथि- 19.10.1962 है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद भारतीय नीति-निर्माताओं को संपर्क बढ़ाने की जरूरत

कल्याणी शंकर

हाल ही में हुए अमेरिकी मध्यावधि चुनावों ने अमेरिकी राजनीति में नई जटिलताएं पैदा कर दी हैं, लेकिन भारत-अमेरिका संबंध मूल रूप से मजबूत बने हुए हैं। भारत को दोनों प्रमुख अमेरिकी दलों (डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन्स) का समर्थन बनाए रखना होगा और अमेरिका की बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार खुद को ढालना होगा। चूंकि दोनों देश चूंकि वैश्विक चुनौतियोंकृजैसे बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा, आर्थिक बदलाव और जलवायु परिवर्तनकृका सामना कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उनके बीच की साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण होगी। दोनों अमेरिकी दलों का समर्थन बनाए रखने, नीतिगत बदलावों के बीच तालमेल बिठाने और अमेरिका के विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग बढ़ाने में भारत के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं और कुछ नए अवसर भी। चूंकि दोनों लोकतंत्र साझा वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए उनकी साझेदारी की मजबूती क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों को प्रभावित करती रहेगी। मध्यावधि चुनावों के नतीजों से अमेरिकी संसद (कांग्रेस) बंट गई हैकृसीनेट पर अभी भी डेमोक्रेट्स का नियंत्रण है, जबकि हाउस (प्रतिनिधि सभा) अब रिपब्लिकन्स के पास है। भारत के लिए इसका मतलब यह है कि नीतियां तो काफी हद तक वैसी ही रहेंगी, लेकिन अमेरिकी फैसलों की प्रक्रिया धीमी हो सकती है और उनके बारे में पहले से अंदाजा लगाना मुश्किल हो सकता है। विदेश मामलों, रक्षा और व्यापार से जुड़ी अहम समितियों में नए नेता आ सकते हैं और उनकी प्राथमिकताएं भी बदल सकती हैं। इसलिए, भारत को दोनों दलों के नेताओं के साथ संपर्क बनाए रखना चाहिए और अमेरिकी विधायी एजंडे में होने वाले बदलावों पर नजर रखनी चाहिए। भारत-अमेरिका संबंधों को दोनों अमेरिकी दलों का मजबूत समर्थन हासिल है। दोनों ही दल भारत को श्इंडो-पैसिफिक्रश् क्षेत्र में स्थिरता के लिए और चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए एक अहम देश मानते हैं। रक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग पहले की तरह जारी रहना चाहिए, लेकिन व्यापार, रक्षा या आव्रजन (इमिग्रेशन) से जुड़ी नई पहलों में देरी हो सकती है। भारतीय अधिकारियों को अमेरिका के राजनीतिक, कारोबारी और सामुदायिक नेताओं के साथ व्यापक संपर्क बनाए रखना होगा।

अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, और दोनों देशों के बीच बड़े पैमाने पर व्यापार और निवेश होता है। मध्यावधि चुनावों के कारण व्यापार नीति में कोई बहुत बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है, लेकिन टैरिफ (शुल्क), बाजार तक पहुंच और सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर फिर से बहस छिड़ सकती है। फार्मास्यूटिकल्स, आईटी और कृषि जैसे क्षेत्र अमेरिकी नीतियों में होने वाले बदलावों के प्रति संवेदनशील हैं। साथ ही, तकनीक या बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) में भारतीय निवेश की अधिक बारीकी से जांच की जा सकती है। फिलहाल चल रही व्यापार वार्ता से एक सीमित समझौता हो सकता है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा। प्रौद्योगिकी और नवाचार (इनोवेशन) भारत-अमेरिका संबंधों के मुख्य आधार बने हुए हैं। इसमें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), साइबर सुरक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध शामिल हैं। तकनीकी हस्तांतरण, डेटा और डिजिटल नीति पर अमेरिकी कांग्रेस के कदम भारतीय कंपनियों को सीधे प्रभावित करते हैं। भारतीय पेशेवरों के लिए आव्रजन (इमिग्रेशन), विशेष रूप से एच-1बी वीजा, बहुत महत्वपूर्ण है, हालांकि इसमें बड़े सुधारों की संभावना कम ही है। अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती संख्या, अपनी वकालत और सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाती है। दोनों देश एक स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र और चीन के प्रभाव को रोकने में समान रुचि रखते हैं। रक्षा सहयोग, संयुक्त सैन्य अभ्यास और खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान जारी रहेगा, हालांकि अमेरिकी कांग्रेस की समीक्षाओं के कारण हथियारों की बिक्री और तकनीकी हस्तांतरण की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। रूस और ईरान के प्रति अमेरिकी नीति भी भारत को प्रभावित करेगी, खासकर ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय कूटनीति के मामले में। जलवायु और सार्वजनिक स्वास्थ्य अब अधिक प्राथमिकता वाले विषय बन गए हैं, लेकिन अमेरिकी कांग्रेस के भीतर मतभेदों के कारण इस दिशा में प्रगति धीमी हो सकती है। अमेरिका और भारत स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु अनुकूलन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं, जिसमें संयुक्त अनुसंधान और नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) में निवेश शामिल है। भारत का फार्मा उद्योग अमेरिकी नियामक बदलावों पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि भारत जेनेरिक दवाओं का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। मध्यावधि चुनाव के परिणाम अनिश्चितता लेकर आए हैं, लेकिन साथ ही इससे नए अवसर भी पैदा होने की संभावनाएं हैं। भारत अमेरिकी राज्यों, शहरों, व्यापार समूहों और नागरिक समाज के साथ अपना सहयोग गहरा कर सकता है। इससे संघीय स्तर के अलावा अन्य स्तरों पर भी साझेदारी को विविधतापूर्ण और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। व्यापक संबंध बनाना ही भविष्य में निरंतर मजबूती बनाए रखने की कुंजी होगी। मध्यावधि चुनावों की चुनौतियों के बावजूद, अमेरिका-भारत संबंधों की नींव मजबूत बनी हुई है। भारत को अमेरिकी कांग्रेस की दोनों प्रमुख पार्टियों (डेमोक्रेट और रिपब्लिकन) का समर्थन बनाए रखना चाहिए, बदलती अमेरिकी नीतियों के अनुसार खुद को ढालना चाहिए और अपने जुड़ाव का दायरा बढ़ाना चाहिए। निरंतर सहयोग से यह साझेदारी और फलेगी-फूलेगी तथा वैश्विक मामलों को आकार देने में मदद करेगी।

एसआईआर पर नए सवाल




वोट चोरी और एसआईआर इन दो मुद्दों पर चुनाव आयोग की संदिग्ध भूमिका पर अब एक और बड़ा खुलासा हुआ है। द रिपोर्टर्स कलेक्टिव की एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 51 सीटों पर डाले गए वोटों और गिने गए वोटों में भारी अंतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईवीएम से गिने गए वोट और बूथ में दाखिल मतदाताओं की संख्या मेल खानी चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग ने ये सारे ब्यौरे सार्वजनिक ही नहीं किए। इस धांधली को आसान भाषा में समझाने के लिए बैंक का उदाहरण दिया गया है कि बैंक लोगों के जमा किए गए नोटों की रखवाली करता है। बैंक में जमा किए गए नोट और निकाले गए नोट की गिनती मेल न खाए तो इसका मतलब यही है कि बैंक में किसने कितना जमा किया और किसने कितना निकाला इसका हिसाब बैंक नहीं दे पाए तो यह नोटों की चोरी होगी। ठीक ऐसे ही चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह हरेक वोट का हिसाब रखे, लेकिन जो रिपोर्ट सामने आई है, वह वोट चोरी के भयानक खेल को उजागर करती है।

बता दें कि हर बूथ यानी मतदान केंद्र के पोलिंग अधिकारी को दो गिनतियों की जिम्मेदारी दी जाती है, एक-कितने मतदाता बूथ में आए, दो-कितने वोट डाले गए। अगर इन दोनों गिनतियों में मेल नहीं होता है, तो इसका मतलब है कि गड़बड़ी हुई है। 2019 के आम चुनाव तक चुनाव आयोग हर बूथ में मतदान के आंकड़े सार्वजनिक करता था। लेकिन 2019 के बाद से यह जरूरी काम चुनाव आयोग ने बंद कर दिया। अगर चुनाव आयोग यह काम जारी रखता तो किसी भी मतदान केंद्र में की गई गड़बड़ी का पता चल जाता, लेकिन अब ऐसा नहीं है। लिहाजा खोजी पत्रकारों को इस काम में लगना पड़ा है। रिपोटर्स कलेक्टिव ने 530 निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों की तरफसे जमा की गई आंतरिक रिपोर्ट तक पहुंच बनाई, फिर 4212 पक्के दस्तावेज को डिजीटाइज किया और फिर इन डिजीटल कॉपियों का मूल्यांकन किया। जिसमें अभी 51 सीटों की गड़बड़ी सामने आई है। इनमें 19 सीटों पर आयोग के अधिकारियों ने बूथ में दाखिल वोटरों की संख्या शून्य दिखाई है। इसके दो मतलब हैं, या तो किसी ने वोट ही नहीं डाला, या जो दस्तावेज मौजूद हैं वे फर्जी हैं। महाराष्ट्र और हरियाणा की 39 सीटों पर डाले गए वोट और गिने गए वोट में भारी अंतर है। जैसे हरियाणा की बड़खल सीट पर 3.32 लाख वोट पड़े, लेकिन गिने गए सिर्फ 1.60 लाख। यहां से कांग्रेस के विजय प्रताप सिंह 6000 वोटों से हार गए। उन्होंने धांधली की शिकायत करते हुए कोर्ट का रुख किया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया, तो मोदी सरकार ने नियमों में बदलाव कर दिए और नागरिकों को चुनावी दस्तावेज हासिल करने से प्रतिबंधित कर दिया। रिपोर्ट में ऐसे कई गंभीर खुलासे हैं और माना जा रहा है कि अभी ऐसी कई और बड़ी गड़बड़ियां सामने आएंगी। लेकिन असल में ये सीधे-सीधे चुनाव चोरी ही है। राहुल गांधी ने 2024 के चुनाव के बाद भी कहा था कि अगर धांधली न होती तो भाजपा इतनी सीटें भी न जीत पाती। लोकतंत्र के लिए खतरनाक बात यह है कि तब से अब तक धांधली का स्तर और दुस्साहस काफी बढ़ गया है। अभी जिस तरह एसआईआर पर ही चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है, विपक्ष आंदोलन तक करने पर मजबूर हो गया यहां तक कि उसे मॉक पार्लियामेंट लगाकर ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग का प्रस्ताव लाना पड़ा क्योंकि बाकी सारे दरवाजे बंद कर दिए गए हैं, उससे समझ आता है कि कहीं कोई इतना बड़ा धोखा जनतंत्र के साथ किया गया है, जिसे हरसंभव तरीके से छिपाने की कोशिश की जा रही है। अगर बात खुल जाएगी तो न केवल ज्ञानेश कुमार बल्कि नरेन्द्र मोदी की कुर्सी भी जाएगी। क्योंकि लोकसभा समेत कई चुनावों के परिणाम अब अवैध लगने लगे हैं। अभी एसआईआर पर एक नया खुलासा हुआ है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग जिन मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए अपील कर रहा है, उनमें 89.5 प्रतिशत नाम मुस्लिम समुदाय के हैं। खास बात यह है कि इन मतदाताओं को न्यायिक अधिकारियों ने पहले ही मतदाता सूची में शामिल किए जाने के योग्य माना था। इसी तरह कर्नाटक में मुस्लिम विधायकों के प्रतिनिधित्व वाले 10 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं के 27.59 प्रतिशत नाम एसआईआर के दौरान हटा दिए गए हैं। यह सब महज संयोग नहीं है, चुनाव चोरी के बड़ी पहेली का एक छोटा हिस्सा है। एक हिस्से का खुलासा तो खुद भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। उनके अनुसार, उत्तर प्रदेश की प्रारूप मतदाता सूची से करीब 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं। एक चौनल पर उन्होंने दावा किया है कि एसआईआर के बाद प्रदेश की मतदाता सूची में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में 1.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने इस पर अपनी पार्टी या चुनाव आयोग पर सवाल नहीं उठाया, बल्कि विपक्षी सपा के नेता अखिलेश यादव के लिए कहा कि उनसे बोलो ना मांग करें कि एसआईआर वापस ले लिया जाए। वो मांग नहीं करेंगे, इसलिए नहीं मांग करेंगे क्योंकि यूपी के अंदर एसआईआर के पहले जितने मुस्लिम मतदाता थे, उसमें काफी बढ़ोतरी हुई है। योगी का यह बयान विरोधाभासों से भरा हुआ है। अखिलेश यादव ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शामिल आंदोलन में शामिल हुए हैं। एसआईआर की सत्यता पर वे कई बार सवाल उठा चुके हैं।

फिर भी मान लें कि वे एसआईआर खारिज करने नहीं कहेंगे क्योंकि उसमें मुस्लिम मतदाताओं की संख्या बढ़ी है, तो खुद योगी ऐसी मांग क्यों नहीं कर देते। इससे भी बड़ा सवाल तो भाजपा के लिए है कि जब उसके नेता एसआईआर को सही नहीं मान रहे तो फिर विपक्षी नेताओं की आपत्ति पर भाजपा को ऐतराज क्यों होता है। एसआईआर में कहीं हिंदुओं की संख्या कम करने और कहीं मुस्लिमों की संख्या कम करने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं तो क्या चुनाव आयोग को लोकतंत्र की खातिर फौरन इसकी जांच होने तक स्थगित नहीं कर देना चाहिए। अगर चुनाव आयोग वोटों का हिसाब न रख सके, अगर एसआईआर में सांप्रदायिक विद्वेष को नहीं रोक पाए, अगर वह निष्पक्ष चुनाव करवाने के लायक न रहे, तो क्या ज्ञानेश कुमार को तत्काल इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता का सवाल

अरुण कुमार डनायक



लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची नागरिक के राजनीतिक अधिकार की आधारशिला है। इसमें अपात्र व्यक्ति का नाम होना जितना अनुचित है, उतना ही गंभीर किसी पात्र नागरिक का नाम हटाया जाना भी है। इसलिए नियमित पुनरीक्षण आवश्यक है, लेकिन इसकी प्रक्रिया और पारदर्शिता निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता तथा लोकतंत्र में नागरिकों के विश्वास से जुड़ी है। देश के अनेक राज्यों में चल रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इसी कसौटी पर चर्चा के केंद्र में है। क्या नागरिक इस प्रक्रिया से अनभिज्ञ थे? पूरी तरह ऐसा नहीं कहा जा सकता। आयोग ने जागरूकता अभियान चलाया, फिर भी अनेक लोग प्रक्रिया की गंभीरता और समय पर प्रपत्र न भरने के परिणामों से अनजान रहे। कुछ रोजगार में व्यस्त थे तो कुछ तक सूचना नहीं पहुंची। लेकिन नागरिकों की अनभिज्ञता आयोग को अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करती। उसका दायित्व सूचना पहुंचाने के साथ आवश्यक सहायता देना भी है। विशेष गहन पुनरीक्षण के विभिन्न चरणों में देशभर की प्रारूप मतदाता सूचियों से लगभग 13.37 करोड़ नाम हटाए गए थे। बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में इस प्रक्रिया को लेकर विशेष विवाद और असंतोष सामने आया। हटाए गए नामों में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाता शामिल हो सकते हैं। लेकिन इतने बड़े पैमाने पर नाम हटने के बाद यह जांचना जरूरी है कि कितने नाम उचित कारणों से हटे और कितने पात्र मतदाता प्रशासनिक या तकनीकी त्रुटियों के शिकार हुए। अनेक लोगों की शिकायत थी कि लंबे समय से क्षेत्र में रहने और बीएलओ के सामने गणना प्रपत्र भरने के बावजूद प्रारूप सूची से उनके नाम गायब थे। कुछ को स्थानांतरित बताकर हटा दिया गया, जबकि कुछ को मृत बता कर। ऐसे मामले मतदाता सूची की शुद्धता के साथ किसी व्यक्ति को अनुपस्थित या स्थानांतरित घोषित करने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हैं। दूसरी ओर, विशेष शिविरों में कम उपस्थिति भी नागरिकों की उदासीनता दर्शाती है। अनेक लोगों को नाम हटाए जाने की जानकारी नहीं थी या वे प्रपत्र और दस्तावेजों को लेकर असमंजस में थे। दिहाड़ी मजदूरों के लिए काम छोड़कर शिविर पहुंचना कठिन था। पुराने दस्तावेज न होने पर बार-बार कार्यालय जाने से भी लोग बचते रहे। वर्ष 2002 की पुरानी मतदाता सूची से अपना या माता-पिता का संबंध स्थापित करना भी अनेक लोगों के लिए कठिन रहा। कई लोगों को उस समय का मतदान केंद्र या विधानसभा क्षेत्र याद नहीं था। जिनका पुरानी सूची से संबंध नहीं जुड़ पाया, उन्हें वैकल्पिक दस्तावेज जुटाने पड़े। कुछ आवेदकों को यह स्पष्ट नहीं था कि कौन-से दस्तावेज मान्य होंगे। पुरानी सूची सत्यापन का एक माध्यम हो सकती है, लेकिन उसके आधार पर संबंध स्थापित न कर पाने वालों को वर्तमान वैध दस्तावेजों से अपनी पात्रता प्रमाणित करने की सहज सुविधा मिलनी चाहिए। इस प्रक्रिया में बीएलओ पर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने, अनुपस्थित लोगों की जानकारी जुटाने, नोटिस पाने वालों से संपर्क करने और शिविरों में काम करने की जिम्मेदारी है। मकान संख्या दर्ज न होने से घरों की पहचान में भी कठिनाई आती है। महीनों तक क्षेत्र में काम करने से उनके नियमित कार्यालयीन दायित्व प्रभावित होते हैं। पर्याप्त संसाधन और सहयोग दिए बिना सर्वेक्षण, सत्यापन और मतदाताओं की सहायता का पूरा भार बीएलओ पर डालना उचित नहीं है। कठिनाइयां सामने आने पर आयोग ने विशेष शिविर लगाए, अधिकारियों की संख्या बढ़ाई, नोटिसों के निपटारे में छूट दी और कई राज्यों में समय-सीमा बढ़ाई। दिल्ली में भी अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख आगे बढ़ाई गई। ये कदम बताते हैं कि प्रक्रिया में सुधार की जरूरत पड़ी। सवाल है कि अनुभवी अधिकारियों और तीनों निर्वाचन आयुक्तों की मौजूदगी के बावजूद इन कठिनाइयों का पूर्वानुमान क्यों नहीं लगाया गया? यह आयोग की योजना, तैयारी और कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े करता है। सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल हलफनामे में आयोग ने एसआईआर के प्रमुख निर्णयों को तीनों निर्वाचन आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। दूसरी ओर, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की ओर से दर्ज टिप्पणियों और आपत्तियों की खबरें भी सामने आई हैं। आयोग का कहना है कि व्यक्तिगत टिप्पणियां अपने आप में आयोग के निर्णय नहीं हैं। मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या निर्णय लेने से पहले सभी आयुक्तों को पर्याप्त जानकारी और परामर्श मिला? फॉर्म-6 के साथ अतिरिक्त घोषणा-पत्र जोड़ने का विवाद भी इसी संदर्भ में उल्लेखनीय है। आयोग के अनुसार, फॉर्म-6 में औपचारिक संशोधन नहीं किया गया था, बल्कि पुराने मतदाता रिकॉर्ड का विवरण देने के लिए अलग घोषणा-पत्र जोड़ा गया था। आयोग ने स्वीकार किया कि ऑनलाइन पोर्टल पर इसे फॉर्म के साथ प्रदर्शित करने से संशोधन का भ्रम पैदा हो सकता था। बाद में दोनों को अलग करने का निर्णय लिया गया। सवाल है कि महत्वपूर्ण वैधानिक प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले प्रपत्र को लागू करने से पहले पर्याप्त स्पष्टता क्यों नहीं बरती गई? यह प्रकरण आयोग की आंतरिक परामर्श और निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्न उठाता है। उत्तर प्रदेश की विधान परिषद की मतदाता सूची में सामने आई 158 असामान्य प्रविष्टियां भी तकनीकी व्यवस्था के साथ मानवीय जांच और सत्यापन की जरूरत रेखांकित करती हैं। 14.81 लाख प्रविष्टियों में इनकी संख्या भले कम हो, लेकिन ऐसी गलतियां बताती हैं कि केवल सॉफ्टवेयर पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। मतदाता सूची पुनरीक्षण में निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और शिक्षकों की सेवाएं लेने पर विचार किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए स्पष्ट कानूनी प्रावधान, पारदर्शी चयन, प्रशिक्षण और जवाबदेही जरूरी है। निर्वाचन आयोग अपना स्थायी प्रशिक्षित तकनीकी और मैदानी कर्मचारी ढांचा विकसित करे, ताकि बीएलओ पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और अंतिम सत्यापन तथा निर्णय वैधानिक निर्वाचन अधिकारियों के पास रहें। एसआईआर की विश्वसनीयता के लिए नाम हटाने से पहले मतदाता को व्यक्तिगत सूचना और पक्ष रखने का अवसर मिले। केवल बीएलओ की रिपोर्ट पर नाम न हटे तथा वैकल्पिक दस्तावेजों से सत्यापन की सुविधा हो। आवेदन और शिकायत की व्यवस्था सरल बने। मतदाता सूची से सम्बंधित मामलों के आंकड़े सार्वजनिक हों। निगरानी में राजनीतिक दलों के साथ स्वतंत्र सामाजिक संगठनों को भी शामिल किया जाए। मतदाता सूची की शुद्धता और नागरिकों के मताधिकार दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। निर्वाचन आयोग की सफलता केवल हटाए गए नामों या निपटाए गए प्रपत्रों की संख्या से नहीं, बल्कि इससे आंकी जानी चाहिए कि कितने पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रहा और गलती से हटाए गए नाम कितनी सहजता से पुनरू जोड़े गए। लोकतंत्र में मताधिकार शासन की कृपा नहीं, नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इस अधिकार की रक्षा करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना ही आयोग की विश्वसनीयता की असली कसौटी है।

हिंदू त्योहारों से भारत के हर घर में पहुंचता उजास, दीपावली दे गई अर्थव्यवस्था को नई शक्ति

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



भारत की सांस्कृतिक चेतना में हिंदू त्योहारों का स्थान घर-आंगन में खुशियों का उजास भरने से लेकर देश की सामाजिक एकजुटता, पारिवारिक परंपराओं, लोककलाओं और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा देने तक व्यापक है। दीपावली इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। मिट्टी के दीयों से रोशन होते घर, बाजारों में उमड़ती भीड़, कारीगरों के हाथों से आकार लेते स्वदेशी उत्पाद, मिठाइयों की मिठास और अपनों के बीच उपहारों का आदान-प्रदान, ये सभी मिलकर एक ऐसी आर्थिक श्रृंखला का निर्माण करते हैं, जिसका लाभ समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचता है।

इस साल की दीपावली भी हमेशा की तरह देश के सांस्कृतिक सामर्थ्य को आर्थिक शक्ति में बदलते हुए भारतीय व्यापार के इतिहास में नया अध्याय जोड़ गई। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के आकलन के अनुसार, नवरात्रि से दीपावली तक देशभर में लगभग सात लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। भारतीय पर्वों की विशेषता ही है कि उनकी जड़ें धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में होती हैं, जबकि उनका प्रभाव समाज और अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों तक पहुंचता है। दीपावली पर घरों की सफाई, रंगाई-पुताई, सजावट, नए वस्त्रों की खरीदारी, आभूषण, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मिठाइयां और उपहारों की खरीद जैसे अनेक कार्य एक साथ गति पकड़ते हैं। इससे उत्पादन, परिवहन, विपणन, खुदरा व्यापार और सेवा क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ती हैं। देश के करोड़ों छोटे-बड़े व्यापारियों, दुकानदारों, कारीगरों, श्रमिकों और उद्यमियों के लिए यह पर्व वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण कारोबारी अवसरों में शामिल है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल की ओर से साझा किए गए आकलन के मुताबिक, वर्ष 2025 के त्योहारी कारोबार का आंकड़ा 6.05 लाख करोड़ रुपये था, जबकि 2024 में यह 4.25 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2026 में लगभग सात लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा कारोबार पिछले वर्ष की तुलना में 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वहीं यह वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और महंगाई की चुनौतियों के बीच भारतीय बाजारों का यह प्रदर्शन हिन्दू त्योहारों का घरेलू उपभोग के नजरिए से एक ताकत के रूप में रेखांकित करता है। दीपावली के आर्थिक महोत्सव में धनतेरस सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा। भारतीय परंपरा में इस दिन सोना, चांदी, बर्तन और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीद को शुभ माना जाता है। इस साल धनतेरस के दिन देशभर में लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया गया। इसमें सोने और चांदी की बिक्री का योगदान 66 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। आभूषणों के साथ सोने के सिक्के, चांदी के बर्तन और लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं की मांग भी खूब रही। भारतीय परिवार शुभ अवसर पर खरीदारी को समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं। आभूषण उद्योग से जुड़े छोटे सुनारों, पारंपरिक कारीगरों और बड़े प्रतिष्ठानों तक इस मांग का लाभ पहुंचता है, जिसमें कि देश की राजधानी दिल्ली इस त्योहारी कारोबार का सबसे बड़ा केंद्र रही। कैट के आकलन के अनुसार, दिल्ली में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के व्यापारियों ने भी दिल्ली के थोक बाजारों से बड़े पैमाने पर खरीदारी की। आंकड़ों के अनुसार, कुल त्योहारी कारोबार का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा पारंपरिक बाजारों के माध्यम से हुआ। इसके विपरीत ऑनलाइन व्यापार की हिस्सेदारी करीब 15 प्रतिशत रही। क्रिक कॉमर्स के ऑर्डर में पिछले वर्ष की तुलना में 75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। दीपावली के आर्थिक प्रभाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष छोटे शहरों में प्रदर्शन रहा। जहां दीपावली की एक विशेष उपलब्धि स्वदेशी उत्पादों के प्रति बढ़ता आकर्षण था। वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी दीपावली जैसे अभियानों का असर बाजारों में दिखाई दिया। मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री, पारंपरिक बंदनवार, कंदील, खादी, हथकरघा वस्त्र और पर्यावरण के अनुकूल पूजन सामग्री की मांग बढ़ी। इसका सीधा लाभ कुम्हारों, हस्तशिल्पियों, महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और लघु एवं कुटीर उद्योगों को मिला। त्योहारों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलता है और पारंपरिक हुनर को आजीविका का आधार प्राप्त होता है। वस्तुत- यह भारतीय अर्थव्यवस्था का ऐसा पक्ष है, जिसका मूल्यांकन बड़े औद्योगिक आंकड़ों से आगे जाकर किया जाना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी का अर्थ है देश के भीतर उत्पादन, रोजगार और पूंजी के प्रवाह को प्रोत्साहन देना। जब कोई परिवार स्थानीय कुम्हार से दीये खरीदता है या किसी ग्रामीण महिला समूह से सजावटी सामग्री लेता है, तब उस खरीदारी का लाभ सीधे उत्पादक परिवार तक पहुंचता है। यही आर्थिक आत्मनिर्भरता की जमीनी अभिव्यक्ति है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, कपड़ा, आभूषण, मिठाई, सूखे मेवे और घरेलू सजावट के बाजारों में भी तेजी रही। स्मार्टफोन, बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन जैसे उपकरणों की बिक्री बढ़ी। वाहन बाजार में एसयूवी, दोपहिया वाहनों और इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति ग्राहकों का रुझान दिखाई दिया। पारंपरिक साड़ियों, कुर्ता-पायजामा, शेरवानी और आधुनिक परिधानों की मांग से वस्त्र उद्योग को गति मिली। इस आर्थिक गतिविधि का विस्तार होटल, रेस्तरां, पर्यटन, परिवहन, पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स तक हुआ। कैट के आकलन के अनुसार, सेवा क्षेत्र का कारोबार 80 हजार करोड़ से एक लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचा। त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए परिवहन और वितरण से जुड़े क्षेत्रों में अस्थायी रोजगार के अवसर भी बढ़े। इससे श्रमिकों और छोटे सेवा प्रदाताओं को अतिरिक्त आय मिली। ग्रामीण भारत का योगदान भी विशेष महत्व रखता है। कुल त्योहारी बिक्री में इन क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 28 प्रतिशत आंकी गई। डिजिटल भुगतान और यूपीआई ने छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक लेनदेन को आसान बनाया। इससे छोटे शहरों की आर्थिक भागीदारी और अधिक व्यापक हुई। ऐसे में कहना यही होगा कि दीपावली का सात लाख करोड़ रुपये का कारोबार भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और आर्थिक सामर्थ्य के बीच गहरे संबंध को उजागर करता है। भारतीय त्योहारों की शक्ति इसी में है कि वे परिवारों को जोड़ते हैं, समाज में उत्साह भरते हैं और उत्पादन से लेकर उपभोग तक आर्थिक गतिविधियों का विशाल आधार तैयार करते हैं। आज सात लाख करोड़ रुपये का कारोबार होना इस बात का संकेत देता है कि देश की सांस्कृतिक जड़ें उसकी आर्थिक शक्ति का भी आधार भी बनी हुई हैं।

हिंदू त्योहारों से हर घर तक पहुंचने वाला उजास बाजारों, कारीगरों और उद्यमियों के जीवन में भी नई उम्मीद जगाता है। दीपावली का वास्तविक संदेश भी यही है कि परंपरा, स्वदेशी उत्पादन और आर्थिक सहभागिता का संगम भारत को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाने की क्षमता रखता है, जिसे देश में सतत बना रहना चाहिए। भारत का हर त्योहार देश की आर्थिक गति बढ़ा रहा है और विश्व के किसी भी देश में जीडीपी घटे, किंतु भारत सिर्फ हिन्दू त्योहारों से ही हर साल अपनी जीडीपी 4 प्रतिशत तक सहज ही बना लेता है, शेष अन्य क्षेत्रों से जीडीपी ग्रोथ बनी रहती ही है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मांगी दीर्घायु की कामना



सुमेरपुर। कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को भैया दूज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर घरों में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनके सुखी जीवन की कामना की। वहीं व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। लोगों ने अपने वाहनों का भी पूजन कर सुखद और सुरक्षित यात्रा की कामना की। कस्बे के साथ आसपास के गांवों में भी पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया।

कोल्ड ड्रिंक के रुपये मांगने पर दुकानदार पर ताना तमंचा, आरोपी गिरफ्तार

सुमेरपुर। कोल्ड ड्रिंक के रुपये मांगने पर युवक ने दुकानदार के सीने पर तमंचा तान दिया। घटना का वीडियो बनाने पर आरोपी ने दुकानदार के बेटे को भी तमंचा लेकर दौड़ा लिया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पलरा निवासी गोकरण प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब 10:30 बजे गांव का ही रामबहादुर प्रजापति उसकी दुकान पर पहुंचा और कोल्ड ड्रिंक ली। रुपये मांगने पर उसने तमंचा निकालकर उसके सीने पर लगा दिया। इस दौरान दुकानदार के बेटे ने घटना का वीडियो बना लिया। इससे नाराज होकर आरोपी ने उसे तमंचा लेकर दौड़ा लिया। बेटे ने भागकर जान बचाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रामबहादुर को गांव के मरवाहार से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

13 नवंबर को होगी दिशा की बैठक

झांसी। सांसद अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की स्थगित बैठक 13 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में आयोजित होगी। मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड़ ने यह जानकारी दी।

खेत से लौट रही महिला को पिकप ने रौंदा मौत

महोबा। अजनर थाना क्षेत्र के गंज गांव की रामश्री (करीब 40) खेत से काम करके घर लौट रही थीं। देर शाम मुख्य सड़क पर बागराजन मंदिर के पास पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वे रामश्री को मध्यप्रदेश के नौगांव अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिकअप मालिक अर्जुन वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। पिकअप गंज गांव की बताई गई है। चौकी प्रभारी राधामोहन त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और पिकअप को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। रामश्री के शव का पोस्टमार्टम नौगांव में किया गया। उनके परिवार में दो बच्चे हैं। घटना के बाद गांव के लोगों में आक्रोश है।

जलशक्ति राज्यमंत्री ने 15 लाभार्थियों को दिए 5-5 लाख के चेक



बांदा। जल शक्ति राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री दुर्बल कल्याण व आवास योजना के 15 लाभार्थियों को 5-5 लाख के प्रतीकात्मक चेक सौंपे। चेक पाकर सभी लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार व समाज मिलेंगे तो विकास कई गुना बढ़ेगा। अच्छी सरकार चुनती है तो सभी का विकास होता है। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने मुख्यमंत्री दुर्बल कल्याण और आवास योजना के तहत 15 लाभार्थियों मनोज कुमार, सविता, उषा, राम देवी, पुष्पा पटेल, ममता, जयकरण, गुलशन लाल, गोलू, उषा देवी, आशा यादव, सीमा देवी, राजकुमारी, अंजली सिंह और सुमन को 5-5 लाख के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इस दौरान जल शक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि कहा कि सरकार व समाज मिलेंगे तो विकास कई गुना बढ़ेगा। उन्होने कहा कि अच्छी सरकार चुनती है तो विकास होता है और पात्रों को योजनाओं का लाभ निष्पक्षता व पारदर्शिता से मिलता है। इस मौके पर एडीएम, उप जिलाधिकारी सदर मौजूद रहे।

दो जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा, दो फरार

बांदा। हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दो अभियुक्तों को मर्का थाना पुलिस ने रंगे हाथों दबोच लिया। अभियुक्तों के कब्जे से माल-फड़ व जामातलाशी के दौरान 2150 रुपये बरामद किए। जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाने को लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सुबह मर्का थाना पुलिस को सूचना मिली कि करहुली गांव स्थित शिव मंदिर के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस ने दबिश देकर मौके से दो जुआरियों मर्का थाना क्षेत्र के करहुली गांव निवासी रंजीत पुत्र रामचंद्र और इसी गांव के शिवबालक पुत्र घासिल को रंगे हाथों दबोच लिया। मौके से मालफड़ व जामा तलाशी के दौरान 2150 रूपए व ताश के पत्ते बरामद किए। जबकि इसी थाना क्षेत्र के करहुली गांव निवासी मानसिंह पुत्र मुन्ना और राजेश पुत्र छेदीलाल फरार हो गए। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मर्का थाना उप निरीक्षक कल्लूराम सरोज, हेड कांस्टेबल गजराज पटेल, कांस्टेबल पुनीत त्रिपाठी, विनोद यादव, रोहित यादव शामिल रहे।

कृषक दुर्घटना योजना: 86 लाभार्थियों को मिले 1.96 करोड़ रुपये

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।



मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जनपद के 86 लाभार्थियों को 1 करोड़ 96 लाख रुपये की सहायता राशि के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति और जिलाधिकारी अशोक कुमार ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 4,300 लाभार्थियों के खातों में 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि अंतरित की गई। साथ ही राजस्व विभाग में चयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लखनऊ से प्रसारित मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। विधायक ने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित कृषक परिवारों को आर्थिक संबल देने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। यह सहायता कठिन परिस्थितियों में परिवारों को राहत देगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चयनित युवाओं को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। जनपद के आठ अभ्यर्थियों का कनिष्ठ सहायक पद पर चयन हुआ है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार, विजय सिंह, रिजवाना शाहिद सहित संबंधित अधिकारी और लाभार्थी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की संयुक्त रैंकिंग में हमीरपुर प्रदेश में सातवें स्थान पर

- एक महीने में 20 पायदान का सुधार 27वीं से सीधे सातवीं रैंक पर पहुंचा जनपद

हमीरपुर। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की अक्टूबर माह की विकास एवं राजस्व संबंधी संयुक्त रैंकिंग में हमीरपुर ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। पिछले माह 27वें स्थान पर रहे जनपद ने 20 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष दस में जगह बनाई है। जिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में विभिन्न विभागों की योजनाओं की नियमित समीक्षा और निगरानी से यह सुधार दर्ज किया गया। राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण, राजस्व वसूली और शासन की प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया। कलेक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के डेटा सेंटर से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागवार प्रगति और आंकड़ों की नियमित निगरानी की गई। कम प्रगति वाले संकेतकों और तकनीकी कमियों को चिह्नित कर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया गया।ऊर्जा, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, कृषि, प्राथमिक शिक्षा, पंचायती राज, स्वास्थ्य और राजस्व विभागों के बेहतर प्रदर्शन से रैंकिंग में सुधार हुआ है। जिला प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों से इसी तरह कार्य जारी रखने को कहा है, ताकि आगामी महीनों में जनपद प्रदेश की शीर्ष तीन रैंकिंग में स्थान बना सके।

मौलाना अबुल कलाम आजाद सच्चे राष्ट्रवादी व हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल पक्षधर थे

- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जयंती मनाकर किया याद

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

एजुकेशनल एंड माइनॉरिटीज वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में ओरछा गेट स्थित मदर इंडिया कॉन्वेंट जूनियर हाईस्कूल में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. राजेश चौरसिया रहे तथा अध्यक्षता पूर्व सभासद अब्दुल जाबिर ने की।

वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आजाद सच्चे राष्ट्रवादी और हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और देश की आर्थिक एवं शैक्षिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके शिक्षा मंत्री रहते आईआईटी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी एवं ललित कला अकादमी जैसी संस्थाओं की स्थापना हुई। उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। वर्ष 1992 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद शफीक, मिर्जा नफीस, सलमान खान, अब्दुल खलील, अशरफ सर, राशिद मंसूरी, फिरोज खान, लोकेश भट्ट एवं चंद्रशेखर पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन एवं आभार मोहम्मद फारुक एडवोकेट ने व्यक्त किया।

भैयादूज पर मायके जा रही महिला का बैग गायब, नकदी और जेवरात थे रखे

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।

- वैन चालक पर बैग गायब करने का आरोप, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

भैया दूज पर ससुराल से मायके जा रही महिला का बैग रास्ते में गायब हो गया। बैग में दस हजार रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र, कान के टॉप्स और कपड़े रखे थे। महिला ने वैन चालक पर बैग गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कानपुर निवासी मधु ने बताया कि वह नौबस्ता से वैन संख्या यूपी 78 जेआर 8932 में सुमेरपुर आने के लिए सवार हुई थी। कस्बे में नेहा चौराहे पर उतरने के बाद उसका बैग गायब मिला। आरोप है कि चालक उसे कुछ देर तक इधर-उधर घुमाता रहा और बाद में मौदहा की ओर चला गया। महिला को अपने मायके सिसोलर थाना क्षेत्र के गऊघाट छानी गांव जाना था। तहरीर मिलने के बाद पुलिस चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उपनिरीक्षक अमोल सिंह ने बताया कि वैन की पहचान कर ली गई है। जांच की जा रही है। बैग कहां गायब हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त सड़क की जल सारथी ऐप पर करें शिकायत

- हमीरपुर में 1,204 किमी सड़कों की मरम्मत पूरी, 322 गांवों में भी शत-प्रतिशत कार्य का दावा

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।

जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीण जल सारथी ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत के साथ संबंधित सड़क की फोटो और वीडियो भी अपलोड करने की सुविधा दी गई है। जल जीवन मिशन के आधिकारिक पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार जनपद में पाइपलाइन बिछाने के बाद 1,204 किलोमीटर सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा 322 गांवों में भी सड़क मरम्मत का काम शत-प्रतिशत पूर्ण बताया गया है। पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को पूर्व की स्थिति में बहाल करना संबंधित कार्यदायी एजेंसियों की जिम्मेदारी है। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता की निगरानी की जा रही है। लापरवाही मिलने पर संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अभियंताओं की जवाबदेही तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता सजन कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के साथ सड़क पुनर्स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा।

शिकायत कैसे करें: ग्रामीण जल सारथी ऐप पर क्षतिग्रस्त सड़क की फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद संबंधित अधिकारी स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

कार्तिक मास में किया गया तप कई गुना फल देता है: पं. विष्णुनारायण मिश्रा

- गुरसराय में जगह-जगह हो रहे कार्तिक स्नान एवं धार्मिक अनुष्ठान



गुरसराय (झांसी)। कार्तिक मास में नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। जगह-जगह महिलाएं कार्तिक स्नान, पूजन एवं भजन-कीर्तन कर रही हैं। बड़ागांव उरई से आए कथा वाचक पं. विष्णुनारायण मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मास भगवान श्रीकृष्ण की आराधना का पवित्र महीना है। इस दौरान महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कार्तिक व्रत एवं स्नान विशेष फलदायी माना जाता है। अधिक मास में कार्तिक व्रत करने से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है।नगर के तालाब माता, रेंज चौराहा, गरौठा रोड, शिव मंदिर एवं गढ़ा मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्तिक अनुष्ठान चल रहे हैं। वहीं टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री माई कृपा हॉल में प्रातःकाल कार्तिक गीतों का गायन किया गया।इस दौरान पुष्पा परिहार, ममता मिश्रा, पुष्पा पाठक, पूजा मिश्रा, चांदनी, गुड्डी यादव, गायत्री सेन, सोनम सेन, ज्योति सिया पाठक, शीतल शर्मा, वंदना यादव एवं अर्चना यादव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ. रविन्द्र प्रकाश अरजरिया, मुकेश त्रिपाठी, लालजी गोपालजी शर्मा, भगवती शरण मिश्रा, रामप्रकाश अरजरिया, अरविंद दुबे एवं रामनारायण शास्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चार घरों में चोरी, हजारों के जेवरात नकदी पार

- दीपावली पर गांव गए थे लोग

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



शहर के दुबयानापुरा मोहल्ले में चोरों ने एक साथ चार सूने घरों को निशाना बनाया। मंगलवार और बुधवार की रात हुई वारदात के दौरान चोर ताले तोड़कर नगदी और जेवरात समेट ले गए। एक घर से एक लाख रुपए कीमत की सोने की चेन और 65 हजार रुपए नकद चोरी हुए हैं। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में दहशत है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर इलाके में एसआर पेट्रोल पंप के पीछे स्थित दुबयानापुरा मोहल्ले में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दीपावली पर कई परिवार अपने पैतृक गांव गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि चार सूने मकानों के ताले तोड़ दिए।

पीड़ित तीरथ राजपूत भी परिवार के साथ गांव गए थे। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें घर का ताला टूटने की सूचना दी। लौटकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर उनकी बड़ी बेटी की एक लाख रुपए कीमत की सोने की चेन और अलमारी में रखे 65 हजार रुपए नकद ले गए थे। तीरथ राजपूत के अलावा चोरों ने सुरेंद्र राजपूत, रमेश राजपूत और केशव राजपूत के घरों के ताले भी तोड़ दिए। ये परिवार भी दीपावली मनाने अपने-अपने गांव गए हुए थे। चार घरों में एक साथ चोरी की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना पर डायल 112 और स्थानीय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है। तीरथ राजपूत ने शहर कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। स्थानीय निवासी ब्रजेंद्र राजपूत और अन्य लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि इलाके में नियमित गश्त होती तो इतनी बड़ी वारदात नहीं होती। पीड़ित परिवारों ने पुलिस प्रशासन से जल्द चोरों का पता लगाने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। शहर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

भगवान राम के जीवन को अपने जीवन में भी उतारें

- जालौन सेवा समिति के तत्वावधान में लगातार पांचवीं वार श्रीबाराही देवी मेला प्रांगण में मना दीपावली महोत्सव

समृद्धि न्यूज़, जालौन(जालौन)।



जालौन सेवा समिति के तत्वावधान में लगातार पांचवीं वार श्रीबाराही देवी मेला प्रांगण में दीपावली महोत्सव का आयोजन डीएम समीर व एसपी सुरेश चन्द्र रावत के आतिथ्य में हुई जिसमें राम राज्याभिषेक व भव्य लेजर लाइट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम समीर , एसपी सुरेश चन्द्र रावत , ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, सेवानिवृत्त सीएमओ डा. एमपी सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस लौटने पर प्रभु श्रीराम का तिलक कर व माल्यार्पण कर राज्याभिषेक किया गया साथ ही दीपक जलाकर दीपावली मनायी गयी। इस दौरान डीएम व एसपी ने संयुक्त रुप से संदेश दिया की बुराई पर अच्छाई के इस पर्व का संदेश लें और जीवन में बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएं। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन के सभी परिचित हैं। उन्हें अपने जीवन में भी उतारें। नगर में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर डीएम व एसपी ने जालौन सेवा समिति की सराहना की। इस दौरान जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। रंगबिरंगी आतिशबाजी से पूरा आकाश जगमगा उठा। कार्यक्रम में संक्षिप्त रामायण का प्रदर्शन किया साथ ही देशभक्ति की धुन पर लेजर लाइट एंड साउंड शो के आयोजन में लोग झूम उठे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे डां हरेन्द्र सिंह, एसडीएम राकेश कुमार सोनी, सीओ अजय सिंह, प्रताप नारायण उर्फ लल्ला तिवारी, योगेंद्र सिंह सेंगर, मोहन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

भाईदूज: बहन ने तिलक कर उतरी आरती, मांगी दीर्घायु

- भाइयों ने बहनों को उपहार देकर लिया आशीर्वाद, दिया रक्षा का वचन

समृद्धि न्यूज़, कालपी(जालौन)।



भईया दूज पर्व को लेकर बहिनों ने भाई के तिलक कर बड़े हर्षोल्लास के तहत पर्व मनाया बहिन ने लंबी दीर्घायु एवं सुख शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की तथा भाई ने बहिन के चरण बंधन कर सुख शांति हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। बताते चलें कि हिंदू समाज में बहिन भाई के रिश्ते को मजबूती प्रदान तथा महत्वपूर्ण त्यौहार माना जाता है पर्व में बुधवार को सुबह से लेकर भाई के यहां बहिनों का जाने का सिलसिला बराबर जारी रहा उन्होंने भाई के घर पहुंच कर भाई का तिलक कर शुभ आशीर्वाद प्रदान किया वही भाई ने बहिनों के घर पहुंच कर तिलक करा कर चरण बंधन कर शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया यह त्योहार बहिन एव भाई प्रेम को बढ़ोतरी तथा यादगार ताजा करता है दीपावली दूज त्योहार पर नगर तथा ग्रामीण अंचलों में बहिन एवं भाइयों एक दूसरे के घर जाने का सिलसिला बराबर जारी रहा इतना भी नहीं बाजार में स्थित मिठाइयों के दुकानों में और बहिनों तथा भाइयों ने पहुंच कर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की पर्व में बहिनों ने भाइयों का मुंह मीठाकर त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया परंपरा को आज भी युवक तथा बहिने कायम किए हुए हैं त्योहार में नगर तथा ग्रामीण अंचलों में चहल कदमी बराबर रही जो देखने में लगा की दिनों दिन बहिन और भाई संयुक्त प्रेम में बढ़ोतरी इजाफा देखने को आज मिला हिंदुओं के घरों में बड़े धूमधाम से पर्व को मनाया गया इतना भी नहीं भाई ने बहिन को उपहार देकर सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंडल कारागार में निरुद्ध 40 महिला बंदियों को वितरित कीं सूट व साड़ियां



- स्वयंसेवी संस्था ने दीपावली और भाई दूज की दी सौगात
- महिला बंदियों को शिक्षा के महत्व के प्रति किया जागरूक

बांदा। स्वयंसेवी संस्था सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन ने मंडल कारागार में निरुद्ध 40 महिला बंदियों को दीपावली और भइया ब्रीज पर सूट के साथ साड़ियों की सौगात दी। साथ ही अन्य सामग्री भी वितरित की। महिला बंदियों को जागरूक, आत्मनिर्भर व समझदारी से जीवन जीने के साथ ही शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन के तत्वाधान में बुधवार को दीपावली और भइया ब्रीज पर मंडल कारागार में निरुद्ध 40 महिला बंदियों को सूट और साड़ियां वितरित कीं। संस्था ने महिला बंदियों को अन्य आवश्यक सामग्री का भी वितरण किया। संस्था संरक्षक व पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे ने महिलाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर तथा समझदारी से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा, संयम और आत्मविश्वास ही किसी भी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग है। संरक्षक अमित सेठ श्भोलूश् ने बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने तथा अपने जीवन को शिक्षा के माध्यम से बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा को अपने भविष्य का मजबूत आधार बनाने की सलाह दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने महिला बंदियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। जेलर संतोष रावत ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। संस्था निदेशक अनीता शिवहरे और डा.सुभाषिनी खन्ना ने जेल अधिकारियों व स्टाफ का आभार जताया।

संस्था लगवा चुकी है सैनिटरी नैपकिन व इनसिनरेटर मशीन: स्वयंसेवी संस्था सुभाषिनी शिवहरे पहले भी मंडल कारागार की महिला बैरक में मासिक धर्म व मासिक स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसर मशीन के साथ इनसिनरेटर मशीन लगवा चुकी है। इस पहल से महिला बंदियों को मासिक स्वच्छता से जुड़ी सुविधा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोग मिला है। फाउंडेशन निदेशक ने कहा कि संस्था निरंतर समाज के वंचित वर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए ऐसे मानवीय कार्यों में सक्रिय रहेगी।

बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया टीका, मांगा रक्षा का संकल्प

- धूमधाम से मनाया गया भाई-बहन के प्रेम का पर्व
- भाइयों ने बहनों को दिए उपहार, बहनों से मांगा प्यार

समृद्धि न्यूज़, बांदा।





भाई-बहन के अटूट प्यार का प्रतीक भैया दूज समूचे जनपद में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने सुबह से ही पूजा अर्चना कर भाईयों के माथे पर तिलक सजाया और उनका मुंह मीठा कराया। माथे पर तिलक लगाकर बहनों ने भाई से अपनी रक्षा का संकल्प दिलाया। वहीं भाइयों ने अपनी हैसियत के अनुसार उन्हें मनपंसद उपहार भेंट किया। बुधवार को समूचे जनपद में भैया दूज का पवित्र त्योहार के त्योहार के अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर हल्दी का टीका लगाया और मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को सामर्थ्यनुसार भेंट में गिफ्ट दिया। बहनों ने भाइयों का माथा सजाकर उनसे अपनी रक्षा का संकल्प लिया। सुबह-सुबह भाई-बहनों ने टीका कराने की तैयारियां शुरू कर दी थी। बहनों ने सुबह से जहां यम द्वितीया की विधिवत पूजा अर्चना की, वहीं भाई भी सुबह से नहा-धोकर टीका कराने को आतुर दिखाई दिए। शुभ मुहूर्त के अनुसार बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर टीका सजाया और आरती उतारी। इसके बाद भाई का मुंह मीठा कराकर उनसे जीवन भर रक्षा करते रहने का संकल्प लिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को रक्षा के भरोसे के साथ ही हैसियत के अनुसार उपहार भेंट किया। फिर भाई-बहनों ने मिलकर पकवानों का लुत्फ उठाया और एक दूसरे के साथ खूब खुशियां बांटी। भाईदूज के त्योहार को देखते हुए शहर के प्रमुख मिष्ठान भंडारों में भी सुबह से ही भीड़ भाड़ का नजारा देखने को मिला। भाईयों का मुंह मीठा कराने के लिए बहनों ने भाई की पसंद का ख्याल रखते हुए मिठाई खरीदी। जिन भाइयों की बहनें उनसे दूर रहती हैं, उन्होंने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ऑनलाइन टीका की रस्म निभाई। किसी ने मोबाइल पर बहनों से बात की तो किसी ने वीडियो काल के जरिए बहनों पर प्यार लुटाया। वहीं जेल में बंद कैदियों की बहनों ने मंडल कारागार पहुंचकर अपने भाईयों के माथे पर टीका सजाया और उनका मुंह मीठा करा कर गलत काम छोड़ने का संकल्प दिलाया। जेल प्रशासन की ओर से जेल में निरुद्ध कैदियों और उनकी बहनों के मिलने और पर्व मनाने का इंतजाम कराया। जेल में निरुद्ध भाई को टीका करते समय भाई-बहनों की आंखें बरबस ही नम हो गई। कई भाई-बहन तो गले लगकर रो पड़े। जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि बुधवार को 40 बहनों ने पहुंचकर अपने भाइयों को तिलक किया और भाईदूज का पर्व मनाया।

प्रतिष्ठानों और वाहनों की हुई पूजा-अर्चना

दीपावली की पूजा अर्चना और दीप जलाने के बाद बंद हुए कल-कारखानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों का ताला बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ खुला। हालांकि इस बार परीवा और दूज को लेकर रही असमंजस की स्थिति बनी रही और दीपावली और परीवा के बीच एक दिन अंतराल रहा। ऐसे में रविवार को दीपावली के बाद सोमवार का दिन बिना किसी पर्व के निपट गया। महिलाओं ने जहां मंगलवार को गोवर्धन पूजा की, वहीं बुधवार को भाईदूज मनाया गया और वाहनों व प्रतिष्ठानों का पूजन किया गया। उधर सोमवार और मंगलवार को इक्का दुक्का वाहन ही सड़कों पर दौड़ते दिखाई दिए। मान्यता के अनुसार लोग परीवा को सभी काम ठप रखते हैं। हालांकि इस बार इस वजह से लोगों को आवश्यक कार्यों के नाम पर इस परंपरा को तोड़ना भी पड़ा। लेकिन बुधवार को लोगों ने वाहनों की साफसफाई करके विधिवत पूजन किया और इसके बाद काम पर निकले। लोगों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पूजा अर्चना की।

आचार्य द्विवेदी पुस्तक मेला आज से शुरू



समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। युग प्रवर्तक साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में सात दिवसीय पुस्तक मेला फीरोज गांधी कॉलेज परिसर में 12 नवंबर से शुरू और समापन युवा कवि सम्मेलन के साथ 18 नवंबर को होगा। साहित्य समाज और संस्कृतियों को समर्पित इस पुस्तक मेले में नेशनल बुक ट्रस्ट, राजकमल समेत अनेक प्रकाशनों के स्टॉल लगेंगे। मेले के दौरान किताबों के संग साहित्य और लोक संस्कृतियों पर आधारित कार्यक्रम भी होंगे। कई राज्यों की लोककलाओं और संस्कृतियों का संगम होगा। कॉलेज परिसर ग्राउंड में पुस्तक मेला स्थल की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। पूरा ग्राउंड सज चुका है। भव्य स्टेज भी तैयार है। न्यास के संयोजक गौरव अवस्थी ने बताया कि पुस्तक प्रेमियों को अपने ही शहर में किताबें उपलब्ध कराने के लिए ही पुस्तक मेले का आयोजन शुरू किया गया है। 3 वर्ष पहले शुरू हुआ पुस्तक मेला धीरे-धीरे विस्तार लेता जा रहा है। आचार्य द्विवेदी समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने बताया कि पुस्तक मेले के दौरान हिमाचल मध्य प्रदेश और असम की लोक संस्कृतियों लोक कला और लोकगीतों पर केंद्रित कार्यक्रम भी होंगे इसके अलावा बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं बुजुर्गों महिलाओं की खेलकूद एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। बुजुर्गों महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता से होगा मेले का आगाज गुरुवार को सुबह 9 बजे बुजुर्गों में महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ पुस्तक मेले का आगाज होगा।

सांसद के.एल. शर्मा ने वीरा पासी के शौर्य और बलिदान को किया नमन

तिलक भवन में अमर शहीद वीरा पासी और मौलाना आजाद की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। अमेठी के सांसद के.एल. शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में अमर शहीद वीरा पासी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर सांसद के.एल. शर्मा ने कहा कि रायबरेली की धरती वीरों और बलिदानियों की धरती रही है। इसी जनपद के लोधवारी गांव में जन्मे अमर शहीद वीरा पासी ने 1857 की क्रांति में शंकरपुर रियासत के शासक राणा बेनी माधव सिंह के सेनापति के रूप में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। उन्होंने राणा बेनी माधव सिंह के प्राणों की रक्षा करते हुए मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की आत्मकथा पर भाजपा नेताओं की टिप्पणियों का जवाब देते हुए सांसद ने कहा कि बिना पुस्तक पढ़े उस पर टिप्पणी करना अज्ञानता का परिचायक है। ऐसे लोगों को पहले इतिहास पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की आदत केवल बोलने की है और वे बिना सोचे-समझे तथा बिना पढ़े टिप्पणी करते हैं।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि सांसद ने सुबह भुएमऊ स्थित अपने आवास पर आमजन, कार्यकर्ताओं एवं पार्टी नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद लालगंज में अमर शहीद वीरा पासी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा उनकी स्मृति में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं संगोष्ठी में शामिल हुए। सांसद ने पंचमुखी महादेव भैरवनाथ मंदिर, लालगंज में सियाराम कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश पूजन भी किया। इसके अतिरिक्त ईदगाह डबल फाटक स्थित मो. इस्लाम के नए स्कूटी शोरूम पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, रामखेलावन पासी, सुधा द्विवेदी, शत्रोहन सोनकर, सरिता गुप्ता, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, सुन्दर लाल निर्मल, अंजली पासी, साहबशरण पासी, धीरज श्रीवास्तव, वी.के. शुक्ला, राजेश यादव, विजयशंकर अग्निहोत्री, सईदुल हसन, निर्मल शुक्ला, राजकुमार दीक्षित, अजीत सिंह, प्रमेन्द्र पाल सिंह, राहुल बाजपेई, लक्ष्मी सिन्हा, अनिल मिश्रा, आशीष द्विवेदी, हाजी उस्मान, सर्वोत्तम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज पर्व



बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर मांगी दीर्घायु

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और अटूट रिश्ते का प्रतीक भैया दूज का पर्व जिले भर में श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की।भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और हर सुख-दुःख में साथ निभाने का संकल्प लिया। घरों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन भी इस पावन अवसर पर एक-दूसरे से मिलने पहुंचे और खुशियां साझा कीं।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे थे। बहन यमुना ने उनका तिलक कर स्वागत किया और उनके सुखद जीवन की कामना की। तभी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज मनाने की परंपरा चली आ रही है।भैया दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास, अपनत्व और समर्पण को और मजबूत करने का संदेश देता है। पर्व के चलते बाजारों में भी रौनक रही और मिठाइयों एवं उपहारों की दुकानों पर लोगों की चहल-पहल देखने को मिली।

लेखनी को नमन, आस्था का वंदन, सामूहिक कलम-दवात की गई पूजा

चित्रांश समाज के साथ सर्वसमाज के लोगों ने की पूजा-अर्चना, पीठाधीश्वर अजय श्रीदास ने संपन्न कराया धार्मिक अनुष्ठान; विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। वैदिक मंत्रों की गूंज, शंखध्वनि, हवन कुंड से उठती सुगंधित धूम्र लहरियां और श्रद्धालुओं की सामूहिक आराधना के साथ बुधवार को पडरौना नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक उल्लास से ओतप्रोत रहा। हर ओर भक्ति और श्रद्धा की छटा बिखरी नजर आई। इस अवसर पर चित्रगुप्त मंदिर समिति न्यास (ट्रस्ट) के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक कलम-दवात की पूजा चित्रांश समाज के साथ सर्वसमाज के लोगों ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव से हिस्सा लिया। मंदिर के पीठाधीश्वर अजय श्रीदास ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कलम-दवात का पूजन कर भगवान चित्रगुप्त के समक्ष शीश नवाया। इसके बाद हवन कुंड में वैदिक मंत्रों के बीच आहुतियां अर्पित की गईं। पूरा मंदिर परिसर धार्मिक जयघोष और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने ज्ञान, बुद्धि, विवेक, सुख-समृद्धि और परिवार एवं समाज के कल्याण की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान चित्रगुप्त मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं। कलम-दवात की पूजा ज्ञान, लेखन और सद्कर्मों के प्रति सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें चित्रांश समाज के साथ सर्वसमाज के लोगों ने एक साथ शामिल होकर सामाजिक एकता, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। हवन और पूजा-अर्चना के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में लोगों की सहभागिता और सामूहिक प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा ने आयोजन को सामाजिक समरसता का स्वरूप प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, उल्लास और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा।

धान के खेत में मिला 48 वर्षीय व्यक्ति का शव

समृद्धि न्यूज़

चप्रयागराज। बहरिया थाना क्षेत्र के सारी पट्टी गांव में कटराचौराहे के पास धान के खेत में 48 वर्षीय रामदुलार पटेल का शव मिलने से हड़कंप मच गया। धान की कटाई के दौरान किसानों ने खेत में शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान बट्टहा गांव निवासी रामदुलार पटेल के रूप में की और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों के मुताबिक रामदुलार दीपावली की शाम अपने साले भूपेंद्र कुमार पटेल के साथ बाइक से चाय पीने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। काफी देर तक तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने रामदुलार के गले पर रस्सी के निशान और मुंह पर चोट के निशान होने का दावा करते हुए हत्या की आशंका जताई है। मृतक के दिव्यांग छोटे भाई उदयवीर सिंह पटेल ने थाने पहुंचकर अपने भाई के साले के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग सामने आई है। वहीं, परिजन मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर यह पता लगाने में जुटी है कि रामदुलार की मौत खेत में हुई या घटना के बाद शव वहां लाकर छोड़ा गया। बहरिया थानाध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना बनी पीड़ित किसान परिवारों के लिए आर्थिक संबल

सांसद, विधायकों एवं जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को वितरित किए 5-5 लाख के सांकेतिक चेक

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। प्रदेश सरकार किसानों एवं उनके परिवारों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के पीड़ित किसान परिवारों को 5-5 लाख की सहायता के सांकेतिक चेक प्रदान किए गए।कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने देखा और सुना। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड, विधायक हाटा मोहन वर्मा, जिलाधिकारी संजय चौहान एवं अपर जिलाधिकारी पवन कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने लाभार्थी परिवारों को सांकेतिक चेक प्रदान करते हुए उन्हें संबल दिया। लाभार्थियों में प्रमुख रूप से तहसील पडरौना के कुसुम देवी ग्राम खजुरिया, गनेश ग्राम सिंगहा, निर्मला देवी ग्राम जंगल पचरुखिया, शालिनी त्रिपाठी एवं अनुराधा देवी ग्राम नौरंगिया, शैला देवी ग्राम चिरगोड़ा, सूरज गोड़ ग्राम पिपरा जटामपुर आदि शामिल रहे। इसी प्रकार तहसील कसया के फूलमती ग्राम पकड़ी भरौली, अनीता देवी ग्राम भैसहा, छेदी ग्राम टेकुआटार, सीमला देवी ग्राम सिधावें, सुमित्रा देवी ग्राम रामवर बुजुर्ग, विगनी देवी ग्राम कोल्हुआ, सीमा पटेल ग्राम अमवां, सुफिया खातून ग्राम परसौनी मुकुन्दहा आदि को चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना प्रदेश सरकार की संवेदनशील एवं किसान हितैषी सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है। खेती-किसानी के दौरान दुर्घटना में परिवार के मुखिया अथवा कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने से परिवार के सामने उत्पन्न आर्थिक संकट को कम करने और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी पात्र किसान परिवार को विपरीत परिस्थितियों में आर्थिक कठिनाइयों का अकेले सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी संजय चौहान ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। थाना सिन्दुरिया पुलिस ने नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को ग्राम परसामीर गेट के पास से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, थाना सिन्दुरिया क्षेत्र के ग्राम सिन्दुरिया निवासी रामप्रताप ने 10 नवंबर को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री को जयकुमार सोनी उर्फ प्रिन्स वर्मा शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।

लाखों खर्च कर लगी तिरंगा लाइटे, छह माह से बंद

गारंटी अवधि के बावजूद दीपावली पर भी जिम्मेदारों नें नहीं ली सुध

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज-रायबरेली। नगर पंचायत में सरकारी धन खर्च करने की रफ्तार भले ही सरपट हो, लेकिन खर्च के बाद कार्य की सुध लेने की फुर्सत जिम्मेदारों को नहीं मिलती। इसकी बानगी कस्बे के रायबरेली और हैदरगढ़ मार्ग पर लगी तिरंगा लाइटें हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत 25.17 लाख रुपये खर्च कर लगाई गईं 30 एलईडी स्ट्रीट लाइटों की तिरंगा झालर दीपावली जैसे रोशनी के पर्व पर भी अंधेरे में डूबी रही। लाखों रुपये खर्च हुए, भुगतान भी पूरा हो गया, लेकिन सड़कों को रोशन करने का दावा करने वाली लाइटें खुद रोशनी को तरस रही हैं। मौके पर लगा शिलापट सरकारी विकास की पूरी कहानी बयां कर रहा है। उस पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 अदद एलईडी स्ट्रीट लाइट पोल सहित स्थापना कार्य और 25.17 लाख रुपये की स्वीकृत लागत दर्ज है। लोकार्पण के समय शिलापट लगाकर और प्रचार-प्रसार कर विकास की तस्वीर चमकाई गई, लेकिन आज उसी परियोजना की हकीकत जिम्मेदारों के दावों को आईना दिखा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि लाइटों का भुगतान हो चुका है और अभी गारंटी अवधि भी समाप्त नहीं हुई है। इसके बावजूद लाइटों का पिछले छह माह से बंद रहना कई सवाल खड़े करता है। जब संबंधित फर्म को पूरा भुगतान किया जा चुका है तो खराब लाइटों को ठीक कराने के लिए दबाव क्यों नहीं बनाया जा रहा? गारंटी अवधि का लाभ नगर पंचायत क्यों नहीं ले रही? आखिर सरकारी धन खर्च होने के बाद उसकी निगरानी और जवाबदेही किसकी है।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जनपद के कुबेरस्थान पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कुबेरस्थान पुलिस ने थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 214/2026 की विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्त विमलेश पुत्र विग्गू को गिरफ्तार किया। आरोपी जंगल हनुमानगंज टोला सेमरिया, थाना कोतवाली पडरौना, जनपद कुशीनगर का निवासी है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 137, 87, 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज है।

देव दीपावली पर सोहसा दुबौली घाट पर प्रज्वलित होंगे आस्था के 5500 दीप

अनवरत पांचवें वर्ष होगा दीपदान, जनसहभागिता एवं जनसहयोग से आयोजित होगा दीपोत्सव

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के पावन अवसर पर आगामी 24 नवंबर को नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में छोटी गंडक नदी तट स्थित सोहसा दुबौली घाट पर सायं काल अनवरत पांचवें वर्ष जनसहयोग से दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को सोहसा मोक्ष धाम परिसर में क्षेत्रवासियों के साथ तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष 5500 दीप प्रज्वलित करने तथा पिछले वर्षों की भांति गंगा मैया की अध्यक्षता एवं महादेव को मुख्य अतिथि मानकर दीपोत्सव आयोजित करने का संकल्प लिया गया। आयोजन की विशेषता यह रहेगी कि इसमें किसी विशिष्ट अतिथि अथवा औपचारिक मंचीय व्यवस्था के बजाय क्षेत्रवासियों, प्रबुद्धजनों, संस्था सदस्यों एवं आम श्रद्धालुओं की सामूहिक सहभागिता को प्राथमिकता दी जाएगी। यह दीपोत्सव पूर्णतः जनआस्था, जनभागीदारी एवं जनसहयोग को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र ने किया।

नदी किनारे बालू में दबाकर रखा था महुआ और लहन, पुलिस ने किया नष्ट

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के बलुहा गांव में नदी किनारे बालू में दबाकर रखा गया महुआ और लहन पुलिस ने बरामद कर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से हजारों लीटर लहन के साथ शराब बनाने के उपकरण भी जब्त किए। ग्रामीणों के मुताबिक नदी किनारे कई दिनों से संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही थीं। लोगों को आशंका हुई कि बालू के अंदर कुछ सामान छिपाया गया है। जांच करने पर प्लास्टिक के बड़े गैलन और डिब्बे मिले, जिनमें महुआ और अन्य रासायनिक मिश्रण रखा हुआ था। सूचना मिलने पर मेजा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नदी किनारे तलाशी अभियान चलाया।

रामपुर उत्सव के चिकित्सा शिविर में 182 मरीजों का निःशुल्क उपचार

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। दो दिवसीय रामपुर उत्सव के दूसरे दिन आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 182 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। वहीं, आंखों की जांच के बाद 140 मरीजों को पुणे की शची मिश्रा की ओर से निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। शिविर में रामपुर बुजुर्ग, रेहाव, लक्ष्मण थरुवा और नदुवा बाजार के लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने मरीजों की शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य जांच कर कमर दर्द, पेट दर्द, सिरदर्द और बुखार जैसी समस्याओं के लिए परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं। जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी आई हॉस्पिटल की टीम ने स्वास्थ्य सेवाएं दीं। इस दौरान डॉ. एसके वर्मा सहित अन्य चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। शिविर में रामपुर उत्सव के संयोजक डॉ. अमरनाथ, डॉ. विश्वंभर नाथ शर्मा, डॉ. शीतांशु कुमार, डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. शिप्रा शर्मा, डॉ. शांतिशरण मिश्र सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

छठ पर्व की तैयारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। आगामी छठ पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद महराजगंज की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने मंगलवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शास्त्री नगर, बलिया नाला एवं सरोजनी नगर सहित सामुदायिक अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने छठ पर्व के दृष्टिगत घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई कराने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने तथा निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर सभासद शेषमणि पटेल, ब्रजकिशोर सिंह, लालजी गुप्ता, सुजीत यादव, अभिषेक राय, सफाई नायक इंद्राशन, लालबहादुर, मानिक चंद, अंकित, विनोद गौतम, परवीन कुमार, कलामुद्दीन, मकसूद खान, समीम खान, शेख अब्दुल्ला, मेराज प्रधान, आरिफ खान, दीपक कुमार, सुरेश कनौजिया, भानु प्रताप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

10.12 ग्राम स्मैक के साथ सिद्धार्थनगर का युवक गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। फरेन्दा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 10.12 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान विरेन्द्र कुमार (41) पुत्र रामवृक्ष निवासी गौराबाजार, थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर को उपनिरीक्षक अवधेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान अभियुक्त को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ थाना फरेन्दा में मु0अ0सं0 314/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व

चंद्रशेखर हत्याकांड में आरोपी श्रीकांत गिरफ्तार पुलिस पूछताछ में हत्या की वजह का खुलासा

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। कोरांव थाना पुलिस ने चंद्रशेखर सिंह हत्याकांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी श्रीकांत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसने चंद्रशेखर की हत्या की और साक्ष्य छिपाने के इरादे से शव को लपरी नदी में फेंक दिया था। मामले में मृतक की पत्नी कविता सिंह ने 7 नवंबर को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 4 नवंबर को जफरा, थाना मांडा निवासी श्रीकांत सिंह उसके पति को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद चंद्रशेखर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की और 7 नवंबर को चंद्रशेखर का शव पिपरांव गांव के पास लपरी नदी से बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी श्रीकांत ने बताया कि चंद्रशेखर ने उसकी शादी एक ऐसी लड़की से कराई थी, जिसे वह गलत मानता था। इसी बात को लेकर उसके मन में चंद्रशेखर के प्रति गहरा आक्रोश और पुरानी रंजिश थी। पुलिस के अनुसार इसी विवाद के चलते आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

मेदांता की डा. शिवांगी ने मेडिकल कॉलेज में संभाली मेडिसिन विभाग की जिम्मेदारी



समृद्धि न्यूज

तिर्वा/कन्नौज। तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में कार्यरत डा. शिवांगी ने बुधवार को संविदा पर ज्वाइनिंग कर ली। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने ओपीडी में मरीजों का उपचार किया और वार्डों में भर्ती मरीजों का हाल जाना। मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग में चिकित्सकों की कमी के चलते एमडी की सीट मिलने में दिक्कत आ रही थी। इसको देखते हुए प्राचार्य डा. पुष्पेंद्र सिंह ने मेदांता में कार्यरत डा. शिवांगी से सेवाएं देने का आग्रह किया था। उनकी सहमति के बाद उन्होंने कॉलेज में कार्यभार संभाला। डा. शिवांगी ने मैसूर से पढ़ाई और दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल से एमडी किया है। प्राचार्य ने बताया कि उनकी नियुक्ति से विभाग में चिकित्सकों की कमी दूर करने और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

चित्रांशी पीढ़ियों से रहे हैं कलम दवात के उपासक

- विधि विधान पूर्वक की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। दुनिया का सबसे सौम्य व सबसे घातक ज्ञान अस्त्र है कलम-दवात। चित्रांशी पीढ़ियों से इसके उपासक रहे और आगे भी रहेंगे। नगर के चित्रांशी (कायस्थ) समाज ने ॐ यमाय धर्मराजाय श्री चित्रगुप्ताय वै नमः का जाप करते हुए कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले, कलम-दवात के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी का विधि विधान पूर्वक पूजन करके सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पूजन के बाद एडवोकेट प्रणव सक्सेना ने कहा हिंदू कथाओं के अनुसार भगवान चित्रगुप्त सभी मनुष्यों के कर्मों का लेखा जोखा रखते हैं। वही तय करते हैं कि कौन मनुष्य स्वर्ग और कौन नरक में जाएगा। ऐसा माना जाता है कि वह मृत्यु के देवता भगवान यम के करीबी परिचित हैं। विख्यात डेंटिस्ट डॉ अभिजीत सक्सेना ने कहा चित्रगुप्त को भगवान ब्रह्मा की आत्मा और मन की रचना माना जाता है। यही कारण है कि उन्हें ब्राह्मणों की तरह वेद लिखने और क्षत्रिय के कर्तव्यों की भी जिम्मेदारी दी गई थी। शिक्षाविद हिमांशु सक्सेना ने कहा भगवान चित्रगुप्त ने सबसे पहले अक्षरों का इस्तेमाल किया था और इस दिन लोग कलम, पेंसिल और नोटबुक की पूजा करते हैं। यह पूजा कायस्थ समुदाय में व्यापक रूप से की जाती है और इसे आमतौर पर 'कलम दावत पूजा' के रूप में जाना जाता है। इस दौरान अविनाश चंद्र सक्सेना, डॉक्टर अभिजीत सक्सेना, हिमांशु सक्सेना, देवेश सक्सेना, सुधीर सक्सेना एडवोकेट, अनुराग सक्सेना, अनूप सक्सेना, चित्रांश सक्सेना, राघव सक्सेना, शानू सक्सेना व प्रदीप सक्सेना आदि ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा करके हार्दिक शुभकामनाएं दी।

बहनों ने तिलक कर भाइयों के लिए मांगी लंबी उम्र

- भैया दूज पर वाहनों के लिए भटकी बहनें

- डग्गामार वाहनों की हुई चांदी

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह त्यौहार यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। आज बसों में पूरे दिन आपाधापी मची रही जबकि डग्गामार वाहनों की चांदी हो गई। भैया दूज भाइयों के प्रति बहनों की श्रद्धा और विश्वास का पर्व है। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक करके उनकी आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। बदले में भाइयों ने भी अपनी बहनों को रक्षा का वचन दिया तथा उपहार भी दिए। विख्यात राम कथा व सुंदर कांड वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने बताया पौराणिक मान्यता के अनुसार यमुना जी ने अपने भाई यमराज की लंबी आयु के लिए व्रत किया था और उन्हें अन्नकूट का भोजन खिलाया था। यम देवता ने अपनी बहन को दर्शन देकर वरदान दिया था कि इस दिन भाई बहन अगर एक साथ यमुना में में स्नान करेंगे तो उन्हें लंबी आयु के बाद मुक्ति प्राप्त होगी। उधर भाई दूज के त्यौहार पर परिवहन निगम ने भले ही अतिरिक्त बसों के संचालन का दावा किया था लेकिन यात्रियों की उमड़ी भीड़ से यह दावा नाकाफी रहा। ऐसे में डग्गामार वाहनों की चांदी रही और यात्रियों से मनमाना किराया वसूला गया। भाई के घर जल्दी पहुंचने की कवायद में महिलाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा की। देर शाम तक पूर्वी और पश्चिमी बाईपास सहित फर्रुखाबाद चौराहे पर भी बसों के लिए आपाधापी मची रही।

भाई दूज पर परिजनों से बिछड़ा चार साल का मासूम, यातायात पुलिस ने मां से मिलाया

- *ऑटो चालक बच्चे को लेकर पहुंचा बस स्टैंड।

- *अनाउंसमेंट और तलाश के बाद मां की मिली ममता।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। भाई दूज के त्योहार पर बुधवार को सरायमीरा बस स्टैंड पर यातायात पुलिस की सतर्कता से परिजनों से बिछड़े चार वर्षीय मासूम को उसकी मां से मिला दिया गया। बच्चे के मिलने पर मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने यातायात पुलिस का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी, टीएसआई अरशद अली और टीएसआई राम प्रताप सिंह टीम के साथ सुबह से ही बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। दोपहर करीब 1:05 बजे एक ऑटो चालक चार वर्षीय शिवांश को लेकर वहां पहुंचा। उसने बताया कि बच्चा सड़क पर अकेले रोते हुए अपने परिजनों को तलाश रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीएसआई अरशद अली ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर अनाउंसमेंट कराया गया। आसपास के दुकानदारों को भी बच्चे के बारे में जानकारी दी गई। कुछ ही देर में बच्चे की मां गंगोत्री पत्नी शिवम निवासी आंगेनपुर, कायमगंज, फर्रुखाबाद यातायात पुलिस के पास पहुंच गईं। बेटे को देखते ही उन्होंने उसे गले लगा लिया। मां ने पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया। इस सराहनीय कार्य की आमजन ने भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले टीएसआई अरशद अली ने पीईटी परीक्षा देने फर्रुखाबाद से आई एक छात्रा को समय रहते उमर्दा परीक्षा केंद्र पहुंचाने में मदद की थी, जिससे उसकी परीक्षा छूटने से बच गई थी।

भैयादूज पर बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक, मांगी लंबी उम्र की दुआ



- भाइयों ने बहनों को उपहार देकर लिया सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जिले में भैयादूज का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाई। साथ ही भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शहर में कियारा पाल ने अपने भाई आरव पाल के साथ ही चाचा विक्रांत पाल, शुभम पाल और दादा अशोक कुमार पाल को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। परिवार के सदस्यों ने भी एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए और जीवन के हर सुख-दुख में उनका साथ निभाने का संकल्प लिया। पर्व के चलते बाजारों में भी रौनक रही। मिठाई और पूजा सामग्री की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ जुटी रही।

भाई दूज पर बस स्टैंड पर उमड़ी यात्रियों की भीड़, ऑटो-ई-रिक्शा से कई जगह लगा जाम

- *बसों के संचालन की कमान संभालने सड़क पर उतरे एआरएम।

- *ट्रैफिक पुलिस और पीआरडी जवान भी रहे सक्रिय।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। भाई दूज के त्योहार पर बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही घर जाने और वापस लौटने वाले यात्रियों का तांता लगा रहा। बसों में सीट पाने के लिए यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। वहीं, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते शहर के कई प्रमुख मार्गों पर जाम जैसे हालात बने रहे। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रोडवेज के एआरएम दिनेश कुमार यादव खुद कर्मचारियों के साथ व्यवस्थाएं संभालने में जुटे रहे। उन्होंने बसों की उपलब्धता और संचालन पर नजर रखी। यात्रियों की संख्या के अनुसार बसों के फेरे बढ़ाने के निर्देश भी दिए। धर, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रैफिक इंचार्ज रविशंकर त्रिपाठी और टीएसआई अरशद अली ट्रैफिक कर्मियों, होमगार्ड और पीआरडी जवानों के साथ सक्रिय रहे। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। हालांकि, सवारियां बैठाने की होड़ में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने सड़क किनारे और प्रमुख मार्गों पर वाहन खड़े कर दिए। इससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। त्योहार के चलते बाजारों और चौराहों पर भी वाहनों का दबाव रहा, जिससे लोगों को दिनभर आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। एआरएम दिनेश कुमार यादव ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त बसें उपलब्ध हैं। भीड़ के अनुसार बसों की संख्या और फेरे बढ़ाए जा रहे हैं। बसों के संचालन की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी न हो।

भैया दूज पर बाईपास रोड पर लगा लंबा जाम, राहगीर परेशान

छिबरामऊ, कन्नौज। भैया दूज के त्योहार पर नगर के बाईपास रोड पर लंबा जाम लगने से राहगीरों और त्योहार मनाने के लिए आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बेवर की ओर से आने वाले बड़े वाहनों की कतार नवीन मंडी से नगर तक पहुंच गई। इसके चलते सड़क के एक तरफ का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जाम में फंसे बाइक सवार किसी तरह रास्ता निकालकर आगे बढ़ते रहे, लेकिन कार सवार लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। भैया दूज पर भाइयों को तिलक करने के लिए मायके जा रहीं बहनें भी जाम में फंसकर परेशान हुईं। वाहनों की लंबी कतार के कारण सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया। त्योहार के दिन यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों में नाराजगी रही।

सड़क पर जल भराव से आवागमन दुश्वार



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम सैंसारपुर खानपुर कुर्मी में पीडब्लूडी की सड़क पर कई महीनों से पानी भरा है। इसके कारण राहगीरों का आवागमन दुश्वार हो गया है। समाजवादी युवजनसभा के पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल सिंह ने कहा सड़क पर भर पानी में कई राहगीर आए दिन गिर जाते है। प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इधर से निकलने वाले करीब 30 गांव के लोग इस सड़क से गुजरते है। घिलोई जीटी रोड एनएच 34 से सीधा पंथरा, नगला धनी होते हुए राठौरा मोहम्दाबाद के लिए हजारों लोग रोजाना गुजरते हैं। आए दिन कोई ना कोई पानी में गिर जाता है। कोई रिश्तेदारी में जाता तो सड़क पर पानी भरा देखकर बेचारा बीच रास्ते से वापस लौट जाता है। भाई दूज के पावन अवसर पर कई लोग गिर पड़े। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर जल भराव की समस्या को शीघ्र दूर कराया जाए।

अधिवक्ता हत्याकांड में मुख्य आरोपी और उसकी मां गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी

- वारदात में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल और तीन कारतूस बरामद

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली के दिन अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने घटना के 48 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी अमोल दीक्षित और उसकी मां मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीसरा आरोपी अवध बिहारी दीक्षित अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मालूम हो कि कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुई इस वारदात से पूरे नगर में सनसनी फैल गई थी। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को सुभाषनगर निवासी अंकित चतुर्वेदी ने तहरीर देकर बताया था कि उनके चचेरे भाई अभिषेक के साथ मारपीट की शिकायत करने वह अनुज चतुर्वेदी, दीपक पाठक और अभिषेक के साथ अमोल दीक्षित के घर पहुंचे थे। वहां विवाद बढ़ने पर अमोल ने अनुज को गोली मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में अमोल, उसके पिता अवध बिहारी और मां मुन्नी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 10 नवंबर को अमोल को फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी के पास कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। वहीं मुन्नी देवी को विशुनगढ़ रोड पर कुँवरपुर बनवारी के पास से पकड़ा। अमोल के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 7.65 एमएम की लाइसेंसी पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

भाई दूज पर मायके से लौट रही महिला की हादसे में मौत, तीन घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। भाई दूज का त्योहार मनाकर मायके से लौट रही एक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके बेटे, बेटी और भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक में महिला की साड़ी फंसने से हादसा हुआ। गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के सराय दौलत निवासी विनीता (38) पत्नी हंसराम जाटव अपने बेटे सोमीन (18) और बेटी साक्षी (15) के साथ भाई दूज मनाने फर्रुखाबाद के खिमसेपुर स्थित अपने भाई रनवीर सिंह के घर गई थीं। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सोमीन बाइक से मां, बहन और मामा के बेटे मुनेश (16) को लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में आशा कोल्ड के पास अचानक विनीता की साड़ी बाइक के पहिये में फंस गई।

कांग्रेसियों ने मौलाना आज़ाद की जयंती पर मरीजों में बांटे फल

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। शिक्षा को राष्ट्र की प्रगति का आधार मानने वाले स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक एवं देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती कांग्रेसियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल बांटकर मनाई। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आमिर खान ने कहा कि मौलाना आज़ाद ने देश को शिक्षा और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया था। उनकी जयंती पर सेवा का काम करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। अस्पताल में भर्ती मरीजों की सेवा से हम उनके आदर्शों को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के साथ खड़ी रहेगी। पूर्व नगर अध्यक्ष बहार कुरेशी, हकीम खान रब्बी, आसिफ सिद्दीकी, रियाजुल खान एवं अन्य पदाधिकारियों ने सौ शैया अस्पताल पहुंच कर मरीजों में फल वितरण किया। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों से मुलाकात कर उनकी सेहत की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मौलाना आज़ाद के योगदान को याद करते हुए सभी ने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में काम जारी रखने का संकल्प लिया।

मेडिकल कॉलेज में खुले में फेंका जा रहा बायोमेडिकल कचरा, प्राचार्य ने दिया नोटिस

- *मोर्चरी के पीछे कचरे के ढेर पर मंडरा रहे कुत्ते।

समृद्धि न्यूज

*संक्रमण फैलने का खतरा।



तिर्वा/कन्नौज। तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में मोर्चरी के पीछे खुले में बायोमेडिकल कचरा फेंके जाने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। कचरे के ढेर पर कुत्तों का झुंड भोजन तलाशता नजर आ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य डा. पुष्पेंद्र सिंह ने कचरा निस्तारण की जिम्मेदारी संभालने वाली कानपुर की एमपीसीसी संस्था को नोटिस जारी किया है। मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों के इलाज के दौरान बड़ी मात्रा में बायोमेडिकल कचरा निकलता है। आरोप है कि संस्था के कर्मचारी नियमित कचरा उठाने नहीं आते। इससे कर्मचारियों को कचरा मोर्चरी के पीछे खुले में एकत्र करना पड़ता है।प्राचार्य ने बताया कि संस्था को प्रतिदिन कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही जारी रहने पर ठेका दूसरी संस्था को देने की कार्रवाई की जाएगी। जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

शॉर्ट सर्किट से इनवर्टर-बैटरी की दुकान में लगी आग, चार लाख का नुकसान

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ कस्बे में अवधेश राठौर की इनवर्टर-बैटरी की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी चपेट में आकर दुकान में रखे इनवर्टर और बैटरियां जलकर राख हो गईं। दुकान से धुआं और आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल तीन समरसेबल चालू कर पानी की बौछार शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा काफी सामान जल चुका था। दुकान मालिक अवधेश राठौर ने बताया कि आग से इनवर्टर और बैटरियां जलने के कारण करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

राजस्व विभाग में चयनित पांच युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र



- *मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1146 कनिष्ठ सहायकों को बांटे नियुक्ति पत्र।

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर चयनित जिले के पांच युवाओं को बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1146 नवचयनित कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र दिए। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में देखा गया। इस दौरान डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नवीन कुमार यादव, वारिस मिश्रा, अनुराग शर्मा, प्राची गुप्ता और आयुषी पाल को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीएम ने कहा कि सरकारी सेवा में चयनित होना गौरव के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। सभी कर्मचारी ईमानदारी, निष्ठा और सेवाभाव से अपने दायित्व निभाएं।





दुकान की दीवार काटकर 5 हजार की नकदी व तेल चोरी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शहर कोतवाली क्षेत्र के प्रमुख व्यावसायिक स्थल लिंजीगंज बाजार में बेखौफ चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए दीवार में नकब लगा दिया।

चोर दुकान के अंदर रखी 5,000 की नकदी और करीब 2,000 मूल्य की तेल की बोतलें समेटकर रफूचक्कर हो गए। बुधवार सुबह जब व्यापारी दुकान खोलने पहुंचा, तो घटना की जानकारी हुई। व्यस्त बाजार में हुई इस वारदात से स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मच गया और पुलिस की रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक शहर के घमंडी कूंचा निवासी सौरभ अग्रवाल पुत्र



घटना की जानकारी देता पीड़ित

अशोक अग्रवाल की लिंजीगंज बाजार में दुकान है। पीड़ित व्यापारी सौरभ ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे वह तेल से लदी गाड़ी से माल उतरवाने के लिए दुकान पहुंचे। जैसे ही उन्होंने दुकान का शटर खोला, अंदर दीवार कटी देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जब उन्होंने छानबीन की तो गल्ले में रखे 5,000 रुपये नकद और करीब 2,000 रुपये कीमत की तेल की बोतलें गायब थीं।

व्यापारी ने तुरंत घटना की सूचना कोतवाली पुलिस और डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र गहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीक निरीक्षण किया और पीड़ित व्यापारी से जानकारी जुटाकर जांच-पड़ताल शुरू की। दीपावली के आगामी त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा बाजारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त रात्रि गश्त के दावे किए जा रहे हैं। इसके बावजूद मुख्य बाजार में नकब लगाकर हुई इस चोरी ने पुलिस की चौकसी पर पानी फेर दिया है। लिंजीगंज बाजार की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि इसका एक हिस्सा कोतवाली फर्रुखाबाद और दूसरा हिस्सा थाना कादरी गेट क्षेत्र में आता है। दोनों ही थानों की पुलिस इस बाजार में गश्त का दावा करती है।

इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि लिंजीगंज बाजार में नकब लगाकर चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की ढिलाई के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस सतर्क, एएसपी ने दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी निर्वाचन द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और भयमुक्त माहौल में कराने के लिए अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को कानून-व्यवस्था से जुड़ी रिपोर्ट और चुनाव संबंधी रजिस्टरों को तत्काल अद्यतन रखने



बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक

के कड़े निर्देश दिए। चुनाव के दौरान तैनात होने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और स्थानीय पुलिस बल के ठहरने, खान-पान एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं हेतु समय रहते बेहतर आवासीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। क्षेत्र में शांति भंग करने वाले ट्रबल मेकर्स और खुराफाती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल एवं प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। निर्वाचन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं, आंकड़ों और रिपोर्टों को उच्च अधिकारियों तक समयबद्ध रूप से प्रेषित करने पर विशेष जोर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी पूरी सतर्कता व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें।

गुम हुई बच्ची को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भाई दूज पर्व पर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब अत्यधिक भीड़ के चलते एक 4 साल की मासूम बच्ची अपनी मां से बिछड़ गई। गनीमत रही कि जीआरपी फर्रुखाबाद जंक्शन पुलिस की तत्परता और ऑपरेशन मुस्कान के तहत चलाए जा रहे अभियान से कुछ ही देर में बच्ची को सकुशल बरामद कर उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया।

थाना जीआरपी फर्रुखाबाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाई दूज पर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद की रहने वाली एक महिला यात्री अपने मायके मोहल्ला नेकपुर चौरासी थाना कोतवाली फतेहगढ़ जाने के लिए फर्रुखाबाद जंक्शन पर उतरी थीं। ट्रेन में भारी भीड़ होने के कारण उनकी 4 वर्षीय बेटी जो



मां के साथ बच्ची मौजूद पुलिस कर्मी

पीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का पैंट पहने हुई थी अचानक भीड़ में भीड़भाड़ के दौरान बिछड़ गई। मां ने काफी तलाश किया, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने घबराहट की स्थिति में जीआरपी थाने पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। नाबालिग बच्ची के गुम होने की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना देर किए स्टेशन परिसर और सभी प्लेटफॉर्म्स पर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी और अथक प्रयासों के चलते कुछ ही देर में बच्ची को प्लेटफॉर्म नंबर 05 से सकुशल ढूंढ निकाला गया।

वाहन की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

संकिसा, समृद्धि न्यूज।

राजस्थान में मार्ग दुर्घटना में घायल हुए मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव उमरैल निवासी रामपाल की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। भाई विनोद की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 1 नवंबर को थाना क्षेत्र मेरापुर के गांव उमरैल के मूल निवासी युवक रामपाल 39 वर्ष को किसी अज्ञात वाहन ने राजस्थान प्रांत के राजगढ़ में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे मृतक के बड़े भाई विनोद कुमार उन्हें इलाज के लिए फर्रुखाबाद ले आये। बाद में कानपुर ले गए। इलाज के दौरान दस नवंबर को उनकी मौत हो गई। मंगलवार देर रात उनका शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। बुधवार उनके भाई विनोद कुमार ने थाना मेरापुर में घटना की लिखित सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई विनोद ने बताया कि मेरे भाई रामपाल राजस्थान में भट्टे पर मजदूरी करने हेतु गए थे। घटना के बाद से पत्नी सुमन एवं पुत्र नमित, मिथुन, मोहित,केक, पुत्रियों रागिनी तथा कुंती का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के माता, पिता की बहुत पहले ही मौत हो चुकी है।

पिछला पहिया निकलने से खंभे से टकराया टेंपो

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के शुकुल्लापुर स्थित ग्रामीण बैंक के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कायमगंज से फर्रुखाबाद जा रहे एक तेज रफ्तार टेंपो का अचानक पिछला पहिया निकल गया, जिससे अनियंत्रित होकर टेंपो सीधे सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गया। हादसे के वक्त टेंपो में करीब 12 सवारियां मौजूद थीं। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम हसिंगपुर निवासी चालक जुगेंद्र कुमार बुधवार को टेंपो में कायमगंज से सवारियां भरकर फर्रुखाबाद की ओर आ रहा था। जैसे



खंभे में घुसा टेंपो

ही टेंपो शुकुल्लापुर ग्रामीण बैंक के पास पहुंचा, अचानक उसका पिछला पहिया तेज आवाज के साथ निकल कर दूर जा गिरा। पहिया निकलते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित टेंपो सड़क पर करीब 20 मीटर तक घिसटता हुआ सामने खड़े बिजली के पोल से जा टकराया। टक्कर होते ही चीख-पुकार मच गई और सवारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों व राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर टेंपो में फंसी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी यात्रियों के सकुशल बचने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

खबरें एक नजर में

मां-बेटों को पीटने पर चार पर मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरमपुरी निवासी रामू पुत्र गंगा सिंह ने गांव के ही सत्यपाल, प्रेम सिंह, प्रमोद पुत्रगण ओमकार व विजेंद्र पुत्र सूबेदार उर्फघोड़ा के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 8 नवंबर रात 8:00 मैं अपने दरवाजे पर दीपक प्रज्वलित कर रहा था, तभी उपरोक्त सभी आरोपित मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जब मेरी मां मीना देवी व भाई विपिन ने बचाने का प्रयास किया तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट किए जाने से मेरे तीनों लोगों के सिर में चोटें आई हैं। बाद में सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मारपीट में पिता-पुत्र सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव प्रेमपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र जय सिंह ने पड़ोसी गांव श्योंगनपुर निवासी वीकेश यादव पुत्र अजब सिंह, रिंकू पुत्र नारायन सिंह व नारायन सिंह पुत्र बादशाह सिंह के विरुद्ध मारपीट व गाली-गलौज की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार 7 अक्टूबर शाम 7:30 बजे पुरानी किसी बात को लेकर उपरोक्त सभी आरोपितों ने मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट की। जिससे मेरे आंख व चेहरे में चोटें आ गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

पूर्व राष्ट्रपति आजाद को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

बांदा। कांग्रेसजनों ने देश के पहले शिक्षा मंत्री व भारत रत्न अबुल कलाम आजाद को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को कांग्रेसियों ने देश के पहले शिक्षा मंत्री व भारत रत्न अबुल कलाम आजाद को जयंती पर याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहर अध्यक्ष अफ्साना शाह ने कहा हमें इन्हीं के बताए रास्तों पर चलते हुए देश को मजबूत बनाना है। अबुल कलाम ने देश के गांव-गांव में स्कूल खोले थे। कहा कि शिक्षा की शुरुआत उन्हीं की देन है। जयंती कार्यक्रम में शिवबली सिंह, डॉ. केपी सेन, इदरीश भाई, शब्बीर सौदागर, छेदीलाल धुरिया, डीके दिनेश, वीरेंद्र धुरिया, पप्पू, राजेश, रफ्फ खान, अशोक वर्धन कर्ण, गोविंद नारायण, बलबीर सिंह, हरिश्चंद्र बाजपेई, सैयद वारिस अली, अली बक्स, सुखदेव गांधी आदि लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने बिछड़े मानसिक अस्वस्थ को परिजनों से मिलवाया

बांदा। ऑपरेशन मुस्कानश् के तहत मर्का थाना पुलिस टीम की मानवीय पहल से लगभग डेढ़ वर्ष से अपनों से बिछड़े मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को परिजनों से मिलाकर परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौटा दीं। लंबे समय से बिछड़े को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशियां लौट आई। परिजनों ने पुलिस टीम के इस मानवीय व सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए हृदय से आभार जताया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर श्ऑपरेशन मुस्कानश् के तहत मर्का थाना पुलिस टीम क्षेत्र में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने को गश्त पर थी। इसी दौरान मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति भ्रमण करता मिला। पुलिस टीम ने संवेदनशीलता के साथ उसे अपने संरक्षण में लिया। थानाध्यक्ष सूबेदार बिंद के पूछताछ पर अपना नाम मंजीत व पता बेनी माधव मंदिर दारागंज, प्रयागराज बताया। पुलिस टीम ने जानकारी के आधार पर बताए गए पते के आधार पर आसपास स्थानीय लोगों से संपर्क स्थापित कर परिजनों से जानकारी ली।

भाईदूज पर भाइयों के तिलक करने जिला जेल पहुंची बहनें, लगीं लाइन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भाईदूज के अवसर पर बुधवार सुबह से ही फतेहगढ़ जिला कारागार में सजा काट रहे भाइयों के तिलक करने के लिए बहनों की लंबी कतारें देखी गईं। जेल प्रशासन ने भी बहनों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए कई व्यवस्थायें कीं।

बताते चलें कि भाई दूज हिंदू धर्म का एक पवित्र और लोकप्रिय पर्व है। इसे कई स्थानों पर यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इसी कड़ी में जिला जेल में भाईदूज के अवसर पर कैदियों और उनके परिजनों के बीच भावनात्मक मिलन



जिला जेल के बाहर लाइन में लगीं बहनें

हुआ। बहनों ने अपने बंदी भाइयों को तिलक लगाकर त्योहार मनाया। सुबह से ही जेल गेट पर अपने भाइयों से मिलने के लिए बहनों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा जांच के बाद उन्हें शांतिपूर्वक जेल में प्रवेश दिया गया। इस दौरान जेल परिसर में भावुक माहौल देखा गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला जेल में लगभग 534 पुरुष बंदी हैं। भाईदूज के अवसर पर केवल बहनों को भाइयों से मिलने की विशेष अनुमति दी गई थी। इसी तरह महिला बंदियों को भी उनके भाइयों से मिलने का अवसर प्रदान किया गया। जेल प्रशासन ने त्योहार के मद्देनजर सभी बंदियों के लिए रोली, चावल और मिठाई की व्यवस्था की थी। जेल अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि किसी भी बहन को अपने भाई से मिलने से नहीं रोका जाएगा और सभी की मिलाई कराई जाएगी, ताकि त्योहार की खुशियां जेल परिसर में भी महसूस की जा सकें। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और माहौल शांतिपूर्ण बना रहा।

जेल प्रशासन ने बुजुर्ग बहनों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर का इंतजाम किया था। ताकि उन्हें आने जाने में कोई परेशानी न हो। इस दौरान कई बहनों ने भगवान से अपने भाइयों के जल्द जेल से बाहर आने की दुआ मांगी। त्योहार की खुशियों के बीच अपनों से दूरी और मुलाकात के ये पल कई परिवारों के लिए भावुक कर देने वाले रहे।

आग से झुलसे मासूम की उपचार के दौरान मौत

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

मार्टीन से कमरे में आग लग गई। कमरे में सो रहा बालक व मासूम गंभीर रूप से झुलस गए। स्वजन आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। सैफई अस्पताल में मासूम की मौत हो गई। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। क्षेत्र के गांव निजामुददीनपुर निवासी सलमान पत्नी गुलशन बानो के साथ मंगलवार की बीती रात अपने पांच वर्षीय बेटे अल्तमश व नौ माह के अदनान को कमरे में सुलाकर पड़ोस के एक शादी समारोह में शामिल होने चले गए। कमरे में जल रही मॉर्टिन से किसी पहर कमरे में आग लग गई। आग की लपटें व धुंआ उठता देख लोगों में चीखपुकार मच गई। स्वजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को कमरे से बाहर निकाला। आग से गृहस्थी का सामान सहित अल्तमश व अदनान गंभीर रूप से झुलस गए।

स्वजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां से उन्हें लोहिया रेफर किया गया। गंभीर हालत में अदनान को सैफई रेफर किया गया। जहां मंगलवार देर रात मासूम की मौत हो गई। स्वजनों ने शव का पीएम कराया। स्वजन बुधवार शाम तक शव घर ले आए। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जानकारी नहीं मिली है।

सपा नेता व पूर्व सीबीआई अधिकारी भाजपा में हुए शामिल

बांदा, समृद्धि न्यूज।

सपा नेता व पूर्व सीबीआई अधिकारी ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री व राज्यसभा सांसद के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। लखनऊ स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान सपा नेता व पूर्व सीबीआई अधिकारी अनिल यादव ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी व कैबिनेट मंत्री व राज्यसभा सांसद धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, दयाशंकर सिंह के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें भाजपा की प्राथमिक सदस्यता की पर्ची सौंपी और पार्टी का पारंपरिक पटका व माला पहनाकर संगठन में उनका आत्मीय स्वागत किया। उनके भाजपा में शामिल होने पर पार्टी नेतृत्व ने खुशी जताई। कहा कि उनके आने से बबेरू विधानसभा सहित पूरे जिले में संगठन को बहुत बड़ी मजबूती मिलेगी। एक पूर्व स्थापित प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनके अनुभवों और एक समाजसेवी के रूप में जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ का लाभ भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत करने में मिलेगा।

दो शातिर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी कायमगंज अजय वर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन चोर विरोधी विशेष अभियान के तहत कायमगंज कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग रहे दो शातिर चोरों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर स्थित शकुंतला देवी स्कूल के पास से सुधीर कुमार की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। घटना के तुरंत बाद सुधीर कुमार ने अपने भाई लटूरी के साथ मिलकर बाइक की



पुलिस हिरासत में आरोपी

तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जब वे मंडी समिति के सामने पहुंचे, तो उन्हें देशी शराब के ठेके के पास अपनी चोरी गई बाइक खड़ी दिखाई दी। जैसे ही दो संदिग्ध युवक उस बाइक को लेकर भागने का प्रयास करने लगे, सतर्क सुधीर और उनके भाई ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर ही दबोच लिया और तुरंत पुलिस को सूचना देकर उनके हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान फईम निवासी, ग्राम पितौरा व शादाब निवासी ग्राम पितौरा बताया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा के मार्गदर्शन में अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पीड़ित सुधीर कुमार की तहरीर पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

ट्रैक्टर को बचाने में पुलिस बूथ में घुसी स्लीपर बस

- 15 यात्री घायल, इमरजेंसी खिड़की से कूदकर बची जान

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

दिल्ली फर्रुखाबाद आ रही एक अनियंत्रित स्लीपर बस टेड़ीकोन चौराहे के पास पुलिस बूथ में जा घुसी। हादसा अताईपुर की ओर से अचानक आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर को बचाने के प्रयास में हुआ। दुर्घटना के वक्त बस में 60-70 यात्री सवार थे, जिनमें से 15 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। भीषण टक्कर के कारण बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे मुख्य दरवाजा बंद हो गया। हादसे के समय कई यात्री गहरी नींद में थे, जो अचानक लगे झटके से सीट



क्षतिग्रस्त पुलिस बूथ व बस

से नीचे गिर पड़े और चोटिल हो गए। बस का दरवाजा बंद होने पर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इसके बाद यात्रियों ने बस के पिछले हिस्से में बनी इमरजेंसी विंडो आपात्कालीन खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बदहवास यात्रियों को खिड़की से बाहर निकालने में मदद की। गनीमत रही कि घटना के समय पुलिस बूथ के भीतर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक अपना वाहन बैक कर वापस अताईपुर गांव की ओर भगा ले गया। वहीं बस का चालक और परिचालक भी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नाला के पास मिला अज्ञात युवक का शव

पैलानी। अज्ञात युवक का शव नाला के पास पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सिर पर गोली लगने का निशान मिला था। शव के नजदीक पुलिस ने तमंचा के साथ खोखा और कारतूस बरामद किया। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि युवक की पहचान नहीं हो सकी। भुरवा नाला की ओर गए ग्रामीणों ने मंगलवार को युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राधाकृष्ण तिवारी व सीओ सदर प्रतीक्षा सिंह और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी के मुताबिक युवक ने देशी तमंचे से अपने सिर में गोली मारी है। घटनास्थल से तमंचा, खोखा और एक कारतूस बरामद हुआ। थानाध्यक्ष के मुताबिक युवक बाहरी बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

महिला की मौत व बाइक लूट मामले में मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मोहम्मदाबाद क्षेत्र में महिला की मौत और उसके पति की बाइक लूटने की घटना को लेकर दो अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं।

पीड़ित पक्ष के अनुसार घटना का समय 9 नवंबर की शाम करीब 5 बजे, ग्राम जाजपुर बंजारा मोहम्मदाबाद क्षेत्र है। पीड़ित शशिकांत जब अपनी बाइक से खेत की ओर जा रहे थे, तो रास्ते में शैलेत सिंह के बेटे दीपक सिंह ने उन्हें रोककर खेत की जुताई के पैसे मांगे। शशिकांत के अनुसार वे पैसे पहले ही दे चुके थे। विवाद बढ़ने पर हमलावरों ने घर पहुंचकर लाठी-डंडों से हमला किया। इस हमले में शशिकांत की पत्नी लाला देवी और अन्य पारिवारिक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर



जांच पड़ताल करती पुलिस

रूप से घायल दिव्यांग देवी लाला देवी को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, होश में आने पर शशिकांत ने बताया कि हमलावर उनकी अपाचे बाइक भी लूटकर ले गए। निदेशक बलराम मिश्रा ने बताया कि शशिकांत ने शैलेन्द्र सिंह से 2 लाख रुपये का कर्ज लिया था। तगादे के विवाद के दौरान उनके बेटे दीपक द्वारा रुपयों के साथ मोटरसाइकिल ले जाने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि महिला की मौत मारपीट के कारण नहीं बल्कि सीने में दर्द होने के कारण हुई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में अभी विस्तृत रिपोर्ट का अध्ययन किया जाना बाकी है।

बहनों ने भाईयों का तिलक कर की लम्बी उम्र की कामना

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बुधवार को भाई दूज का पर्व शुभ संयोग में मनाया जा रहा है। भाई-बहन के प्रेम और अटूट रिश्ते को समर्पित यह त्योहार बेहद खास माना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक कर उसे गोला देती हैं। साथ ही भाई की आरती करते हुए उसकी सुख-समृद्धि, अच्छी सेहत और लंबी आयु की कामना करती हैं। कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे यमराज से मुक्ति का पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुनाजी के घर पधारे थे और उन्होंने अपनी बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यह वरदान दिया कि इस दिन जो बहन अपने भाई को प्रेमपूर्वक भोजन करवाकर तिलक लगाएगी, उसके भाई को यमराज का भय नहीं रहेगा। इस प्रकार यम द्वितीया भाई-बहन के प्रेम, सुरक्षा और सौहार्द का प्रतीक है। इस परम्परा को आज भी निभाया जा रहा है। बहने इस पर्व को लेकर साल भर इंतजार करती है। वहीं भाईयों में भी भाईदूज मनाने का उत्साह रहता है। साल में एक बार या दो बार पूरे परिवार के साथ भाई-बहन एक साथ एकत्र हो पाते है। इसलिए इस पर्व का और भी महत्व बढ़ गया है। सनातन धर्म में मान्यता है कि भाईदूज व रक्षाबंधन यह दोनों पर्व भाई-बहन के प्रेमों से जुड़े हुए है। इसलिए इस त्योहार पर बहने अपने घरों में भाई के लिए अच्छे पकवान बनवाती है और स्वादिष्ट मिठाईयों के साथ अपने बड़े व छोटे भाईयों का तिलक कर मिठाई खिलाती है। इस पर्व पर भाई अपनी बहन को यह भरोसा दिलाते है कि हम हर सुख-दुख में तुम्हारे साथ है। बहनें भी इस त्योहार पर उत्साहित रहती है और अपने भाई की लम्बी उम्र की कामना करती है। भाई भी खुश होकर अपनी बहन को उपहार देते है। कुछ भाई-बहन इस पर्व पर लड़-झगड़ कर भी एक होते है।

नव्या भारद्वाज ने अपने भाई मयंक को तिलक लगाया और मिठाई खिलायी। मयंक ने अपनी बहन को मिठाई व उपहार में कपड़े व दक्षना देकर बहन के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं भोलेपुर सैनिक कालोनी में बहन वंशिका व दृष्टि ने अपने भाई ऋषि अगस्त्य को मिठाई खिलायी और तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना की। साथ ही आवास विकास में बेबी अनायशा गुप्ता ने अपने दोनों भाईयों मास्टर विराज गुप्ता और लिटिल मास्टर दर्श गुप्ता के तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और भाईदूज पर भाईयों को शुभकामनायें दी।

धूमधाम से मनाया गया भाईदूज पर्व



भाई मयंक को दूज खिलाती बहन नव्या



भाईयों को बहने तिलक लगाकर खिलाती दूज

धूमधाम से मना भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य उत्सव



भगवान चित्रगुप्त का पूजन करते समाज के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पक्का पुल में स्थित चित्रगुप्त भवन कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य उत्सव परम्परागत बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान चित्रगुप्त महाराज का पूजन-अर्चन, वंदन एवं यज्ञ के द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर परिवार, समाज के सुख-शांति, समृद्धि की मंगल कामना की गई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार सक्सेना, विनोद कुमार सक्सेना, दीपक सक्सेना, डॉ0 पीएन सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, डॉ0 राजेश हजेला, नीरज सक्सेना, घनश्याम सक्सेना, आलोक रायजादा, राजीव सक्सेना, उज्जवल सक्सेना, आलोक, परिवार समाज और राष्ट्र की खुशहाली के लिये मंगल कामना की। महावीर प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि आदि काल में ब्रह्मा की सृष्टि में भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य हुआ था। उसकी याद में समाज के द्वारा भगवान चित्रगुप्त महाराज की आराधना में परम्परागत सनातन काल से चली आ रही में दीपावली में कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया पर पूजन-अर्चन-वंदन करते हैं। महा आरती और प्रसाद का वितरण किया गया और सभी ने एक दूसरे को शुभकामना के साथ शुभकामनाएं दीं।

भाईदूज पर रोडवेज बसों का यातायात रहा सामान्य

बसों में बैठने के लिए सवारियों को करनी पड़ी धक्का-मुक्की

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद

भाईदूज पर रोडवेज बसों का खास इंतजाम किया गया है। कुछ बसों में धक्का-मुक्की दिखायी दी। वहीं कई रोड पर बसों के फेरे बढ़ाये गये। रोडवेज परिवहन निगम फर्रुखाबाद में 116 बसें संचालित है। एआरएम राजेश कुमार ने बताया कि हरदोई रोड पर सवारियां ज्यादा है, इसलिए बसों के फेरे बढ़ाये गये है। जबकि दिल्ली मार्ग पर 25 बसें अतिरिक्त लगायी गई है, जो एटा तक जायेंगी। आगरा-फर्रुखाबाद मार्ग पर भी 25 बसों को अतिरिक्त लगाया गया। हरदोई मार्ग पर बसें है, जिनको चार फेरों में परिवर्तित करते हुए 40 फेरे बनाये गये है। कानपुर रोड पर बसें तैनात है। लखनऊ के लिए बसें है। शाहजहांपुर, बरेली के लिए बसें और बदायूं मार्ग पर बसें पर्याप्त रही। इटावा के बसें और मैनपुरी के बसें लगायी गई है। सुबह सबसे ज्यादा हरदोई मार्ग पर सवारियां ज्यादा निकली। वहीं देर शाम दिल्ली के लिए सवारियां दिखायी पड़ी। इसके अलावा सवारियों के अनुसार बसें अन्य जनपदों के लिए लगायी गई है व फेरे बढ़ाये गये है। इस बार पिछली वर्ष जैसा माहौल नहीं दिखा है।

कुछ देर इंतजार करने के बाद बस आसानी से मिल जाती है। रोडवेज परिसर में इस बार छतों के ऊपर सवारियां बैठने नहीं दी गई है। मामूली धक्का-मुक्की के साथ रोडवेज में भाईदूज पर बसें आसानी से मिली। 60 वर्ष के ऊपर वाली महिलाओं को ही निःशुल्क सेवा मिली।



बस के इंतजार में खड़ी सवारियां

उत्सव पर हुई विशेष पूजा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

नगर के पांचाल घाट संकदेश्वर महाकाल मंदिर में कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को यमराज धर्मराज के प्रमुख लेखक चित्रगुप्त महाराज के जन्म उत्सव पर मुख्य महंत साध्वी अर्चना दीक्षित ने दीप जला कर फूलों से श्रृंगार कर आरती पूजन किया।

इस दौरन भगवान चित्रगुप्त का पूजन चित्रगुप्त उनकी दो पत्नी, वीएन 12 पुत्रों की प्रतिमाओं को पूजन कर फल फूल मिष्ठान हलवा आदि आदि व्यंजनों के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरन विजय, सोनू, आलोक सक्सेना, अनु उपाध्याय, रश्मी सक्सेना, अभिषेक, गोपाल, रुद्रांश, शिवांश, चंदन कटियार, लालाराम श्रीवास्तव, रामबाबू चौरसिया, आदि भक्तों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं महाकाल मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बिच भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात कॉपी, पुस्तक की पूजा की। इस दौरन रेनू सक्सेना, हर सक्सेना सहित चित्रांश बंधुगन मौजूद रहे।



पूजन करते लोग

नवाबगंज के मुख्य चौराहे पर लगा भीषण जाम

एक घंटे तक परेशान रहे वाहन चालक

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

नगर के मुख्य चौराहे पर बुधवार को भैया दूज के त्योहार के अवसर पर वाहनों का दबाव बढ़ने से भीषण जाम लग गया। करीब एक घंटे तक चौराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे चार पहिया व दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

त्योहार के चलते बाजार में लोगों की भारी भीड़ और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही अचानक बढ़ गई। मुख्य चौराहे पर वाहनों के आड़े-तिरछे फंसने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जाम की स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने तुरंत इसकी सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी। सूचना पाते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार और कस्बा प्रभारी गीतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए यातायात को सुचारू कराया और वाहनों को एक-एक कर निकलवाकर करीब एक घंटे बाद जाम खुलवाया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मुख्य चौराहे के आसपास फुटपाथों पर अवैध अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। सामान्य दिनों में भी यहां आवागमन में बाधा आती है, लेकिन त्योहारों के दौरान बाजार में भीड़ बढ़ते ही स्थिति गंभीर रूप ले लेती है। नगरवासियों ने प्रशासन से चौराहे को अतिक्रमण मुक्त कराने और त्योहारों के दौरान वहां स्थायी यातायात पुलिस कर्मी तैनात करने की मांग की है, ताकि भविष्य में लोगों को इस तरह की समस्या से न जूझना पड़े।



चौराहे पर लगा भीषण जाम

13 से 15 नवंबर तक नारायण वाटिका में गुंजेगा हरि नाम

श्री हरि नाम संकीर्तन महाकुंभ की तैयारियां पूरी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद

श्री राधा माधव मंदिर घमंडी कूंचा में श्री हरि नाम संकीर्तन महाकुंभ की आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 13, 14 एवं 15 नवंबर शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को पाञ्चाल तीर्थ, गंगा तट स्थित नारायण वाटिका में आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय महाकुंभ की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यह महाकुंभ अखिल भारतीय श्रीराधामाधव संकीर्तन मण्डल, वृन्दावन द्वारा प्रवर्तित है और स्थानीय स्तर पर श्री राधामाधव संकीर्तन मण्डल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पूरा कार्यक्रम डॉ0 मनमोहन गोस्वामी एवं चिन्मय गोस्वामी के निर्देशन में संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि देश भर की विभिन्न शाखाओं से श्रद्धालुओं और भजन गायकों का आगमन कल से शुरू हो जाएगा। महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महाकुंभ में केवल भजन संकीर्तन होगा। कार्यक्रम पूरी तरह से सार्वजनिक रहेगा। जनपद व आसपास के क्षेत्रों से आने वाले किसी भी श्रद्धालु के प्रवेश पर कोई रोक नहीं होगी।

भीड़ नियंत्रण और सुगम व्यवस्था बनाए रखने के लिए आई-कार्ड सिस्टम लागू किया गया है। कार्ड धारकों के लिए विशेष प्रसाद काउंटर की व्यवस्था रहेगी। घटिया घाट के किनारे भव्य दीपदान और नौका विहार का आयोजन होगा।

तीन विशेष सजी हुई नौकाओं में से एक में ठाकुर विराजमान रहेंगे और दूसरी में मुख्य साउंड सिस्टम रहेगा। घाट पर श्रद्धालुओं के बैठने और सुनने की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

आश्रम से बारात के रूप में यात्रा प्रारंभ होगी, जिसके बाद तीन घंटे के संगीतमय माहौल में माता तुलसी का विवाह संपन्न कराया जाएगा। बैठक में सुरेन्द्र कुमार सफ्फड़, अशोक वर्मा, अनिल मेहरोत्रा, सुनील मेहरोत्रा, सुनील वर्मा, श्याम टंडन, गोपाल टंडन, ज्योति शंकर मिश्रा, शिशिर टंडन, कौस्तुभ अग्रवाल, गौरव गुप्ता, गौरव मित्तल, सौरभ मित्तल, हिमांशु वर्मा, अंजुम दुबे, आलोक रस्तोगी और डॉ0 मनोज मेहरोत्रा उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

खेलते समय मासूम लापता, पुलिस ने किया बरामद

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

खेलते-खेलते घर से लापता हुई 3 साल की मासूम जैस्वी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस तत्परता और संवेदनशीलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खाकी हमेशा आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। गांव घसिया चिलौली कायमगंज निवासी राजू की 3 वर्षीय पुत्री जैस्वी घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक रास्ता भटक गई और परिवार की नजरों से दूर हो गई। बच्ची के अचानक गायब होने से परिजनों में कोहराम मच गया। माता-पिता ने आसपास के रिश्तेदारों और पूरे गांव में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर वे तुरंत मंडी चौकी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश और क्षेत्राधिकारी कायमगंज अजय वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम हरकत में आ गई। पुलिस ने बिना एक पल गंवाए घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। फुटेज से मिले सुराग के आधार पर पुलिस टीम बच्ची की तलाश करते हुए तिराहे तक पहुँची। वहाँ एक मासूम बच्ची अकेली रोती हुई मिली। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की मदद से बच्ची की पहचान सुनिश्चित की और उसके पिता राजू को मौके पर बुलाया। जैसे ही जैस्वी ने अपने पिता को देखा, उसका चेहरा खिल उठा और वह दौड़कर सीधे उनसे लिपट गई। सुरक्षित बेटी को पाकर परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। पुलिस की इस सराहनीय और संवेदनशील कार्यशैली की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।



पिता के साथ मासूम मौजूद पुलिस कर्मी

उप्र सेवानिवृत्त कल्याण परिषद का अधिवेशन संपन्न

शमशाबाद ब्लाक के रामस्नेही बने अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद

उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त कल्याण परिषद शमसाबाद का अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। इस दौरान विकास खंड शमसाबाद की नई कार्यसमिति के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की गई। जिसमें नामांकन पत्र खरीदने और जमा करने का समय तय था। निर्धारित समय सीमा के भीतर कुल 5 नामांकन पत्र खरीदे और जमा किए गए। अन्य कोई नामांकन दाखिल न होने के कारण अपराह्न 3 बजे सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी अध्यक्ष रामस्नेही मु0 चौखण्डा पो0 शमसाबाद, मंत्री सिराज अहमद मु0 सदवाड़ा शमसाबाद, कोषाध्यक्ष राजाराम पाल मु0 दलमीरखाँ शमसाबाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह, संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह वर्मा निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह, संयोजक समिति और पर्यवेक्षक विजय बहादुर संयोजक की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उपस्थित सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।



निर्वाचित पदाधिकारी

अखण्ड भारत सेवा दल के विपिन चौहान बने जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखण्ड भारत सेवा दल ने संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर नई नियुक्ति की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज पाल सिंह चौहान ने आवास विकास निवासी विपिन सिंह चौहान को जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष सूरज पाल सिंह चौहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार तथा संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप विपिन सिंह चौहान को यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनसे अपेक्षा जताई गई है कि वह संगठन की नीति, रीति और विचारधारा में पूर्ण आस्था रखते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन सिंह चौहान को जनपद में संगठन को सक्रिय एवं सशक्त बनाने के साथ ही अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा संगठन के विचारों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

एनएचएम संविदा कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति, स्थानांतरण नीति लागू

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान को लेकर चल रहे आंदोलन के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। संगठन और विभागीय अधिकारियों के बीच हुई वार्ता और जारी कार्यवृत्त के बाद कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगों पर शासन स्तर से ठोस प्रगति हुई है।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिला मंत्री नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर शासन ने एनएचएम संविदा कर्मियों के लिए आधिकारिक रूप से स्थानांतरण नीति लागू कर दी है। सभी संविदा कर्मचारियों को ईपीएफ का लाभ, ग्रेच्युटी तथा प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिवार के लिए 5 लाख तक के कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने के लिए राज्य बजट में वित्तीय प्रावधान किया गया है। इन सुविधाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत आदेश जल्द जारी होने की उम्मीद है। नियमित भर्तियों में संविदा कर्मियों को अनुभव और सेवा अवधि के आधार पर वरीयता अधिकतम 15 अंक तक तथा 5 वर्ष की आयु सीमा में छूट देने के प्रस्ताव पर समिति की रिपोर्ट के बाद कैबिनेट में विचार किए जाने की संभावना है। वेतन नीति के लिए गठित समिति से कर्मचारियों को न्यायसंगत निर्णय की उम्मीद है, जिसमें कार्यदायित्व और अनुभव के आधार पर वेतन निर्धारण की मांग प्रमुख है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वार्ता और कार्यवृत्त के अनुसार निर्धारित 30 कार्य दिवसों यानी नवंबर माह के अंत तक यदि शेष मांगों पर अंतिम कार्रवाई पूरी नहीं होती है, तो संगठन पुनः आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए बाध्य होगा। हालांकि, वर्तमान सकारात्मक रुख को देखते हुए समयबद्ध निर्णय की पूरी उम्मीद है। इसके साथ ही, संगठन ने महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 वर्ष की संविदा सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को अपनी दीर्घकालिक प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखा है।

जिला महामंत्री नरेंद्र मिश्रा ने जनपद के समस्त संविदा कर्मचारियों से एकजुटता, अनुशासन और आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की है, ताकि लोकतांत्रिक तरीके से कर्मचारियों को उनका पूरा हक और सम्मानजनक सेवा सुरक्षा दिलाई जा सके।

सामाजिक सुरक्षा और नियमितीकरण पर शीघ्र निर्णय की उम्मीद

इस्तेमाल की गई सुई चुभने पर न करें लापरवाही

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद

स्वास्थ्य संस्थानों में इंजेक्शन लगाने और इस्तेमाल की गई सुई के निस्तारण के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए संक्रमण का खतरा पैदा कर सकती है। एम्स गोरखपुर की एक रिपोर्ट में वर्ष 2022 से 2025 के बीच 128 स्वास्थ्यकर्मियों को इस्तेमाल की गई सुई या धारदार उपकरण से चोट लगने के मामले सामने आए। इनमें सबसे अधिक घटनाएं ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में दर्ज की गई, जबकि ऑपरेशन थिएटर भी ऐसे मामलों के लिहाज से संवेदनशील रहा। रिपोर्ट के अनुसार छह महीने के फॉलोअप में किसी भी संबंधित स्वास्थ्यकर्मी में एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी या हेपेटाइटिस-सी संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। विशेषज्ञों के अनुसार इस्तेमाल की गई सुई से चोट लगने पर एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी जैसे संक्रमण का खतरा हो सकता है। इससे बचाव के लिए इंजेक्शन लगाने से लेकर सुई के निस्तारण तक निर्धारित सावधानियों का पालन करना जरूरी है। प्रत्येक मरीज के लिए नई और स्टेराइल सुई व सिरिंज का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस्तेमाल के बाद सुई को दोबारा ढक्कन लगाने, मोड़ने या हाथ से अलग करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उसे तुरंत निर्धारित छेदरोधी शार्प्स कंटेनर में डालना चाहिए। इस्तेमाल की गई सुई और अन्य धारदार उपकरणों को सामान्य कूड़े में नहीं फेंकना चाहिए। बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के नियमों के अनुसार इस्तेमाल की गई सुई और अन्य धातु के धारदार उपकरणों को सफेद पारदर्शी, छेदरोधी कंटेनर में रखा जाता है। वहीं, संक्रमित प्लास्टिक कचरे और कांच की सामग्री के लिए निर्धारित अलग-अलग रंगों के कंटेनरों का इस्तेमाल किया जाता है। कचरे का निस्तारण अधिकृत व्यवस्था के माध्यम से ही किया जाना चाहिए। यदि किसी स्वास्थ्यकर्मी को इस्तेमाल की गई सुई चुभ जाए तो सबसे पहले प्रभावित स्थान को साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। घाव को दबाकर खून निकालने, रगड़ने या मुंह से चूसने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। आंख या मुंह में संक्रमित सामग्री पहुंचने पर पर्याप्त पानी से धोना चाहिए। ऐसी घटना की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारी को देकर बिना देरी चिकित्सकीय मूल्यांकन कराना जरूरी है। चिकित्सकीय जांच के बाद संक्रमण के जोखिम के अनुसार आवश्यक दवाएं दी जा सकती हैं। एचआईवी संक्रमण की आशंका होने पर डॉक्टर की सलाह से पोस्ट एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस पीईपी शुरू की जाती है। इसे जितनी जल्दी हो सके शुरू करना चाहिए, आदर्श रूप से दो घंटे के भीतर और अधिकतम 72 घंटे के अंदर। जरूरत पड़ने पर इसका निर्धारित कोर्स 28 दिनों का होता है। हेपेटाइटिस-बी से बचाव के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण है। यदि संबंधित व्यक्ति का टीकाकरण नहीं हुआ है या उसकी प्रतिरोधक क्षमता पर्याप्त नहीं है, तो संक्रमण के स्रोत और टीकाकरण की स्थिति के आधार पर चिकित्सक हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन तथा इम्युनोग्लोबुलिन देने का निर्णय ले सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस-सी के लिए फिलहाल कोई प्रभावी टीका या प्रमाणित बचाव की दवा उपलब्ध नहीं है, इसलिए जांच और निर्धारित फॉलोअप जरूरी है। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए जरूरी है कि वे इंजेक्शन लगाने, रक्त के नमूने लेने और अन्य प्रक्रियाओं के दौरान दस्ताने सहित आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं। सुई और धारदार उपकरणों के इस्तेमाल तथा निस्तारण में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करें। समय पर सूचना, चिकित्सकीय जांच और उचित बचाव उपचार से संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सकता है।

संक्रमण से बचाव के लिए तुरंत उठाएं जरूरी कदम

अभयपुर के आलू किसान की हत्या है, आत्महत्या नहीं: अशोक कटियार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद

आलू किसान आंदोलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी अशोक कटियार ने मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अभयपुर निवासी युवा किसान आदित्य कुमार की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा आदित्य ने आलू की फसल में कर्ज लगाकर मेहनत की थी। उसको उम्मीद थी कि आलू का सही दाम मिलेगा, कर्ज चुक जाएगा, लेकिन सरकार ने 22 लाख टन खरीद की घोषणा करके 1 किलो भी नहीं खरीदा। भाव नहीं मिला, कर्ज बढ़ गया और एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया। ये आत्महत्या नहीं, ये सरकारी नीति की वजह से हुई किसान की हत्या है। उन्होंने कहा कि आदित्य के पीछे वृद्ध मां मुन्नी देवी, पत्नी उर्मिला देवी, बेटी सुरभि और बेटा सूर्यांश बेसहारा रह गए हैं। पूरा गांव शोक में है, लेकिन सरकार अब भी मौन है। उन्होंने मांग की है कि परिवार को तत्काल 10 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जाए। आदित्य पर बकाया समस्त कृषि कर्ज तत्काल माफ किया जाए। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी सरकार ले। उन्होंने कहा कि उन्होंने आलू किसानों की बदहाली पर राष्ट्रपति को पत्र भेजा था। अभयपुर की घटना ने उस पत्र की हर लाइन को सच साबित कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी अगर सरकार ने अब भी खरीद शुरू नहीं की, कोल्ड भाड़ा नहीं भरा और निर्यात नहीं खोला, तो और कितने आदित्य कर्ज में डूबेंगे? 29 नवंबर को किसान सड़क पर उतरकर इसका जवाब देगा। संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि अपने-अपने गांव में किसी भी परेशान किसान को अकेला न छोड़ें, उसको संगठन से जोड़ें।

खबरें एक नजर में

जमीनी व पानी के विवाद को लेकर हुई मारपीट पांच घायल और दो का चालान

रानीगंज-प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में जमीनी व पानी के विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मामले में दोनों पक्षों का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। पहला मामला नारायणपुर कलां गांव का है, जहां पारिवारिक जमीन के विवाद को लेकर पक्षकार आपस में भिड़ गए। लाठी-डंडों से हुई इस मारपीट में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा में भर्ती कराया गया है। पुलिस एक पक्ष का मेडिकल कराकर कानूनी कार्रवाई कर रही है। दूसरा मामला कैलीडीह गांव का है, जहां पानी निकासी के विवाद में पड़ोसियों के बीच मारपीट हुई। इसमें शिवानी पुत्री लाल बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शांति भंग की आशंका में संबंधित लोगों का चालान कर दिया है। पुलिस दोनों मामलों की गहनता से जांच कर रही है।

बाबू पट्टी में एक दिवसीय रामकथा का आयोजन सांसद राधाकांत ओझा सम्मानित

रानीगंज-प्रतापगढ़। अमिताभ बच्चन के पैतृक गांव बाबू पट्टी में रामायण सत्संग समिति और डॉ. हरिवंश राय बच्चन स्मृति जन सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 70वीं रामकथा का भव्य एक दिवसीय आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित विद्वानों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राधाकांत ओझा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन समिति और ग्रामीणों ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। सांसद ओझा ने बाबू पट्टी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कथावाचक मानस मधुकर दिनेश त्रिपाठी, मानस मर्मज्ञ रामभद्राचार्य और भागवताचार्य पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस दौरान पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी, अवधेश पांडेय और बैंक अध्यक्ष अशोक मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मिश्रा ने किया तथा इसमें प्रधान विकास यादव, निवृत्ति यादव, बबलू तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

छत से नीचे गिरने से मिस्त्री की हुई दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

रानीगंज-प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के सिलौधी निवासी एक मिस्त्री की गीता नगर बाजार में मकान की छत से नीचे गिरने से संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त विवरण के अनुसार, 45 वर्षीय राजेश कुमार प्रजापति पुत्र दुखरन गीता नगर बाजार में एक निर्माणधीन मकान पर काम देखने गए थे। काम के दौरान छत पर चलते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे नीचे जमीन पर आ गिरे। गंभीर रूप से घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने उन्हें पहले निजी चिकित्सालय और बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश कुमार पेशे से मिस्त्री थे और उनके तीन छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने सूचना पाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस अचानक हुई दुर्घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोग घायल, तीन रेफर

कुंडा-प्रतापगढ़। क्षेत्र के अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से तीन लोगों को रेफर किया गया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के नरियावा गांव निवासी राम लखन यादव 60 वर्ष पुत्र मंगरु यादव तथा शिवा राम यादव 26 वर्ष पुत्र छोटे लाल यादव नशे की हालत में बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना में दोनों लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर बनोही निवासी सन्नी मिश्रा 23 वर्ष पुत्र शिवेश चद्र मिश्रा तथा सुभाष चंद्र धुरिया 30 वर्ष पुत्र मधई धुरिया दोनों लोग एक साथ बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर में सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के खेमीपुर गांव निवासी अनिल कुमार दुबे का 12 वर्षीय बेटा अनमोल दुबे वाहन की टक्कर में गिरकर घायल हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शिवम यादव, सन्नी मिश्रा तथा शुभम धुरिया को बेहतर इलाज के लिए गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है।

मेला में वसूली के आरोप में दो सिपाही लाइन हाजिर

कुंडा-प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना कस्बा क्षेत्र में दीपावली के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेला में दुकानदारों से कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सख्त कार्रवाई की है। वसूली के आरोपों के घेरे में आए दो सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच सीओ लालगंज राजीव द्विवेदी को सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों से 500 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक की कथित वसूली किए जाने के आरोप लगे थे। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से पत्र लिखे जाने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। साथ ही विभागीय जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस भाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों की मानें तो जिले के अन्य थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली पर भी नजर रखी जा रही है। हालांकि अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ संभावित कार्रवाई को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एसपी की कार्रवाई को पुलिस विभाग में अनुशासन बनाए रखने और पुलिसकर्मियों पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

राजपूत करणी सेना के समीर सिंह बने सचिव



कुंडा-प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के रोर गांव निवासी समीर सिंह को राजपूत करणी सेना का तहसील क्षेत्र का सचिव बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने राजपूत करणी सेना को कुन्डा मे मजबूत करने के लिए समीर सिंह को दायित्व सौंपा गया है। क्षेत्र के अजय सिंह, करन सिंह, सचिन सिंह, सागर सिंह, अतुल सिंह, सुशील सिंह ने समीर सिंह के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू के प्रति आभार जताया है।

बेती कोठी में होगी बागेश्वर धाम की श्रीराम कथा एमएलसी ने की तैयारियों की समीक्षा

कुंडा-प्रतापगढ़। ऐतिहासिक बेती कोठी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की प्रस्तावित श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए एमएलसी गोपाल भैया ने आलापुर में कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में कलश यात्रा के रूट, सुरक्षा, जलपान और भक्तों के आवागमन पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार भव्य कलश यात्रा 16 नवंबर को सुबह 10 बजे आलापुर से शुरू होकर विभिन्न गांवों से होते हुए बेती कोठी कथा स्थल पहुंचेगी। वहीं, विधायक विनोद सरोज ने बताया कि जनसत्ता दल परिवार की ओर से 17 से 20 नवंबर तक लाला बाजार बैंक के पास से प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा संचालित की जाएगी, जो कथा स्थल तक ले जाएगी और वापस लाएगी। बैठक में सोमराज शुक्ला, रमेश सिंह, केशव देव मिश्रा, मृत्युंजय सिंह, लालजी यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डाला छठ पर्व की तैयारियों में जुटी नपा, सीताकुंड घाट का किया निरीक्षण

15 व 16 नवंबर को होगा पर्व, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं के लिए बैरीकेडिंग, प्रकाश व सफाई व्यवस्था के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



डाला छठ पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर पालिका परिषद ने सीताकुंड घाट पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों के साथ घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पालिकाध्यक्ष ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाट पर आवश्यकतानुसार बैरीकेडिंग कराने, गड्ढों की पटाई और बालू भरी बोरियों से समतलीकरण कराने के निर्देश दिए। महिलाओं के स्नान के लिए वैकल्पिक सीढ़ी व रैंप, वस्त्र बदलने की व्यवस्था, जनरेटर से निर्बाध प्रकाश, मोबाइल शौचालय और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही घाट परिसर और पहुंच मार्ग की व्यापक साफ-सफाई व फॉगिंग समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि 15 और 16 नवंबर को आयोजित होने वाले डाला छठ पर्व पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। स्वर्णकार समाज सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। पर्व को सकुशल संपन्न कराने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजकुमार सोनी, संरक्षक भरत जी सोनी, मुन्ना सोनी, विनोद सोनी सहित पालिका के प्रभारी सफाई निरीक्षक प्रशांत रावत, मार्ग प्रकाश प्रभारी अजय कुमार तिवारी, दीपक कुमार रावत, साहिल समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

एसपी ने सीताकुंड घाट का किया निरीक्षण

- **सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और पुलिस बल की तैनाती को लेकर दिए निर्देश**



सुलतानपुर। आगामी छठ पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक वृजनारायण सिंह के साथ सीताकुंड घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और आवागमन की व्यवस्था देखी। उन्होंने घाट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्व के दौरान लगातार भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार करने को कहा। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पुवाल में छिपे सांप ने युवती को डसा अस्पताल से घर लौटने के बाद मौत



लम्भुआ, सुल्तानपुर। लम्भुआ नगर पंचायत के हनुमान नगर में बुधवार सुबह सांप के डसने से 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घर लौटने पर उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, हनुमान नगर निवासी राजकुमार सोनी की पुत्री काजल सोनी बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर में पुवाल के पास थी। इसी दौरान उसमें छिपे सांप ने उसे डस लिया। चीख-पुकार सुनकर छोटी बहन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन उसे तत्काल सीएचसी लम्भुआ ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। घर पहुंचने के कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। काजल दो बहनों में बड़ी थी। उसका भाई साहिल सोनी रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहता है, जबकि पिता भी परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर रहते हैं। युवती की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल है।

बेटी की शादी की खरीदारी करने निकले पिता की सड़क हादसे में मौत, खुशियां मातम में बदलीं

समृद्धि न्यूज, बल्दीराय, सुलतानपुर।



घर में बड़ी बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। पिता बेटी को धूमधाम से विदा करने के सपने संजोए शादी का सामान खरीदने निकले थे, लेकिन रास्ते में हुए सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, हलियापुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी अमर बहादुर मिश्र (45) पुत्र माता प्रसाद मिश्र बुधवार सुबह करीब पांच बजे अपनी बड़ी बेटी आंचल (18) की शादी का सामान खरीदने निजी ई-रिक्शा से कुमारगंज जा रहे थे। 21 नवंबर को बेटी की शादी होनी थी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निकट एनएच-330ए पर बाबा ढाबा के पास अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उनके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया और वह उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैय्या अस्पताल, पिठला कुमारगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटा विनय (20) और चार बेटियां आंचल, अंजली, अंशिका व साक्षी को छोड़ गए हैं। परिवार में शादी की तैयारियों के बीच हुई इस घटना से मातम पसरा है। जिस घर में कुछ दिन बाद शहनाइयां गूंजनी थीं, वहां अब चीख-पुकार मची है। थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

निजी खर्च से बनेगा अधिवक्ताओं के लिए वातानुकूलित हॉल व चेंबर

- **डॉ. आशीष तिवारी ने की घोषणा 23 नवंबर को होगा भूमि पूजन तालियों से गूंजा सभागार**

समृद्धि न्यूज, लम्भुआ, सुलतानपुर।



बार एसोसिएशन लम्भुआ के अधिवक्ताओं को अब छप्पर और टीनशेड के नीचे बैठने की मजबूरी से निजात मिलेगी। सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा निषाद पार्टी के नेता डॉ. आशीष तिवारी ने अपने निजी खर्च से अधिवक्ताओं के लिए वातानुकूलित हॉल और आधुनिक चेंबर बनवाने की घोषणा की है। निर्माण कार्य के लिए 23 नवंबर 2026 को भूमि पूजन होगा। मंगलवार को अधिवक्ताओं के आमंत्रण पर तहसील पहुंचे डॉ. आशीष तिवारी ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता जमीन उपलब्ध कराएं, वह अपने खर्च से उनके लिए चेंबर बनवाएंगे। प्रस्तावित हॉल में बैठने, बैठक और विश्राम की समुचित व्यवस्था होगी। उन्होंने अधिवक्ताओं से गरीब और असहाय फरियादियों की मदद करने की अपील की। ऐसे जरूरतमंदों के मुकदमों की पैरवी से जुड़े कागजात, फाइल और अन्य आवश्यक खर्च उठाने का भी भरोसा दिया। डॉ. तिवारी की घोषणा का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान सभागार तालियों और जयकारों से गूंज उठा। अब अधिवक्ताओं को 23 नवंबर को होने वाले भूमि पूजन का इंतजार है।

कार्तिक पूर्णिमा मेला की अभी तक नहीं हुई प्रशासनिक तैयारी बैठक

कुंडा-प्रतापगढ़। सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का पांच दिवसीय धार्मिक मेला 22 नवंबर से प्रारंभ होगा। मेला प्रारंभ होने के एक पखवाड़ा पूर्व पहले तहसील स्तरीय उसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित होती थी। प्रशासनिक तैयारी बैठक के बाद मेले से संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी तैयारियों में जुट जाते थे। इस वर्ष एसडीएम अजय कुमार यादव की उदासीनता के कारण बैठक ही नहीं आयोजित की गई। जबकि मेला प्रारंभ होने में मात्र 10 दिन बाकी है। ऐसी स्थिति में अगर बैठक आयोजित की गई तो उसमें भी कम से कम चार दिन का समय लगेगा। फिर मात्र 6 दिन का समय अवशेष बचेगा। ऐसे में कैसे तैयारियां पूर्ण होगी। मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने जानकारी पर बताया कि एसडीएम/मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष को एक सप्ताह पूर्व बैठक के लिए अनुरोध पत्र दिया जा चुका है। एसडीएम ने बैठक की तिथि अभी तक निश्चित नहीं किया है। अब तहसील स्तरीय अधिकारियों की बैठक बुलाने का कोई औचित्य नहीं है। जिलाधिकारी जो मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं, उन्हें जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक तत्काल बैठक आहूत कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर मेला के पूर्व सभी कार्य को संपन्न कराने के लिए आदेश निर्देश देना चहिए। कार्तिक पूर्णिमा मेला जनपद का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। जहां लाखों की संख्या में गंगा स्नानार्थी व दर्शनार्थी मानिकपुर पहुंचते हैं।

सड़क पार कर रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

- **रायनगर कोहड़ा गांव के पास की है घटना**

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

प्रतापगढ़-अयोध्या हाईवे पर भुपियामऊ चौकी अंतर्गत राय नगर कोहड़ा गांव के पास सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार सेंट्रो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल्लू पुत्र हवलू विश्वकर्मा निवासी राय नगर कोहणा किसी कार्य से हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान भुपियामऊ से प्रतापगढ़ की तरफ जा रही कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर कार के नीचे जा फंसा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही भुपियामऊ चौकी इंचार्ज अतुल कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजवाया।

पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद से इलाके में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है।

रानीगंज में नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल शुक्ला का हुआ स्वागत

समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।



रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के भागीपुर स्थित निज निवास पर भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अतुल शुक्ला का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन जिला महामंत्री सुनील मौर्य के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अतुल शुक्ला को अंगवस्त्र, माला पहनाकर तथा श्रीराधे-कृष्ण की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इसी कड़ी में नवनियुक्त जिला महामंत्री विद्यासागर शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला, राम मिलन मिश्रा, अंजू पांडेय, शोध प्रमुख राजेंद्र तिवारी, सोशल मीडिया संयोजक सतेंद्र शुक्ला, सहसंयोजक पंकज श्रीवास्तव और आईटी सहसंयोजक रवि गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों का भी भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश दूबे, बद्री गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, छेदी लाल पटेल, संतोष जायसवाल, लल्लन दुबे और सभासद सोनू पुष्पाकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सच्चा बाबा आश्रम में लघुकथा संग्रह 'नीलकमल खिल गया' का विमोचन

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।



जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में सई तट स्थित श्री सच्चा बाबा आश्रम में कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम के लघुकथा संग्रह नीलकमल खिल गया का भव्य विमोचन समारोह संपन्न हुआ। इस साहित्यिक संध्या में जिलेभर के रचनाकारों और कवियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्षता करते हुए प्रो. डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि लघुकथाएं समाज को जोड़ने और नैतिक संदेश देने का सशक्त माध्यम हैं। मुख्य अतिथि संत मनोज ब्रह्मचारी ने कहा कि इस पुस्तक से धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होगा। इस दौरान लेखक प्रेम कुमार त्रिपाठी को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए डॉ. राजेश्वर सहाय त्रिपाठी स्मृति सम्मान से नवाजा गया। आयोजक अखिल नारायण सिंह अकेला ने लेखक की उपलब्धि की सराहना की। कार्यक्रम में नियाज प्रतापगढ़ी, चांदनी दुबे, अमित शुक्ल, आनंद मोहन ओझा और बाल कवयित्री सानवी त्रिपाठी ने अपनी कविताओं व रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राजेश कुमार मिश्र, अरुण कुमार मिश्र सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दानपुर अंडरपास के पास टला बड़ा रेल हादसा डीएपी की बोरी कटी, ट्रेन सुरक्षित गुजरी

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

प्रतापगढ़-अयोध्या रेल मार्ग पर दानपुर के पास प्रस्तावित अंडरपास स्थल पर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। रेलवे ट्रैक पार कर रहा एक युवक डीएपी खाद से भरी बाइक सहित ट्रैक पर गिर गया, जिससे गुजर रही तुलसी एक्सप्रेस की चपेट में खाद की बोरी आ गई। सूत्रों के अनुसार, अज्ञात युवक डीएपी खाद लेकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी उसकी बाइक ट्रैक पर फंस गई। किसी तरह वह बाइक को तो हटाने में सफल रहा, लेकिन खाद की बोरी ट्रैक पर ही छूट गई। मुंबई से प्रतापगढ़ आ रही तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बोरी फट गई और खाद ट्रैक पर बिखर गई। गनीमत यह रही कि युवक और उसकी बाइक सुरक्षित बच गए और युवक मौके से फरार हो गया। ट्रेन चालक की सूचना पर रेलवे अधिकारियों ने जीआरपी की मदद से ट्रैक के दोनों तरफ बड़े गड्ढे खुदवा दिए हैं, ताकि आवागमन रोका जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना तीन हजार से अधिक छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। कैबिनेट मंत्री अमरपाल मौर्य द्वारा अंडरपास स्वीकृत कराए जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू न होने से लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जल्द अंडरपास बनवाने की मांग की है।

